GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# भू-माफिया कमलेश का साथी दीनानाथ भी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स पुलिस ने भू-माफिया व जालसाज कमलेश यादव के साथी दीनानाथ को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपी दीनानाथ कमलेश के लिए शुरू से ही काम करता था। वह उसके बराबर का हिस्सेदार था और जालसाजी की कमाई से ही वह ऑटो एजेंसी व गेस्ट हाउस का मालिक भी बन चुका है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी दीनानाथ कुसम्ही बाजार का रहने वाला है। दीनानाथ ने कमलेश और मनोज के साथ मिलकर एक शख्स को कूटरचित दस्तावेज पर जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में जालसाजी करने का केस दर्ज कर लिया था। आरोपी कमलेश और मनोज को पुलिस ने जेल भेजा था और आरोपी दीनानाथ फरार चल रहा था।

**जमीन के नाम पर रुपये हड़पने वाला गिरफ्तार :** चौरीचौरा पुलिस ने जालसाजी से जमीन बैनामा कराने व रुपये हड़पने के आरोपी विशंभर यादव निवासी विशुनपुर खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी विशंभर यादव लोगों के जमीन को चिह्नित करके उनके जमीनों को दिखावा करके ज्यादा कीमत लगाकर खरीदने का दावा करता था। फिर उन्हें फर्जी चेक देकर सारे रुपये हड़प लेता था। इस पर चार जालसाजी का केस दर्ज था।

## जालसाजी कर ऑटो एजेंसी और गेस्ट हाउस का मालिक बन गया है दीनानाथ



कमलेश का साथी दीनानाथ। संवाद



भू-माफिया कमलेश पर दो और रिपोर्ट दर्ज, पत्नी भी आरोपी

25 अगस्त को प्रकाशित खबर।

# एक ही जमीन का दो बार कर दिया बैनामा, गिरफ्तार

गोला। पुलिस ने उरुवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी संगम यादव को गिरफ्तार कर लिया। उस पर एक ही जमीन को जालसाजी कर दोबारा बैनामा करने का आरोप है। थानेदार धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि उरुवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी संगम यादव ने वर्ष 2022 में भवानीपुर स्थित अपनी सवा पांच डिस्मिल जमीन कुरावल गांव निवासी हरिवंश यादव को बेच दिया था। उसके बाद जालसाजी कर जमीन अपने नाम करा लिया और साल भर बाद उसी जमीन को अपने गांव के ही एक व्यक्ति को बेच दिया। इसके बाद हरिवंश यादव ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो



ऑपरेशन कनविक्शन में न्यायालय पैरोकार,कोर्ट मोहर्रिर व मानीटरिंग सेल की पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी में सम्बोधित करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर।

# नर्सिंग होम में महिला-नवजात की मौत में एक और आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंपियरगंज के चौमुखा स्थित बिना पंजीकरण कर चल रहे मां दुर्गा हॉस्पिटल में महिला व नवजात की मौत मामले में पुलिस ने शनिवार को कथित नर्स अनिता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। कथित डॉक्टर अब भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।

पकड़ी गई अनिता गिरी पत्नी अनिल गिरि रिगौली, कैंपियरगंज की निवासी है। जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी द्वारा वर्ष 2019 में मां दुर्गा हॉस्पिटल स्थापित किया गया था, जिसकी मान्यता 30 अप्रैल 2020 को समाप्त हो गई थी।



गिरफ्तार अनिता

## कथित डॉक्टर अब भी फरार चार आरोपियों को दबोच चुकी है पुलिस


महिला-नवजात की मौत में एक और आरोपी गिरफ्तार

25 अगस्त को प्रकाशित खबर।

IT DEVELOPMENT AGENCY (ITDA)
Information & Science Technology Department Government of Uttarakhand
IT Bhawan, Plot No. IT-07, IT Park, Sahastradhara Road, Dehradun

# चारधाम यात्रा के लिए एयर टिकट के नाम पर 1.15 लाख की ठगी

## एम्स थाने में दर्ज की गई एफआईआर, मामले की जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ठगों ने एक महिला से हवाई जहाज से चारधाम की यात्रा करवाने के नाम पर 1.15 लाख की ठगी कर ली। जालसाजों ने यात्रा के लिए फर्जी एयर टिकट भी दिया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अहमदाबाद निवासी मोहित, रोहन, सजीत के खिलाफ जालसाजी व रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, दरगहिया निवासी वंदना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उन्हें वैष्णो देवी, केदारनाथ, अमरनाथ यात्रा पर जाना था। इसके लिए वह गूगल के जरिए ऑनलाइन जानकारी जुटा रही थीं। यात्रा के लिए हवाई जहाज के टिकट के बारे में भी जानकारी ले रही थीं। इस दौरान वेबसाइट पर वह अपना फोन नंबर और मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध करा रही थीं।

कुछ देर बाद एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन किया और अपने को चार धाम यात्रा कराने वाली एक कंपनी का कर्मचारी बताया। बातों के दौरान पूरी यात्रा को यादगार बनाने की बात कहते हुए विश्वास में लेकर उसने पूरी जानकारी ले ली। कंपनी के बड़े अधिकारी बताते हुए कुछ अन्य लोगों से भी बात कराई। इसके बाद उसने एयर टिकट के लिए गूगल पे करने को कहा। वंदना ने ऑनलाइन एक लाख 15 हजार 600 रुपये गूगल व फोन पे से भेज दिया। साइबर ठगों ने फर्जी एयर टिकट भेज दिया। टिकट का प्रिंट लेने के बाद वंदना को ठगी के बारे में पता चला। दोबारा फोन करने पर ठग का फोन नंबर बंद मिला। पीड़िता की तहरीर पर अहमदाबाद निवासी मोहित, रोहन, सजीत के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मुंबई से मंगाया कपड़ा, निकले नारियल के छिलके :** गोरखपुर। नगर पंचायत मुंडेरा बाजार के साईं नगर निवासी आदित्य जायसवाल चौरीचौरा के रामनगर में आर्या इंटरप्राइजेज के नाम से कपड़े का थोक कारोबार करते हैं। आदित्य ने मुंबई से ऑनलाइन 97 हजार रुपये के जिंस, शर्ट व पैंट खरीदे। पार्सल जब यहां पहुंचा तो उसमें कपड़े की जगह नारियल के छिलके निकले। आदित्य की तहरीर पर पुलिस ने फर्म के मालिक वी विनोद कुमार व वी अन्नू पर केस दर्ज कर लिया है।

### महिला से ठगी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। महिलाओं को नशीला पदार्थ खिलाकर गहने चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को एम्स पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान महाराजगंज के दूटीबारी इलाके के रामनगर निवासी 52 वर्षीय बहादुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जुलाई में सोनबरसा इलाके के बेलवा खुर्द गांव की बुजुर्ग व एक अन्य महिला के गहने टप्पेबाजों ने उड़ा लिए थे। इसके बाद पुलिस केस दर्ज कर बदमाशों की पहचान में जुट गई थी। पुलिस ने गोरखपुर से लेकर रुद्रपुर व देवरिया तक करीब 50 सीसीटीवी खंगाला। तब जाकर आरोपी की पहचान हुई। शनिवार को पुलिस ने आरोपी बहादुर को गिरफ्तार कर लिया। वह महिलाओं को परिचित या रिश्तेदार बताकर मेलजोल बढ़ता था। ब्यूरो

### जमीन बेचने के नाम पर 18 लाख हड़पे

गोरखपुर। एम्स क्षेत्र के गायत्रीनगर निवासी राम मिलन तिवारी से एक महिला ने बेटे की जरूरत बताकर पैसे ले लिए और उसके बदले जमीन देने का इकरारनामा लिख दिया। आरोप है कि अब महिला ने जमीन और पैसे देने से इन्कार कर दिया। थाना एम्स पुलिस ने राम मिलन की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, राम मिलन तिवारी ने दी तहरीर में लिखा है कि महादेव झारखंडी, टुकड़ा नंबर 3, लालगंज, गायत्री नगर की रहने वाली सुमन पत्नी शैलेंद्र कुमार ने उनसे अपने बेटे नीतीश की जरूरत के लिए 15 लाख रुपये मांगे थे। सितंबर 2021 में सुमन ने लिखित इकरारनामा किया कि यदि एक वर्ष में पैसे नहीं लौटा पाती है तो 4738 वर्ग फीट का आधा हिस्सा उन्हें बैनामा कर देगी। इसके बाद राम मिलन ने दो बार में उसे 15 लाख रुपये दे दिए। एक वर्ष बीतने के बाद जब उन्होंने सुमन से पैसे अथवा जमीन देने की बात कही तो उसने पैसे देने से इन्कार कर दिया और जमीन के एवज में तीन लाख की और मांग की। राममिलन ने तीन लाख रुपये दे दिए। ब्यूरो

### सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से 50 हजार की ठगी



गिरफ्तार आरोपी। संवाद

गोरखपुर। नगर निगम में सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से 50 हजार की ठगी कर ली गई। महिला को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया। शनिवार को महिला पत्र लेकर नगर निगम ज्वाइन करने पहुंची तब उसे ठगी का पता चला। नगर निगम कर्मियों ने महिला से युवक को नगर निगम में बुलवाया। प्रवर्तन दल ने युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव की रेखा ने बताया कि उसका पति दिव्यांग है। रिश्ते में महिला के जीजा लगने वाले अजय ने नगर निगम में सफाई कर्मी बनाने की बात कहते हुए उससे 50 हजार रुपये ले लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। शनिवार को वह ज्वाइन करने नगर निगम पहुंच गई। नगर आयुक्त के स्टेनो बृजेश तिवारी ने नियुक्ति पत्र देखा तो हैरत में पड़ गए। पहले खुद जांच किया तो पूरा मामला फर्जी निकला। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र को दी। महिला ने युवक को फोन कर नगर निगम में बुलाया। अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल के जवानों ने युवक को हिरासत में ले लिया। युवक को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। संवाद

# भोपा बाजार चौराहे पर मनबढ़ों ने व्यापारी को पीटा, चार लोगों पर केस दर्ज

चौरीचौरा। नई बाजार रोड पर स्थित महदेवा जंगल निवासी व्यापारी को मनबढ़ युवकों ने ईंट-पत्थर से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा थाना क्षेत्र के महदेवा जंगल निवासी किराना व्यापारी विनीत गुप्ता को भाऊपुर गांव के रहने वाले नीरज, शिवा मौर्य व दो अज्ञात युवकों ने चौरीचौरा के भोपा बाजार चौराहे पर दौड़ाकर ईंट-पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मौके से दो युवकों को पकड़ लिया। जबकि दो भाग निकले। पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# चार सिपाहियों पर रास्ते की जमीन को घेरने का आरोप

हरपुर बुदहट। मुकामी थाने पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर छह मामले आए। समाधान एक का भी नहीं हो सका। इस दौरान रामपुर गरथौली गांव के रामकोमल मौर्या करीब आधा दर्जन लोगों के साथ समाधान दिवस पर पहुंचे। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को बताया कि गांव के चार लोग पुलिस विभाग में हैं और एक ही परिवार से हैं। उन्होंने गाटा संख्या 441 के मेड़ों को बिना पैमाइश कराए पत्थर गाड़कर कटीले तार से उन लोगों के घरों को घेर दिया गया है।

इस संबंध में समाधान दिवस के प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने कहा कि राजस्व विभाग के लेखपाल और कानूनगो को इस मामले से अवगत कराया गया है। सहजनवां प्रतिनिधि के अनुसार, तहसीलदार राकेश की अध्यक्षता में समाधान दिवस पर सात शिकायती पत्र आए। एजेंसी

# बांसगांव में गोली मारकर लूटने वाले बदमाश के साथ दो शरणदाता गिरफ्तार

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से हुआ घटना का पर्दाफाश, करन-भानु ने की थी लूट

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बांसगांव इलाके में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को 14 अगस्त को गोली मारकर 1.68 लाख की लूट करने वाले बदमाश और उसे शरण देने के आरोप में दो अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के 89,700 रुपये, तमंचा, यूनियन बैंक का चेक बुक आदि बरामद किया है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलघाट के छितौनी बुजुर्ग निवासी करन, सिकरीगंज के कोटिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत व आजमगढ़ के कोठरा निवासी केशर चंद्र उर्फ केशर के रूप में हुई है। वहीं, फरार आरोपी की पहचान बेलघाट के विधनापार निवासी भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू उर्फ बब्बन के रूप में हुई है। करन व भानु प्रताप ने ही लूट की थी, भानु थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

**14 अगस्त की शाम ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई थी 1.68 लाख की लूट**



15 अगस्त को प्रकाशित खबर।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 14 अगस्त की शाम गगहा निवासी अक्षय चौहान स्टेट बैंक से रकम निकाल कर जा रहे थे। रास्ते में बांसगांव के पोखर के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर उनसे एक लाख 68 हजार लूट लिया था।

**उरुवा के सीसीटीवी फुटेज से खुला मामला :** घटना के बाद पुलिस ग्राहक सेवा केंद्र से लेकर स्टेट बैंक व घटनास्थल तथा उसके आगे के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिसमें बाइक सवार दिखे। पुलिस ने जब उरुवा के एक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो उस बाइक का नंबर मिल गया। नंबर के आधार पर पुलिस बाइक के मालिक तक पहुंची तो पता चला कि उनकी बाइक चोरी हुई थी, जिसे बेलघाट पुलिस ने करन नामक अपराधी से बरामद किया था। बाइक को उसके स्वामी ने कोर्ट से रिलीज करा लिया था। चोरी का नंबर प्लेट लूट में यूज हुआ था तो पुलिस टीम करन के पीछे लगी थी। इसके बाद अन्य आरोपी पकड़ में आए और घटना का खुलासा हुआ।

**करन ने मारी थी गोली :** पुलिस के अनुसार लूट के दौरान करन व भानू मौजूद थे। गोली करन ने चलाई थी। साथ ही अंकित व केशव ने रेकी की थी और फरारी में छिपने आदि कामों में मदद की थी। पुलिस के अनुसार करन शातिर है।

# 50 हजार रुपये लेकर थमा दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

बेलीपार। नगर निगम में सफाईकर्मी नियुक्त करने के नाम पर महिला से ठगी का मामला प्रकाश में आया है। ठगी करने वाला आरोपी, महिला का रिश्ते में जीजा है। उसने महिला से फर्जी नियुक्ति पत्र एवं आईडी कार्ड थमा 50 हजार रुपये भी ले लिए। खुलासा तब हुआ जब शनिवार को महिला नगर निगम में ज्वाइन करने पहुंची। अधिकारियों ने आरोपी युवक को बुलाकर पुलिस को सौंप दिया है।

बेलीपार क्षेत्र के मलांव की निवासी रेखा का पति दिव्यांग है। आर्थिक दिक्कतों से जूझ रही रेखा को उसके रिश्ते के जीजा अजय ने नगर निगम में सफाईकर्मी नियुक्त कराने का आश्वासन दिया। बदले में 50 हजार रुपये लिए। उसे नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड देकर ज्वाइन करने की बात कही। शनिवार को रेखा ज्वाइन करने निगम पहुंची तो नियुक्ति पत्र और आईडी देख पहली नजर में फर्जी बताया गया। उधर महिला ने आरोपी युवक अजय को कॉल कर नगर निगम में बुलाया। पूछताछ के बाद अजय को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

# सामूहिक दुष्कर्म में दो के खिलाफ गैंगस्टर

कैम्पियरगंज, हिसं। कैम्पियरगंज पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन लेकर सामूहिक दुष्कर्म गैंग के सरगना पिन्टू व उसके साथी रामकरन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

कैम्पियरगंज थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि राजपुर,टोला विशुनपुरवा निवासी गैंग लीडर पिन्टू पुत्र मोहन व रामकरन पुत्र बिजली थाना कैम्पियरगंज का एक विधि विरुद्ध गैंग है। गैंग का लीडर पिन्टू है। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई रते हुए गैंग लीडर पिन्टू पुत्र मोहन व गिरोह के एक अन्य सदस्य के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## गैंगरेप के आरोप में दोनों हैं जेल में

कैम्पियरगंज इलाके के एक गांव की शौच करने गई महिला के साथ गैंगरेप के मामले में पीड़िता के बयान के बाद 14 जुलाई को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों पिन्टू व रामकरन को पुलिस ने जेल भेज दिया है। महिला के साथ गैंगरेप के आरोप में दोनों जेल में हैं। 11 जुलाई 2023 की रात 8 बजे खेत की ओर शौच करने गई महिला के साथ पिंटू और रामकरने ने दुष्कर्म किया था। बेसुध हालात में महिला को छोड़कर भाग गए थे।

# करंट लगने से युवक की मौत

गोरखपुर। एम्स इलाके के लालगंज निवासी 42 वर्षीय प्रमोद गुप्ता की करंट लगने से शनिवार की शाम करीब 6 बजे मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उनके घर मे लगे मीटर में बिजली नहीं आ रही थी जिसे वह ठीक कर रहे थे। इस दौरान 440 वोल्ट के करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए जंहा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह पीएम आवास बनवाकर परिवार संग रहते थे। वह दो भाइयों में बड़े थे।

# महिला व उसके लड़के को पीटने पर दो पर केस

सहजनवा। क्षेत्र के डोमहर माफी में एक महिला माया देवी ने सहजनवा थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को उसके जेठ के दो लड़कों ने उसे मारा-पीटा। बचाने आये उनके लड़के की भी पिटाई कर दी। महिला माया देवी की तहरीर पर सहजनवा पुलिस ने डोमहरमाफी निवासी दो सगे भाइयों मनीष गोंड़, विशाल गोंड़ पुत्रगण राधेश्याम पर मारपीट धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# भू माफिया कमलेश का साथी दीनानाथ गिरफ्तार

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने बहरामपुर निवासी भू माफिया कमलेश यादव के साथी दीनानाथ प्रजापति पुत्र मोहन प्रजापति निवासी कुसम्ही बाजार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर कमलेश के साथ जमीन के नाम पर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज है। वर्तमान में कमलेश, उसकी साथी अन्नू, साथी मनोज जेल में हैं। कमलेश पर एम्स में जमीन जालसाजी के आठ तो चौरीचौरा व खोराबार में सात केस दर्ज है।

# महिला ने सिपाही पर लगाया छेड़खानी का आरोप, केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स थाने की सोनबरसा चौकी पर तैनात एक सिपाही पर महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देवरिया के थाना तरकुलवा क्षेत्र कि रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि परिवारिक विवाद के चलते वह अपने दो छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर सोनबरसा चौराहे पर किराये के मकान में रहती है। गुरुवार को बिजली आपूर्ति बंद होने पर वह कमरे के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी तभी सिपाही बगल की सिलाई की दुकान पर आया और उसे देखकर उसके पास चला गया। जबरदस्ती उसके कमरे में घुस गया और बोलने लगा तुम घर में अनैतिक काम करती हो। आरोप है कि हाथ पकड़कर उसे अपनी तरफ खींचने लगा और छेड़खानी करने लगा। इस सम्बंध में स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आरोप गलत है।

# प्रसूता व नवजात की मौत में एक और कर्मचारी गिरफ्तार

कैम्पियरगंज। कैम्पियरगंज कस्बे के मां दुर्गा हास्पिटल में नवजात व प्रसूता की मौत के मामले में वांछित मां दुर्गा हॉस्पिटल की कर्मचारी कैम्पियरगंज निवासिनी अनीता गिरि को हाइडिल के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हॉस्पिटल संचालक, प्रबंधक और एक महिला कर्मी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 22 अगस्त को प्रसूता सरिता कामो. असलम द्वारा आपरेशन किया गया। इस दौरान मृत नवजात पैदा हुआ तथा कुछ समय के बाद प्रसूता की भी मृत्यु हो गयी थी।

# शोहदों ने सगी बहनों से की छेड़खानी

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले की रहने वाली दो युवतियां शुक्रवार की शाम साइकिल से बिछिया चौराहा होते हुए कौवाबाग पुलिस चौकी के पास जा रही थी। इसी दौरान बाइक से आए शोहदों ने दो युवतियों को रोक कर छेड़खानी शुरू कर दी। पुलिस को युवतियों ने आरोपियों की बाइक नंबर बताया। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर छेड़खानी की केस दर्ज कर देर रात दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

# सफाईकर्मी के विवाद में घायल सभासद रेफर

पीपीगंज। नगर पंचायत पीपीगंज में बोर्ड की बैठक संपन्न होने के बाद शुक्रवार को वार्ड सख्या दो सभासद रामानंद मद्धेशिया दाढ़ी को सफाई कर्मचारी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया था। वहीं, घायल सभासद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को घायल सभासद को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। वैसे पीपीगंज पुलिस को घायल सभासद रामानंद मद्धेशिया की तरफ से अध्यक्ष समेत सात नामजद और 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर पीपीगंज पुलिस को दी गई है।

# गोली मारकर लूट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## खुलासा

बांसगांव/गोरखपुर, हिटी। बांसगांव के घी पोखर के पास ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर 1.68 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है।

एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर व एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह तथा सीओ बांसगांव प्रसाली सिंह ने बताया कि 14 अगस्त की शाम गगहा निवासी अक्षय चौहान स्टेट बैंक से रकम निकाल कर जा रहे थे। रास्ते में बांसगांव के घी पोखर के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर उनसे 1 लाख 68 हजार रुपये लूट लिये थे।

घटना के बाद पुलिस ग्राहक सेवा केंद्र से लेकर स्टेट बैंक व घटनास्थल तथा उसके आगे के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी। जिसमें दो बाइक सवार दिखे। दोनों की तस्दीक की गई तो एक बाइक सवार निर्दोष मिला। जबकि दूसरे बाइक को ट्रेस किया जाने लगा कि वह गलियों से होते हुए किधर जा रहा है। पुलिस ने जब उरुवा के एक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो उस बाइक का नम्बर मिल गया। नम्बर के आधार पर पुलिस बाइक के मालिक तक पहुंची तो पता चला कि उनकी बाइक चोरी हुई थी जिसे बेलघाट पुलिस ने करन नामक अपराधी से बरामद किया था। बाइक को उसके स्वामी ने कोर्ट से रिलीज करा लिया था। चूंकि चोरी की नंबर प्लेट लूट में प्रयोग हुई थी तो पुलिस टीम करन के पीछे लगी, जिसके बाद अन्य आरोपी पकड़ में आये और खुलासा हुआ।

पकड़े गए तीनों बदमाशो की पहचान बेलघाट के छितौनी बुजुर्ग निवासी करन, सिकरीगंज के कोटिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत व आजमगढ़ के कोठरा निवासी केशर चन्द्र उर्फ केशर के रूप में हुई है। वहीं एक अन्य आरोपी जो फरार है उसकी पहचान बेलघाट के विधनापार निवासी भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू के रूप में हुई है। भानु प्रताप हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के अनुसार लूट के दौरान करन व भानु मौजूद थे। गोली करन ने चलाई थी। साथ ही अंकित व केशव ने रेकी की थी। घटना के दिन सुबह ही इन लोगों ने सीएससी संचालक की बाइक की फोटो ली थी।

### गुलरिहा क्षेत्र के सरहरी में शनिवार की शाम हुआ हादसा

# निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में गिरने से बालक की मौत

**दर्दनाक 1**

सरहरी, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सरहरी में शनिवार की शाम घर के पास स्थित निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय की सेप्टिक टैंक में आठ वर्षीय बालक की गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सरहरी चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के ग्राम सभा सरहरी में कुछ दिनों से सामुदायिक शौचालय का निर्माण चल रहा है। भवन एवं टंकी बन कर तैयार हो गया है। शनिवार को भी मजदूर निर्माण कार्य करने के बाद शाम को घर चले गये सेप्टिक टैंक खुला था, जिसमे पानी भरा था। शनिवार की शाम बगल के ही रहने वाले विनोद गुप्ता का पुत्र आर्यन (8) छोटी बहन के साथ खेलते हुए टंकी के पास गया और उसमे गिर गया। भाई को गिरता देख बहन ने शोर मचाया तो परिवारीजन एवं आसपास के लोग दौड़ कर मासूम को टंकी से बाहर निकाल गोरखनाथ स्थित अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आर्यन दो बेटों में बड़ा था। मौत की खबर के बाद घरवालों का रोकर बुरा हाल है।

# वर्चस्व को लेकर भिड़े दो पक्ष, फायरिंग

## पीपीगंज के भीटी तिवारी में हुई घटना, स्कार्पियो की गई जब्त

जागरण संवाददाता, पीपीगंज : भीटी तिवारी गांव में शुक्रवार की रात वर्चस्व को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पीपीगंज पुलिस मौके पर मिली स्कार्पियो को थाने ले आई। हालांकि फायरिंग किए जाने को लेकर पीपीगंज के थानाध्यक्ष ने इन्कार किया है।

भीटी तिवारी गांव के मनोज तिवारी उर्फ टुन्नू व हर्ष तिवारी के बीच भूमि विवाद है। एक माह पहले दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए थे, जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार की रात तुर्कवलिया गांव का युवक अपनी स्कार्पियो लेकर गांव में पहुंचा। उसकी गाड़ी नाली में फंस गई। इसको लेकर कहासुनी होने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इसी दौरान एक हिस्ट्रीशीटर ने तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी। इसके बाद गांव में अफरातफरी मच गई। लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे। थानाध्यक्ष पीपीगंज आशीष कुमार सिंह ने बताया कि कब्जे में ली गई स्कार्पियो को सीज कर दिया गया है। फायरिंग का कोई प्रमाण नहीं मिला है।



पीपीगंज थाना परिसर में खड़ी विवाद के बाद पकड़ी गई स्कार्पियो •जागरण

# धोखाधड़ी के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

जासं, गोरखपुर : जमीन के कारोबार में जालसाजी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेजा गया।

गोला संवाददाता के अनुसार उरुवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के संगम यादव ने वर्ष 2022 में भवानीपुर स्थित अपनी सवा पांच डिसमिल जमीन कुरावल गांव के हरिवंश यादव को बेच दी। उसके बाद जालसाजी कर जमीन अपने नाम करा ली और एक साल बाद उसी जमीन को गांव के ही एक व्यक्ति को बेच दी। जानकारी होने पर हरिवंश यादव ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय ने बताया कि शनिवार दोपहर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

मुंडेरा बाजार संवाददाता के अनुसार चौरी चौरा पुलिस ने जमीन कारोबार में धोखाधड़ी से बैनामा कराने और रुपये हड़पने के आरोपित विश्वंभर यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि डुमरी खास के रामगोपाल यादव के विरुद्ध गांव के ही रामसजन ने जालसाजी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। रामसजन का आरोप था कि रुपये मांगने पर रामगोपाल और चार अन्य लोगों ने मिलकर कमरे में बंधक बना पिटाई की थी। जहर देकर गंभीर हालत में हाईवे के किनारे फेंक दिया था। रामगोपाल समेत एक अन्य नामजद और तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

# फर्जी ई-लिंक भेज फीस मांगने की अफवाह

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में फर्जी ई-लिंक और मैसेज के जरिये प्रवेश फीस मांगने की अफवाह शनिवार को पूरे दिन उड़ती रही। हालांकि इसकी विश्वविद्यालय के किसी भी आधिकारिक पटल से पुष्टि नहीं हो सकी। न ही पुलिस के पास कोई शिकायत आई।

प्राक्टोरियल बोर्ड ने पड़ताल शुरू की, पर शाम तक चर्चा पुष्टि न हो सकी और न ही कोई ऐसा किसी ई-मेल की कोई जानकारी भी प्राप्त हो सकी। विश्वविद्यालय चौकी इंचार्ज ने भी पूछने पर साफ किया कि इस तरह की कोई शिकायत उनतक नहीं पहुंची है।

# पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**जासं, भटहट** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल हरपुर की इबराना खातून का आरोप है कि पति सहाबुद्दीन, ससुर जमालुद्दीन व सास मर्जीदुन निशा बिना गलती के आए दिन मारते-पीटते है। मायके वालों से दहेज की मांग की जाती है। पति ने पीड़िता के नाम से प्राइवेट समूह बैंक से लगभग सात लाख रुपये कर्ज लेकर खर्च कर दिया है। कर्ज जमा करने के लिए 16 अगस्त की रात आठ बजे सभी ने मिलकर पिटाई की और घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक जेएन शुक्ल ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दो माह बाद दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर के सकिल अहमद के पास 20 जून की शाम छह बजे फोन आया। स्वयं को बैंक का कर्मचारी बताते हुए एक एप्लीकेशन डाउनलोड करा 71 हजार रुपये निकाल लिया गया। मुकदमा दर्जकर पुलिस जांच कर रही।

# दो घरों से नकदी समेत गहने चोरी, मुकदमा दर्ज

गगहा : जिवकर गांव के करनराय टोला में शुक्रवार की रात रामनरायन व ओमप्रकाश यादव के घर से चोरों ने नकदी व गहने पार कर दिए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में घायल सभासद मेडिकल कालेज हुए रेफर

जासं, पीपीगंज : नगर पंचायत के बोर्ड की बैठक के बाद मनबढ़ों की पिटाई से घायल सभासद की स्थिति में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस को दोनों पक्ष ने तहरीर दी है, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

शुक्रवार को नगर पंचायत के बोर्ड की बैठक थी। इसके बाद सभासद रामानंद मद्धेशिया नीचे उतर रहे थे। आरोप है कि नीचे उतरते समय एक सफाई कर्मचारी ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उनकी पिटाई की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

जिला अस्पताल में उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो शनिवार को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सभासद ने अध्यक्ष समेत सात नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। वहीं, सभासद और एक अन्य ने सभासद के विरुद्ध तहरीर दी है। थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**मद्धेशिया समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन** : सभासद रामानंद मद्धेशिया की पिटाई करने वाले मनबढ़ों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार की देर शाम मद्धेशिया समाज के लोग थानाध्यक्ष से मिले। पूर्व सभासद गणेश मद्धेशिया की अगुवाई में पहुंचे लोगों ने ज्ञापन देकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की।

# सर्राफ से 12 लाख रुपये ठगने वाले चार बदमाश हुए गिरफ्तार

- 23 अगस्त को खजनी के भिउरी बाईपास पर हुई थी घटना
- सोने का होने का झांसा देकर दे दिया था लोहे का सिक्का

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सस्ते दर पर सोने का सिक्का देने का झांसा देकर सर्राफ से 12 लाख रुपये ठगने वाले चार बदमाशों को खजनी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों से खजनी थाने में पूछताछ चल रही है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 11 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं।

शाहपुर के रामजानकी नगर में रहने वाले संतोष वर्मा मोहल्ले में ही ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। छह माह पहले उनकी मुलाकात एक युवक से हुई थी उसने सस्ते दर पर सोने का हिस्सा देने का भरोसा दिया था। 20 अगस्त को सर्राफ से फोन पर बात करने के बाद युवक ने 10 ग्राम सोने का सिक्का 49 हजार रुपये में दे दिया।सर्राफ ने चेक कराया तो सिक्का सही पाया। अगले दिन सोने का 25 सिक्का देने के बहाने संतोष को उनवल स्थित भिउरी बाईपास पर बुलाया।संतोष के पहुंचने पर अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा जालसाज 12 लाख रुपये लेने के बाद थैले में रखा पीली धातु का 30 सिक्का पकड़ाकर चला गया। संदेह होने पर सर्राफ ने चेक किया तो पता चला कि लोहे पर सोने की पालिस चढ़ा है। अज्ञात बदमाशों पर जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर खजनी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम जांच कर रही थी। सर्विलांस की मदद से शनिवार को बांसगांव क्षेत्र के रहने वाले सरगना समेत चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी से पूछताछ चल रही है।

# महिलाओं से ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

जासं, भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के तरकुलहां की रहने वाली मैना देवी के साथ ठगी करने वाले जालसाज को एम्स पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान महराजगंज ठूठीबारी स्थित रामनगर के बहादुर के रूप में की। पूछताछ में उसने बताया कि वह महिलाओं को झांसे में लेकर उनके जेवर लेकर फरार हो जाता था।

आरोपित बाइक सवार बहादुर आठ अगस्त को बकरी चराते समय मैना देवी के पास पहुंचा था। चाची बोलकर उन्हें नमस्ते किया और उनके लड़के दिलीप उर्फ गुड्डू का दोस्त बताया। इसके बाद मैना देवी से बोला की उनके लड़के ने कुछ भेजा है, साथ चलकर ले लीजिए। जालसाज ने महिला को महराजगंज के श्यामदेउरवा के मंगलवार चौराहे ले गया और उनके जेवर लेकर फरार हो गया। महिला के पति नंदलाल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच वह एम्स क्षेत्र में एक महिला को शिकार बनाने में लगा था कि पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

एम्स थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि आरोपित बिहार के गोपालगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती सहित कई अन्य जनपदों में जालसाजी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इसके पास से बाइक और बैग के अलावा 25.75 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में जालसाज ● जागरण

# रेकी कर लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोली मारकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से 1.68 लाख रुपये लूटने वाले तीन आरोपितों को बांसगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान बेलघाट के छितौनी बुजुर्ग के करन, सिकरीगंज कौटिया बुजुर्ग के अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत और आजमगढ़ के अहिरौली थाना के क्षेत्र कोठरा के केशरचंद्र उर्फ केशर के रूप में हुई। ये अपराधी रेकी करने के बाद चोरी की बाइक से आजमगढ़, अंबेडकरनगर समेत अन्य जिलों में घूमकर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनका एक साथी बेलघाट थाने का हिस्ट्रीशीटर विधनापार का रहने वाला भानुप्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि 14 अगस्त की शाम ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक गगहा निवासी अक्षय चौहान भारतीय स्टेट बैंक से पैसा निकालकर जा रहे थे। बांसगांव के घी पोखरे के पास बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ में गोली मारकर 1.68 लाख रुपये लूट लिए थे। बांसगांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर क्राइम ब्रांच की टीम के साथ आरोपितों की तलाश शुरू की। स्टेट बैंक व घटनास्थल तक लगे सीसी कैमरों की जांच की। इसमें बदमाश बाइक पर जाते मिले। नंबर के आधार पर संत कबीरनगर के रहने वाले बाइक मालिक से पूछताछ हुई तो पता चला कि उसकी बाइक चोरी हो गई थी।

बेलघाट पुलिस ने बरामद किया तो उसने कोर्ट से रिलीज कराया। इसके बाद पुलिस बाइक चुराने वाले आरोपित की तलाश में जुटी तो करन पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने घटना और अन्य आरोपितों के बारे में बताया। एसएसपी ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।



पुलिस की गिरफ्त में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को गोली मारकर रुपये लूटने वाले आरोपित व जानकारी देते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व अन्य अधिकारी • जागरण

## करन ने मारी थी गोली, भानू ने लूटे थे रुपये

एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों ने पहली बार गोरखपुर में लूट की थी। करन नहीं चाह रहा था कि यहां घटना की जाए, लेकिन भानू के कहने पर दोनों ने लूट को अंजाम दिया था। करन ने संचालक को गोली मारी थी और भानू ने पैसे लूटे थे। इनके दो अन्य साथी अंकित तिवारी व केशर चंद्र ने रेकी की थी। इसके अलावा इन आरोपितों ने आजमगढ़, अंबेडकरनगर, देवरिया व बस्ती में बाइक चोरी, लूट समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देते थे। करन पर आठ, भानू पर 15, अंकित और केशर पर क्रमश: छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### ये सामान किए गए बरामद

- 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस
- लूट के 89 हजार 700 रुपये
- छह मोबाइल फोन और 25 सिम कार्ड
- चोरी की दो बाइक
- ग्राहक सेवा केंद्र का एग्रीमेंट पेपर
- यूनियन बैंक का एक चेकबुक
- कागज से भरा एक थैला व काला बैग

# चार धाम यात्रा के नाम पर दिया फर्जी एयर टिकट

नंदानगर (एसएनबी)। एम्स थाना के नंदानगर दरगहिया निवासी एक महिला से 1 लाख 15 हजार 600 रुपये लेकर जालसाजों ने चारधाम का फर्जी एयर टिकट दे दिया। पीड़िता से मिले तहरीर के आधार पर पुलिस अहमदाबाद निवासी मोहित, रोहन व संजीत के खिलाफ जालसाजी व रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है।

**एम्स पुलिस ने महिला की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा**

पुलिस को दिए तहरीर में वन्दनी देवी ने बताया है कि उसने चारधाम ( वैष्णो देवी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, अम्मरनाथ) यात्रा के लिए ऑनलाइन 1 लाख 15 हजार 600 रुपये गूगल व फोन पे से भेजकर एयर टिकट बुक करवाया था जो फर्जी निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस आइपीसी की धारा 420, 406 का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शोहदों ने दो युवतियों से की छेड़खानी

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर इलाके के जेल बाई पास रोड पर कौवाबाग पुलिस चौकी के पास शुक्रवार की देर शाम दो युवतियों से छेड़खानी का मामला सामने आया है। शाहपुर पुलिस बाइक नंबर के आधार पर केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**केस दर्ज कर पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार**

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के एक मुहल्ले की रहने वाली दो युवतियां शुक्रवार की शाम साइकिल से बिछिया चौराहा होते हुए कौवाबाग पुलिस चौकी के पास जा रही थी। इसी दौरान बाइक से आए शोहदों ने दो युवतियों को रोक कर छेड़खानी करने लगे। आरोप है कि शोहदे ने एक युवती को जबरदस्ती हाथ पकड़कर खींच कर ले जाने लगे। विरोध करने पर शोहदों ने युवती को हेलमेट से मारकर बेहोश कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। डरी सहमी दोनों युवतियां किसी तरह घर पहुंची और अपने घर वालों को आप बीती बतायी। उसके बाद परिजन युवतियों को लेकर कौवाबाग पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस को युवतियों ने आरोपियों की बाइक नंबर बतायी। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर छेड़खानी का केस दर्ज कर देर रात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर शशि भूषण राय ने बताया कि केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जमीन बेचने के नाम पर 18 लाख रुपए हड़पा, मुकदमा

नंदानगर (एसएनबी)। एम्स थाना क्षेत्र के गायत्रीनगर निवासी राममिलन तिवारी से एक महिला ने बेटे की जरूरत बता कर पैसे ले लिए और बदले जमीन देने का इकरारनामा लिख दिया। अब महिला जमीन और पैसे देने से इंकार कर रही है। उल्टे गालीगलौज और मुकदमे में फंसाने की धमकी अलग दे रही है। थाना एम्स पुलिस ने राममिलन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**एक साल में जमीन या पैसे देने का किया था वादा**

पीड़ित राममिलन तिवारी ने अपनी तहरीर में बताया है कि महादेव झारखंडी, टुकड़ा नंबर 3, लालगंज, गायत्री नगर की रहने वाली सुमन पत्नी शैलेंद्र कुमार ने उनसे अपने बेटे नीतीश की जरूरत के लिए 15 लाख रुपये मांगे थे। सितंबर 2021 में सुमन ने लिखित इकरारनामा किया कि यदि एक वर्ष में पैसे नहीं लौटाती है तो 4738 वर्ग फीट भूमि का आधा हिस्सा जमीन उन्हें बैनामा कर देगी। जिसके बाद राममिलन ने अपने रिटायरमेंट में मिले पैसों में से दो बार में 15 लाख रुपये अदा कर दिया। एक वर्ष बीत जाने के बाद जब उन्होंने सुमन से पैसे अथवा जमीन देने की बात कही तो सुमन ने पैसे देने से इनकार कर दिया और जमीन के एवज में तीन लाख की और मांग की। जिसके बाद बैनामा करने की बात कही। राममिलन तिवारी ने उसे तीन लाख रुपये अदा कर दिए। दो तीन दिन बीतने के बाद राममिलन ने जमीन का बैनामा करने के लिए कहा तो सुमन गालियां देते हुए एससीएसटी एक्ट में फंसाने की बात कहने लगी। इसके बाद राममिलन अपनी तहरीर लेकर एम्स थाना पहुंचे। एम्स पुलिस ने सुमन पत्नी शैलेंद्र कुमार, नीतीश पुत्र शैलेंद्र कुमार,और शैलेंद्र कुमार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ब्लाइंड लूट में शामिल तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की पुलिस को बांसगांव में हुई ब्लाइंड लूट की घटना का राजफाश किये जाने में सफलता मिली है। पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर

- लूट से पहले बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र से लगायत बैंक तक की थी रेकी
- बांसगांव क्षेत्र में ग्राहक सेवा संचालक को गोली मारकर किया था 1.68 लाख की लूट
- सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से लुटेरों तक पहुंची पुलिस
- आजमगढ़ में तीन और अंबेडकरनगर में एक लूट की घटना को भी दिया था अंजाम
- फरार चल रहे लुटेरे बेलघाट के एचएस भानु प्रताप उर्फ बब्लू की तलाश जारी
- चोरी की बाइक पर दूसरे की बाइक का नंबर लगाकर दे रहे थे घटना को अंजाम

12 दिन पूर्व बांसगांव के घी पोखर में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अक्षय चौहान निवासी गगहा को गोली मारकर हुइ 1.68 लाख रुपए की लूट का राजफाश किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे गए रुपए में से 89700 रुपए, तमंचा व कारतूस, छह मोबाइल फोन, सीएसपी का एग्रीमेंट पेपर, यूनियन बैंक का एक अदद चेकबुक, एक अदद थैला, एक काला बैग व लूट में प्रयुक्त दो बाइक बरामद किए जाने का भी दावा किया है। पुलिस फरार चल रहे इनके एक साथी भानू प्रताप उर्फ बबलू की तलाश कर रही है जो बेलघाट थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने एसपी नार्थ अरुण कुमार सिंह एवं सीओ बांसगांव प्रशाली गंगवार की मौजूदगी में शनिवार को पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस स्थित सभागार में गुडवर्क की जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि 14 अगस्त को हेल्मेटधारी व नकाबपोश बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अक्षय चौहान को गोली मारकर उसके पास मौजूद 1.68 लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया था। लूट की घटना ब्लाइंड और पुलिस के लिए चुनौती थी क्यों सवा साल के अंदर इस तरह से गोली मारकर लूट की घटना गोरखपुर में नहीं हुई थी। घटना के वर्कआउट के लिए बांसगांव पुलिस के अलावा एसओजी और स्वाट को भी लगाया गया था।

**उरुवा में मिले सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को मिली लीड**

एसएसपी ने बताया कि लूट की घटना को रेकी कर अंजाम दिए जाने का अंदेशा प्रथम दृष्टया जांच में प्रकाश मे आया। लिहाजा कौड़ीराम बैंक से लगायत घटनास्थल फिर बासगांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र तक लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पुलिस टीमों ने खंगाली। कुछ लीड मिलने पर टीम सीसीटीवी कैमरों के सहारे उरूवा क्षेत्र तक पहुंची। यहां एक सीसीटीवी कैमरे में एक बदमाश की बाइक का नंबर ट्रेस हुआ। नंबर के सहारे पुलिस टीम संतकबीरनगर पहुंची। बाइक मालिक ने बताया कि उसकी बाइक चोरी हो गयी थी। बेलघाट पुलिस ने बाइक बरामद किया था उसने अपनी बाइक रिलीज करा लिया है। पुलिस ने इस बाइक को चुराने वाले का बायोडॉटा बेलघाट से निकाला।



बांसगांव में ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक से लूट के आरोप में तमंचा,नकदी व अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार अभियुक्त अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत,केशर चन्द्र उर्फ केशर व करन के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर साथ में एसपी दक्षिणी अरूण कुमार सिंह व सीओ बांसगांव व खजनी प्रशाली गंगवार।

बाइक चोरी करने वाले का नाम करन पुत्र महेंद्र निवासी छिनैती बुजुर्ग थाना बेलघाट, गोरखपुर सामने आया। पुलिस ने इस पर दबाव बनाया तो उसने पुलिस को उस डेट में दिल्ली जाने का रेलवे टिकट एसपी साउथ के वाट्सऐप पर भेज दिया। पुलिस ने टिकट की जांच कराई तो पता चला कि उस डेट का दिल्ली का टिकट निकाला गया था लेकिन उस पर यात्रा न कर उसे कैंसिल करा दिया गया था। यहीं से यह पक्का हो गया कि इस घटना मे करन संलिप्त है।

**कुछ पल में ही उगल दिया साथियों का नाम**

पुलिस ने करन को उठाकर पूछताछ करनी शुरू की तो वह तोते की तरह से लूट की कहानी कह गया। उसने पुलिस को बताया कि उसी ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को गोली मारी थी। इस घटना में उसके साथ बेलघाट थाने का एचएस बी-2 भानु प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सिंह उर्फ बबुन सिंह पुत्र मानसिंह निवासी विधनापार थाना बेलघाट जिला गोरखपुर भी शामिल था जो फरार है। लूट की घटना में दोनों बदमाशों की मदद करने वाले दो अन्य बदमाशों अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत पुत्र रमेश निवासी कोटिया विशुनपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर व केशर चंद्र उर्फ केशर पुत्र सर्वजीत निवासी कोठरा थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ को भी गिरफ्तार किया। उक्त चारों बदमाशों ने आजमगढ़ जिले मे लूट की तीन जबकि अंबेडकरनगर जिले में गोली मारकर लूट की एक घटना को कारित करना स्वीकार किया है।

**बदमाशों के विरूद्ध दर्ज हैं दर्जनभर मुकदमे**

अंकित के विरूद्ध लूट के पांच व हत्या के प्रयास का एक, केशर के विरूद्ध लूट व चोरी के छह व हत्या के प्रयास का एक, करन के विरूद्ध लूट के सात, हत्या के प्रयास का एक, जालसाजी व आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा, भानु प्रताप सिंह के विरूद्ध लूट के पांच, हत्या के दो, हत्या के प्रयास का एक, चोरी का चार, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत अन्य धाराओं में गोरखपुर, आजमगढ़ और अंबेडकरनगर, देवरिया, बस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्र में कायम है। पुलिस आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं 394, 411, 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। एसएसपी ने कहा कि बदमाशों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा इनके गैंग को भी लुटेरा गैंग के रूप में पंजीकृत किया जाएगा।

**गुडवर्क टीम को एसएसपी ने दिया 25 हजार का ईनाम**

गुडवर्क टीम में शामिल एसओजी प्रभारी मधुपनाथ मिश्रा, स्वॉट प्रभारी सूरज सिंह, बांसगांव थानेदार चंद्रभान सिंह, एसएसआई बांसगांव लक्ष्मी नरायन द्विवेदी, एसएसआई गोला अरुण कुमार सिंह, चौकी प्रभारी हरनहीं एसआई रामसिंह, चौकी प्रभारी कौड़ीराम एसआई अश्वनी कुमार चौबे, एसआई रंजीत तिवारी, एसआई अनिश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुशवाहा (बांसगांव) को एसएसपी ने 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है।

# पति समेत तीन के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

**भटहट (एसएनबी)**। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने उसके पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

जंगल हरपुर निवासी इबराना खातून पत्नी सहाबुद्दीन का आरोप है कि उसका पति शहाबुद्दीन , ससुर जमालुद्दीन व सास मजीदुन्निशा बिना किसी गलती के आए दिन गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारते पीटते हैं। पीड़िता के मायके वालों से दहेज की मांग की जाती है। आरोप है कि पति पीड़िता के साथ गलत तरीके से अश्लील हरकत करता है। विरोध करने पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करता है। इतना ही नहीं पति ने पीड़िता के नाम से प्राइवेट समूह (फाइनेंस कम्पनी) से लगभग सात लाख रुपये कर्ज लेकर खर्च कर दिए हैं। अब कर्ज जमा करने के लिए 16 अगस्त की शाम लगभग आठ बजे सभी लोग मिलकर मारने-पीटने लगे और घर से निकाल दिए । पीड़िता के तीन बच्चे हैं। जिसमें एक बच्ची पीड़िता के पास है, दो बच्चे पति के साथ हैं। पीड़िता को आशंका है कि उसका पति उसकी हत्या करा सकता है। पुलिस ने महिला के पति शहाबुद्दीन, ससुर जमालुद्दीन, सास मजीदुन्निशा के खिलाफ 498ए, 323, 504, 506, आईपीसी और 3/4 दहेज प्रतिशोध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

**इबराना खातून ने गुलरिहा थाने पर दी थी तहरीर**

# ऐप डाउनलोड के बहाने रुपए उड़ाने वाले के विरूद्ध केस

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी शकील अहमद के पास बीस जून की शाम लगभग छह बजे फोन आया। फोन करने वाले जालसाज ने स्वयं को बैंक का कर्मचारी बताते हुए पीड़ित से एक एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा। एप्लिकेशन डाउनलोड करते ही शकील के एचडीएफसी बैंक व पीएनबी बैंक के खाते से 71 हजार रुपए गायब हो गए। गुलरिहा पुलिस ने एक माह बाद इस घटना में मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगरेप के दो आरोपित गैंगस्टर में निरूद्ध

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंग बनाकर महिलाओं और युवतियों को डरा धमकाकर उनसे गैंगरेप की घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को कैम्पियरगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत निरूद्ध किया है। कैम्पियरगंज थानेदार ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर गैंग लीडर पिन्टू पुत्र मोहन व रामकरन पुत्र बिजली, निवासीगण ग्राम राजपुर, टोला बिशुनपुरवा, थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर के विरूद्ध धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया है।

# सर्राफ से 12 लाख रुपए ठगने वाले चार बदमाश अरेस्ट

**GORAKHPUR (26 Aug):** सस्ते दर पर सोने का सिक्का देने का झांसा देकर सर्राफ से 12 लाख रुपये ठगने वाले चार बदमाशों को खजनी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया. आरोपितों से खजनी थाने में पूछताछ चल रही है. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 11 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं. शाहपुर के रामजानकी नगर में रहने वाले संतोष वर्मा मोहल्ले में ही ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं. छह माह पहले उनकी मुलाकात एक युवक से हुई थी उसने सस्ते दर पर सोने का सिक्का देने का भरोसा दिया था. 20 अगस्त को सर्राफ से फोन पर बात करने के बाद युवक ने 10 ग्राम सोने का सिक्का 49 हजार रुपये में दे दिया. सर्राफ ने चेक कराया तो सिक्का सही पाया. अगले दिन सोने का 25 सिक्का देने के बहाने संतोष को उनवल स्थित भिउरी बाइपास पर बुलाया. संतोष के पहुंचने पर अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा जालसाज 12 लाख रुपये लेने के बाद थैले में रखा पीली धातु का 30 सिक्का पकड़ाकर चला गया. संदेह होने पर सर्राफ ने चेक किया तो पता चला कि लोहे पर सोने की पालिश चढ़ा है. अज्ञात बदमाशों पर जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर खजनी पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम जांच कर रही थी. सर्विलांस की मदद से शनिवार को बांसगांव के रहने वाले सरगना समेत चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी से पूछताछ चल रही है.

# पति-पत्नी और पालतू कुत्ते डिवॉर्स तक पहुंची नौबत

**CASE 01**

छोटेकाजीपुर निवासी नरेश और शिल्पी की गृहस्थी अच्छी खासी चल रही थी. बच्चों की जिद पर नरेश घर में एक लेब्राडोर डॉग ले आए, लेकिन कुछ ही दिन बाद पति और पत्नी के बीच डॉगी के बिट पर बहसबाजी शुरू हुई. घर के हर एक कोने में यूरीन और बिट करने पर साफ-सफाई को लेकर आए दिन बहस हो गई. स्थिति यह हो गई एक दिन मामला एक दूसरे के साथ नहीं रहने तक की नौबत आ गई. दोनों के बीच अहम इतना ज्यादा हो गया कि तलाक तक एक दूसरे को देने की नौबत आ गई. हालांकि, जब मामला फैमिली कोर्ट पहुंचा तो वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने महिला कल्याण विभाग भेज दिया. फिर वहां काउंसलिंग की गई, तब जाकर किसी तरह गृहस्थी बसी.

**CASE 02**

पादरी बाजार निवासी छोटू और प्रीति की शादी हुए 5 साल हो गए, लेकिन उनके घर में छोटे बच्चे न होने के कारण छोटू पत्नी के टाइम पास के लिए एक जर्मनशेफर्ड डॉग खरीदकर लाए. हालांकि घर में प्रीति के सास-ससुर भी इसको लेकर खुश नहीं थे, लेकिन बेटे की जिद के आगे वह शांत हो गए. लेकिन छोटू बिजनेस के काम से बाहर जाने लगे तो उनकी पत्नी प्रीति डॉगी के सुबह के शाम के केयर के दौरान उसके बिट और खिलाने पिलाने से रहने लगी. दोनों के बीच खटपट शुरू हो गई. एक दिन प्रीति ने अपने मायके वालों को यह समस्या बताई. मायके वालों के इंटरफियरेंस से बात बढ़ गई. प्रीति ने ससुराल में रहने के बजाय चली गई मायके. बोली डॉगी को हटाने के बाद ही ससुराल आएगी. आज भी प्रीति मायके में है. महिला कल्याण विभाग की टीम उन्हें काउंसलिंग के लिए पहुंची, लेकिन मान मनौव्वल का दौर जारी है.

## SHOCKING

GORAKHPUR (26 Aug): यह दो केस बानगी भर हैं. आज की डेट में पेट एनिमल पालने का क्रेज तेजी के साथ बढ़ा है. लेकिन घर में ड्राइंग रूम से लेकर बेड रूम तक पालतू कुत्तों के जगह-जगह बिट करने से परेशान घर के बाकी के सदस्यों के बीच घरेलू कलह की वजह बनती जा रही है. आलम यह है कि पत्नी पत्नी के बीच एक दूसरे से मनमुटाव होता जा रहा है. पति-पत्नी के बीच के इस तरह के मनमुटाव के मामले इन दिनों महिला कल्याण विभाग और फैमिली कोर्ट तक पहुंच रहे हैं. फैमिली कोर्ट तक पहुंचने वाले मामलों में सीधे लेने के बजाय एक बार काउंसिलिंग के जरिए गृहस्थी को सुचारू रूप से चलाने के लिए महिला कल्याण विभाग भेज दिए जाते हैं. वहीं महिला कल्याण विभाग में आने वाले 15-20 मामले पेट एनिमल को लेकर आपसी कलह की काउंसलिंग शुरू हो गई है.



### बहू की 'अति' नींद सास को नापसंद

महिला कल्याण विभाग का वन स्टॉप सेंटर भी है. वहां जो मामले इस तरह के आ रहे हैं, उनमें यह भी सास द्वारा यह भी कहा जाता है कि बेटा अगर पेट एनिमल लाया है तो बहू उसकी केयर नहीं करती है. बहू को देर तक सोने की आदत है. वह सुबह 10 बजे उठती है. सास को बहू की यह आदत नापसंद थी. सास ने टोका तो घर में झगड़े होने लगे.

| सन | घरेलू हिंसा |
|---|---|
| 2016-17 | 23 |
| 2017-18 | 118 |
| 2018-19 | 353 |
| 2019-20 | 217 |
| 2020-21 | 88 |
| 2021-22 | 88 |
| 2022-23 | 67 |
| 2023-24 | 37 |
| कुल | 991 |

### केस आ रहे ज्यादा

- तलाक के मामले
- भरण पोषण के केस
- आदेश के बाद भी पति खर्च के लिए रुपए नहीं देते
- तय रुपए में वृद्धि के लिए
- बच्चों को साथ रखने के मामले
- पति और पत्नी को साथ रखने के केस

"घरेलू हिंसा के मामले आते हैं, लेकिन उनमें कई वजहें होती हैं. आज कल पेट एनिमल्स की वजह से घरेलू हिंसा के केस भी आ रहे हैं. काउंसिलिंग में काउंसलर कर उनकी फिर से गृहस्थी बसाई जाती है.

पंकज कुमार मिश्रा,
डीपीओ गोरखपुर

# महिलाओं के गहने उड़ाने वाला इंटरनेशनल टप्पेबाज अरेस्ट

गोरखपुर से लेकर रुद्रपुर व देवरिया तक 50 सीसीटीवी खंगालने पर हुई पहचान



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Aug):** एम्स पुलिस ने शनिवार को महिलाओं को नशीला पदार्थ खिलाकर गहने चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को अरेस्ट किया है. उसकी पहचान महाराजगंज के ठूठीबारी इलाके के रामनगर निवासी 52 वर्षीय बहादुर पुत्र झगरू के रूप में हुई है. पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया.

## टप्पेबाजों ने चोरी किए गहने

एसओ मदन मोहन मिश्र व दरोगा अखिलेश कुमार अरुण की टीम ने अरेस्ट किया है. पुलिस के अनुसार जुलाई माह में सोनबरसा इलाके के बेलवा खुर्द गांव में बुजुर्ग महिला समेत दो महिलाओं से टप्पेबाजों ने गहने चोरी किया था. एक महिला को तो वह अपने साथ बाइक से बिठाकर कड़जहां तक लाया और गहने लेकर फरार हुए था. इसके बाद पुलिस केस दर्ज कर बदमाशों की पहचान में जुटी. पुलिस गोरखपुर से लेकर रुद्रपुर व देवरिया तक करीब 50 सीसीटीवी खंगाला. तब जाकर इसकी पहचान हुई. यह बाइक से बैग लिए लाल टी-शर्ट में दिखा. शनिवार को पुलिस ने आरोपी बहादुर को अरेस्ट कर लिया. यह महिलाओं को परिचित या रिश्तेदार बताकर मेलजोल बढ़ता था.

फिर उनको धोखे से नशीला पदार्थ खिला देता था और उनके जेवर और पैसे लेकर फरार हो जाता था. साथ ही कुछ को अन्य बहाने से ठगता था. पुलिस ने उसके पास से 25.75 ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम, 750 रुपए नगद और एक जोड़ी पायल, लाल टी-शर्ट, बैग व बाइक बरामद किया है.

# जमीन बेचने के नाम पर 18 लाख हड़पे, केस दर्ज

एक साल में जमीन या पैसे देने का किया था इकरारनामा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Aug):** एरिया के गायत्रीनगर निवासी राम मिलन तिवारी से एक महिला ने बेटे की जरूरत बता कर पैसे ले लिए और उसके बदले जमीन देने का इकरारनामा लिख दिया. अब महिला ने जमीन और पैसे देने से इंकार कर दिया बल्कि गाली और मुकदमे में फंसाने की धमकी अलग दे रही है. थाना एम्स पुलिस ने राम मिलन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है.

## 2021 में किया इकरारनामा

राम मिलन तिवारी ने अपनी तहरीर में बताया की महादेव झारखंडी, टुकड़ा नंबर 3, लालगंज, गायत्री नगर की रहने वाली सुमन पत्नी शैलेंद्र कुमार ने उनसे अपने बेटे नीतीश की जरूरत के लिए 15 लाख रुपए मांगे थे. सितंबर 2021 में सुमन ने लिखित इकरारनामा किया कि यदि एक वर्ष में पैसे नहीं लौटाती है तो 4738 वर्ग फीट का आधा हिस्सा उन्हें बैनामा कर देगी. इसके बाद राम मिलन ने अपने रिटायरमेंट में मिले पैसों में से दो बार में उसे 15 लाख रुपए अदा कर दिए.

## पैसे देने से किया इंकार

एक वर्ष बीत जाने के बाद जब उन्होंने सुमन से पैसे अथवा जमीन देने की बात कही तो सुमन ने पैसे देने से इनकार कर दिया और जमीन के एवज में तीन लाख की और मांग की. इसके बाद बैनामा करने की बात कही. राममिलन तिवारी ने उसे तीन लाख रुपए अदा कर दिए. दो तीन दिन के बाद राम मिलन ने जमीन का बैनामा करने के लिए कहा तो सुमन उनको गालियां देते हुए एससीएसटी एक्ट में फंसाने की बात कहने लगी.

इसके बाद राममिलन अपनी तहरीर लेकर एम्स थाना पहुंचे. एम्स पुलिस ने सुमन पत्नी शैलेंद्र कुमार, नीतीश पुत्र शैलेंद्र कुमार,और शैलेंद्र कुमार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है.

# बांसगांव में गोली मारकर लूट करने के 3 आरोपित अरेस्ट

एक आरोपी फरार, तलाश में पुलिस ने रही दबिश

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (26 Aug):** गोली मारकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से 1.68 लाख की लूट की घटना को अंजाम देने के तीन आरोपियों को बांसगांव पुलिस ने शनिवार को अरेस्ट कर लिया. पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया. पकड़े गए तीनों बदमाशों की पहचान बेलघाट के छितौनी बुजुर्ग निवासी करन, सिकरीगंज के कोटिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ



रजत व आजमगढ़ के कोठरा निवासी केशर चंद्र उर्फ केशर के रूप में हुई है. वहीं, फरार आरोपी बेलघाट के विधनापार निवासी भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू उर्फ बबन है. भानु प्रताप थाने का हिस्ट्रीशीटर है.

## 14 अगस्त की घटना

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह और सीओ बांसगांव प्रसाली सिंह ने बताया कि 14 अगस्त की शाम गगहा निवासी अक्षय चौहान स्टेट बैंक से रकम निकाल कर जा रहे थे. रास्ते मे बांसगांव के मी पोखर के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर 1 लाख 68 हजार रुपए लूट लिया था. घायल को इलाज के लिए भर्ती कराकर उनसे घटना के संबंध में जानकारी जुटाई गई और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया.

## करन ने मारी थी गोली

पुलिस के अनुसार लूट के दौरान करन व भानु मौजूद थे. गोली करन ने चलाई थी. साथ ही अंकित व केशव ने रेकी की थी और फरारी मे छिपने आदि कामों मे मदद की थी. पुलिस के अनुसार करन शातिर है. उसने मुखबिर को दिल्ली का टिकट कटा कर कह दिया कि वह दिल्ली मे हम जबकि वह यहीं था और टिकट कैंसिल करा दिया था. पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने लूट के 89700 रुपए, तमंचा, यूनियन बैंक चेकबुक आदि समान बरामद किया है. इन लोगों ने बिलरियागंज से बाइक चोरी की थी जिसपर भी संतकबीर नगर से चोरी हुई बाइक का नम्बर लगाया था. इन लोगों ने आजमगढ़, अंबेडकर नगर, गोरखपुर आदि जनपदो में भी लूट आदि की घटनाओ को अंजाम दिया था. जिसका शनिवार को खुलासा हुआ है.

## बाइक की खींची थी फोटो

इनकी गैंग घटना से पहले रेकी करती थी. घटना के दिन सुबह इन लोगो ने केंद्र संचालक की खड़ी बाइक की फोटो ली थी. फिर गगहा गए वहा कोई शिकार नही मिला तो कौड़ीराम आकर लिट्टी खायी. तभी पीड़ित वहां से गुजरा जिसके बाद ये लोग पीछे लगे और घटना को अंजाम दिया. करन ने कहा था कि जिले मे घटना मत करो हम पकड़े जाएंगे लेकिन भानु के कहने पर लूट को अंजाम दिया. करन पर 8, भानु पर 15, केशर पर 6 और अंकित पर 6 मुकदमे दर्ज है.

## उरुवा के सीसीटीवी फुटेज से खुला मामला

घटना के बाद पुलिस ग्राहक सेवा केंद्र से लेकर स्टेट बैंक व घटनास्थल तथा उसके आगे के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला. जिसमे दो बाइक सवार दिखे. दोनों की तस्दीक की गई तो एक बाइक सवार निर्दोष मिला. पुलिस ने जब उरुवा के एक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो उस बाइक का नंबर मिल गया. पुलिस बाइक के मालिक तक पहुंची तो पता चला कि उनकी बाइक चोरी हुई थी. जिसे बेलघाट पुलिस ने करन नामक अपराधी से बरामद किया था. चूंकि चोरी का नंबर प्लेट लूट मे यूज हुआ था तो पुलिस टीम करन के पीछे लगी. इसके बाद अन्य आरोपी पकड मे आए.

# छात्राओं को सुरक्षा का दिया भरोसा

**GORAKHPUR (26 Aug):** रक्षाबंधन करीब आते देख कार्मल स्कूल के छात्राओं ने पुलिस लाइन पहुंचकर पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधी. प्रिंसिपल सोनी ने बताया कि छात्राओं की ओर से हस्त निर्मित राखियों ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधी. वहीं पुलिस कर्मियों ने राखी बंधवाने के बाद सुरक्षा का भरोसा दिया.

# खाते से पैसा उड़ाने के मामले में केस

**GORAKHPUR (26 Aug):** गुलरिहा एरिया के एक गांव निवासी व्यक्ति से दो माह पहले जालसाज ने फोन पर एक अप्लीकेशन डाउनलोड करने का झांसा देकर खाते से 71 हजार रुपए उड़ा दिए.

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# ब्लैकमेल करने वालों के बैंक खाते छान रही पुलिस

## खातों के संचालन पर लग सकती है रोक

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। एक महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर उनसे मोटी रकम वसूले जाने मामले में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्त की तहरीर पर दर्ज केस में पुलिस आरोपियों के बैंक खातों की छानबीन कर रही है। मामले में तीन के विरुद्ध केस दर्ज की है। इसमें एक महिला का नाम प्रकाश में आने पर धारा बढ़ाते हुए उस पर भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों के संचलन पर रोक लगाए जाने की कवायद भी कर रही है। फिलहाल सुभाष की लोकेशन मिलने पर पुलिस की एक टीम प्रयागराज रवाना की गई है।

आरोपियों की ओर से कम समय में गलत तरीके से करोड़ों रुपये कमाने की बात सामने आ रही है। पुलिस उनके बैंक के खातों को खंगाल रही है। इनमें कुछ खातों के संचलन पर रोक लगाई जा सकती है। एक आरोपी के खाते में 70 लाख रुपये होना बताया जा रहा है। महिला को आगे कर नगर-क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल जैसे खेल की

### आरोपी सुभाष की तलाश में प्रयागराज गई पुलिस, मिल रही लोकेशन

*फरार चल रहा ब्लैकमेलर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।* – **अंशुमन श्रीवास्तव**
सीओ, बरहज

शुरुआत सुभाष के घर से ही हुई है। इसमें बिहार बार्डर के जगदीशपुर क्षेत्र की एक आशा कार्यकर्ता का भी नाम सामने आया है। इसके जरिए नगर के तंबाकू विक्रेता को ब्लैकमेल कर करीब छह लाख रुपये वसूल किया गया था। जबकि विक्रेता को सुभाष के घर में बंधक बनाकर डराने-धमकाने जैसी बात भी सामने आ रही है। ब्लैकमेलरों का नेटवर्क नगर-क्षेत्र के अलावा गैरजनपद में भी फैला होना और लोगों को शिकार बनाए जाने की बात कही जा रही है। आशा कार्यकत्री के पकड़े जाने पर और भी राज खुल सकते हैं। हालांकि पुलिस जेल गए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुटी है। जिससे और भी राज उगलवाए जा सकें।

# पुलिस ने बच्चों को बताए यातायात के नियम

रुद्रपुर। लुअठही स्थित पीएसटी एलीमेंट्री स्कूल में शनिवार को पुलिस ने यातायात नियमों की पाठशाला लगाई। इस दौरान पुलिस ने बच्चों से अभिभावकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर वाहन चलाने की अपील करने को कहा। रामलक्षन चौकी प्रभारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को यातायांत नियमों का पालन करने और हेलमेट लगाकर अपने अभिभावक को दोपहिया वाहन चलाने के लिए निवेदन करने के लिए प्रेरित किए। उन्होंने बताया कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए होती है, किसी भी कठिन परिस्थिति में तत्काल 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। संवाद

# डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद, थानों का किया निरीक्षण

## बनकटा थाने के निर्माणाधीन विवेचना कक्ष गलत दिशा में बनने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**भाटपाररानी।** शनिवार को सर्किल के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। भाटपाररानी, श्रीरामपुर व बनकटा में आयोजित समाधान दिवस में डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने शिकायतें सुनीं। इसके बाद भाटपाररानी थाने में हो रहे भवन निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया।

भाटपाररानी थाने पर तीन में दो, बनकटा में सात में तीन, खामपार में चार में एक, श्रीरामपुर में तीन में एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

बनकटा थाने में निर्माणाधीन विवेचना कक्ष गलत दिशा में बनने से जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। वहीं श्रीरामपुर थाने में पहुंचे डीएम व एसपी ने बनने वाले नए थाने की जमीन का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों के आवास के लिए जमीन कम होने पर बगल के काश्तकारों से परगसहां गांव में सरकारी जमीन से बदलाव करने के लिए संबंधित लेखपाल को वार्ता करने का निर्देश भी दिए। समाधान दिवस पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर टी जे सिंह आदि मौजूद रहे।



भाटपार रानी थाने में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा। संवाद

### तीन मामले आए, एक का निस्तारण

**बरहज।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व के तीन मामले आए। मौके से एक मामले का निस्तारण कर दिया गया। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्रवाई शुरू की गई। एसडीएम अवधेश कुमार और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने फरियाद सुनी। अधिकारियों ने शेष मामलों को संबंधितों को सौंप समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसआई सदानंद यादव, जितेंद्र कुमार, शेषनाथ, महेंद्र मोहन मिश्र, विजय मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

### घट रही फरियादियों की संख्या

**सलेमपुर।** समाधान दिवस में न्याय न मिलने से फरियादी अब थाने पर आने से कतराने लगे हैं। जिसका परिणाम है कि समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। शनिवार को उप जिलाधिकारी सीमा पांडेय, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय सहित दो दर्जन लेखपाल, तीन राजस्व निरीक्षक दस से दो बजे तक रहे। मात्र दो फरियादी न्याय के लिए आए। यह भी दोनों राजस्व से संबंधित मामला रहा। इसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि फरियादियों की समस्याएं सुनी जा रही हैं। निस्तारण करने में लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# ग्रामप्रधान से मारपीट के मामले में 17 आरोपितों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखाना, देवरिया: रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुर चिरकिहीवा गांव में तीन दिन पूर्व ग्राम प्रधान व उनके स्वजन के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने 17 लोगों के विरुद्ध मारपीट, लूट, बलवा समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

ग्राम प्रधान अरुण राव अपने दरवाजे पर बैठकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे थे। इसी बीच गांव के ही धर्मेंद्र मिश्रा कुछ लोगों के साथ गोल बंद होकर लोहे का राड, डंडा, लेकर दरवाजे पर पहुंच गए और हमला बोल कर ग्राम प्रधान को घायल कर दिया। मारपीट के दौरान स्वजन व छुड़ाने आए कई लोगों को गंभीर चोटें आई। आरोपितों ने ग्राम प्रधान के घर में घुसकर तोड़फोड़ भी किया। पीड़ित ग्राम प्रधान अरुण कुमार राव पुत्र बंधु राव की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र मिश्रा, बृजेश, देवनारायण, अजय, विक्की, कन्हैया, हरिशंकर, तरुण रंजन, रोहित, चंद्रदेव, नंदलाल, उदय नारायण, नितेश, विशाल, अलाउद्दीन , रीता देवी, विमला देवी सहित अन्य के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि ग्राम प्रधान व उनके स्वजन पर हमला बोल मारपीट करने वाले 17 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सात युवकों का शांतिभंग में चालान

बरियारपुर। बरियारपुर थाने की ऐंटिरोमियों टीम शनिवार को बरियारपुर के इंटर कालेज के आस पास रोमियो की तलाश में जुट गई। जहां से सात युवकों को पकड़ कर धारा 151 में चालान कर दिया। इंटर कालेज के पास से इनकी हरकतों की काफी शिकायतें आए दिन मिल रही थी।

# समाधान दिवस में फरियादियों को निराशा

## कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई, 38 शिकायतों का निस्तारण

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें अधिकांश फरियादियों को निराशा हांथ लगी। इस दौरान कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मात्र 38 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। अन्य लोगों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिया गया लेकिन सच्चाई यह है कि आठ से दस बार थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा हैजिससे लोगों का मोह भंग हो रहा है। डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने भाटपाररानी, बनकटा व श्रीरामपुर में फरियाद सुनी।

सदर कोतवाली में एसडीएम योगेश गौंड, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आए छह मामलों में एक का निस्तारण किया गया। एएसपी डा. राजेश कुमार सोनकर व नायब तहसीलदार शिवशंकर ने थाना बरियारपुर में जन समस्या सुनी। यहां दो प्रार्थना पत्र आए जिसमें एक निस्तारण कराया गया।

भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार भाटपाररानी थाना में तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें दो का निस्तारण कराया गया। थाना बनकटा में कुल सात प्रार्थना आए, जिसमें तीन का निस्तारण कराया गया। थाना श्रीरामपुर में कुल तीन मामलों में एक का निस्तारण किया गया।

रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजीत एवं एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने थाना रुद्रपुर में समस्या सुनी। कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन का निस्तारण कराया गया।

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार समाधान दिवस में न्याय न मिलने से फरियादी अब थाने पर जाने से कतराने लगे हैं। जिसका परिणाम है कि समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। एसडीएम सीमा पांडेय, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय की मौजूदगी में दो मामले आए जिसमें एक का निस्तारण किया गया।

खुखुंदू संवाददाता के अनुसार दोपहर 1:40 बजे एएसपी डा. राजेश सोनकर पहुंचे। पांच मामले में दो का समाधान हुआ। नायब तहसीलदार प्रभारी निरीक्षक, लेखपाल मौजूद रहे।



भाटपाररानी थाने मे फरियाद सुनते डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • जागरण



जमीन की चहारदीवारी मनबढ़ो ने गिरा दी है। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया हू, लेकिन पुलिस संज्ञान नहीं ले रही है। कई दिनों से परेशान हू।

**नीरज तिवारी**, अगस्तपार



जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति मुझसे 15 लाख रुपये ले लिया है, नहीं दे रहा है। कार्रवाई के लिए चारो तरफ दौड़ रहा हू कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**अभय श्रीवास्तव**, रामगुलाम टोला

# रुपये वसूली को लेकर महिला के साथ अभद्रता

जासं, खुखुंदू: क्षेत्र के एक गांव में समूह के रुपये को लेकर कुछ लोग रात को दरवाजे पहुंचे और घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता करने लगे। इसकी सूचना महिला ने पुलिस को दी।

# छात्राओं को पुलिस कर्मियों ने किया जागरूक

बघौचघाट। शनिवार को कस्बा स्थित किंग्स पब्लिक स्कूल में बघौचघाट थाने में तैनात एसआई बृजलाल कनौजिया, महिला कांस्टेबल प्रिंसी सिंह व होमगार्ड मंजूर अहमद ने जागरूक किया। पुलिस कर्मियों ने कोई भी परेशानी होने पर छात्राओं को 1090 डायल करने को कहा। इस दौरान प्रधानाचार्य मो हादी हुसैन, रामप्रताप सिंह, गौतम यादव, जावेद अख्तर आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# तीन थानों में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

## समाधान दिवस

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने भाटपाररानी, बनकटा व श्रीरामपुर थाने में लोगों की समस्या का सुना। इसके साथ ही विभिन्न थानों में अन्य अधिकारियों ने लोगों की समस्या का सुना। जिले में 112 शिकायतें आयी, जिसमें से 38 का निस्तारण हुआ।

भाटपाररानी संवाद के अनुसार डीएम व एसपी पहले भाटपाररानी थाने में पहुंचे और लोगों की समस्या सुनी। यहां दो का निस्तारण मौके पर करा दिया गया। शेष एक मामले को त्वरित टीम भेज कर निस्तारण करने का डीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने थाना परिसर की सफ़ाई का निरीक्षण किया। वहां से वे बनकटा थाना पहुंचे। वहां मौजूद 7 फरियादियों की फरियाद सुनी तथा तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष को दो दिन के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया। वहां से श्रीरामपुर थाना पहुंचे। जहां तीन फरियादियों की फरियाद सुनी तीनों का निस्तारण कर दिया गया।

खामपार थाना में आयोजित समाधान दिवस में चार मामले आए। तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने दो का मौके पर निस्तारण कर दिया। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी व एसडीएम योगेश कुमार गौंड़ ने कोतवाली में समस्याओं को सुना। यहां 6 शिकायतें आयी थी, एक का निस्तारण किया गया। रुद्रपुर संवाद के अनुसार सीओ जिलाजीत व एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने समस्या को सुना। यहां 6 आवेदन आए, जिसमें से तीन का निस्तारण कर दिया गया।

खुखुन्दू संवाद के अनुसार थाना परिसार में आयोजित समाधान दिवस एएसपी राजेश सोनकर एवं नायब तहसीलदार गोपालजी ने लोगों की समस्याएं सुनी। कुल पांच मामले आये, जिसमें मौके पर दो मामले का निस्तारण कर दिया गया।

## दो मामलों का निस्तारण

सलेमपुर। कोतवाली में लगे समाधान दिवस में एसडीएम सीमा पांडेय ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। पांच मामले आये, जिसमें दो मामले का निस्तारण कर दिये।

## दो फरियादी पहुंचे

बरियारपुर। बरियारपुर थाने पर थाना समाधान दिवस पर एएसपी राजेश कुमार सोनकर और नायब तहसीलदार रमेश चंद्र गुप्ता फरियाद सुनने को पहुंचे। लेकिन समाधान दिवस पर मात्र दो फरियादियों के पहुंचने से आयोजन फीका रहा।

# डीएम, एसपी का भारी पुलिस बल के साथ जेल में छापा

देवरिया, निज संवाददाता। शनिवार को तीसरे पहर एसपी, डीएम ने भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार पर छापेमारी की। उन्होंने प्रत्येक बैरक का जायजा लिया तथा कैदियों की तलाशी भी करायी। हालांकि कोई आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिला। बैंरकों में एक घंटे तक निरीक्षण व तलाशी का काम चला।

01 घंटे तक अफसरों ने बैरकों की ली तलाशी

- बैरक में नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामग्री

डीएम अखंड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी व सदर कोतवाली दिनेश कुमार मिश्र ने शनिवार की शाम 4.15 बजे 70-80 महिला, पुरूष पुलिस कर्मियों के साथ जेल का निरीक्षण किया। भारी पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने प्रत्येक बैरक का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों के अलावा पाकशाला, महिला बैरक व बच्चों के लिए बनाये गये बालवाड़ी का जायजा लिया। सभी बैरकों में बंद बंदियों की पुलिस कर्मियों ने तलाशी ली। हालांकि कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। डीएम ने कुछ कैदियों से नास्ता, भोजन के बारे में जानकारी भी ली। भारी फोर्स के साथ प्रत्येक बैरक की तलाशी से कैदियों में खलबली मच गयी। करीब एक घंटे तक निरीक्षण व तलाशी के बाद अफसर जेल से बाहर निकल गये।

इस दौरान जेल अधीक्षक पीएन शुक्ला, जेलर राजकुमार, डिप्टी जेलर वंदना, शिव वचन पांडेय व मोतीलाल वंदी रक्षक मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो शराब तस्करों को पकड़ा

बरियारपुर। बरियारपुर पुलिस ने 93 पीस देशी पाउच व 7 पीस अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को शनिवार को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। देशी शराब के 180 एमएल के 45 पाउच जब्त किए।

सरौरा चौराहा पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी, तभी बाइक से करौंदी के रास्ते बिहार जा रहे एक युवक की तलाशी लेने पर उसके बैग से 180 एमएल के 48 पीस देशी शराब के पाउच व 7 पीस रायल स्टेज अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेंद्र राय गोदना थाना रिविलगंज जिला छपरा बिहार बताया।

# अपहरण की सूचना से हलकान रही पुलिस

महुआडीह। शुक्रवार की रात को थाना क्षेत्र के करौदी गांव के ग्रामीणों की तीन युवकों के अपरहण की सूचना पर महुआडीह पुलिस परेशान रही। पुलिस ने जांच किया तो मालूम हुआ कि तीनों युवकों को कुशीनगर जिले के अहिरौली पुलिस बिना महुआडीह पुलिस को सूचना दिए बिना ही लेकर चली गई। शनिवार की भोर में ग्रामीण महुआडीह पुलिस को तीनों युवकों के किडनैपिंग की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद से महुआडीह पुलिस काफी परेशान रही।

# दो महिलाओं सहित तीन लोग गिरफ्तार

लार। क्षेत्र में कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस की संयुक्त टीम ने कई ईट भट्ठों पर छापेमारी की और भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया है। शनिवार को सलेमपुर की एसडीएम सीमा पांडेय, आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह व लार थानाध्यक्ष कपिल देव चौधरी की संयुक्त टीम ने लार थाना क्षेत्र के छपरा मोड़ स्थित इंडिया मार्केट ईट भट्ठा, रामनगर ईट भट्ठा के साथ सतोतर ईट भट्टे पर छापा मारा। 90 लीटर कच्ची शराब के साथ 6 कुंतल लहन को नष्ट किया।

# खुखुन्दू पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

खुखुन्दू। धोखाधड़ी के मामले में पूर्व में दर्ज केस में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामपुर कारखाना के क्षेत्र के कमधेनवां कोटवा गांव निवासी ऋषिकेश पुत्र मोती को खुखुन्दू वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशिनाथ गोस्वामी ने मय टीम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# गन्ना माफियाओं की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की

**बघौचघाट(एसएनबी)।** देवरिया एवं कुशीनगर जिलों में भी पूर्व की सरकारों में गन्ना माफियाओं का दबदबा रहा है, किन्तु एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है कि अब भी गन्ना माफियाओं का दबदबा है। ऐसे माफिया ज्यादा पर्ची बनवाकर उस पर गरीब किसानों का गन्ना क्रय केन्द्रों पर पहुंचा देते हैं। इससे अच्छा खासा लाभ कमा लेते हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर कोटवा मिश्र निवासी धर्मराज यादव पुत्र बृजानन्द यादव ने शिकायत दर्ज कर कहा है कि मेरे गांव का एक व्यक्ति बघौचघाट थाने में चौकीदार है। वह राजस्व विभाग में अपना नाम नहीं होने के बावजूद गलत ढंग से गन्ना किसान समिति का सदस्य बन गए हैं। वे मनमानी ढंग से गन्ना का सर्वे कराते हैं। इसके अलावा अन्य 3- 4 माफिया भी मनमानी ढंग से गन्ना का सर्वे कराते हैं। इन लोगों का भी राजस्व अभिलेखों में नाम नहीं है। ये लोग नाम मात्र का गन्ना बोते हैं। कई तो वर्षों से गन्ना नहीं बो रहे हैं। मात्र आवासीय जमीन के मालिक भी गन्ना किसान बन गए हैं। इन सभी की कोड संख्या की जांच कराई जाय। पहले हम लोगों का गन्ना भटनी चीनी मिल पर पेरा जाता था। भटनी चीनी मिल बिक गई। मैं आज भी भटनी केन यूनियन का सदस्य हूं। भटनी केन यूनियन का गन्ना अब कुशीनगर जिले के ढाढ़ा चीनी मिल पर पेरा जाता है। मेरे प्रार्थनापत्र पर विचार कर उचित कार्रवाई करें।

इस संबंध में पूछे जाने पर जोनल मैनेजर दिलीप सिंह ने बताया कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है।

# थानों पर डीएम, एसपी ने सुनी फरियाद



भाटपाररानी / बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)। शनिवार को शासन के निर्देश पर संचालित थाना दिवस /समाधान दिवस कार्यक्रम में भाटपाररानी सहित सर्किल क्षेत्र के बनकटा व नवसृजित थाना श्रीरामपुर में पहुंचकर जनता की फरियाद सुनी।

स्थानीय थाना परिसर भाटपाररानी पहुचे जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मातहतों को प्रत्येक दशा में न्यायपूर्ण तरीके से फरियादी की समस्याओं का निराकरण कराने का निर्देश दिया। भाटपाररानी में कुल 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 का निस्तारण कराया गया। थाना बनकटा पर कुल 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया एवं थाना श्रीरामपुर पर कुल 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में पुलिस व राजस्व की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया जिसके शीघ्र निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। बनकटा थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर पहुंचे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने फरियादियों की फरियाद सुनी तथा अपने मातहतों को गुणवत्तापूर्ण यथा शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया।समाधान दिवस पर कुल 6 मामले आये जिसमे राजस्व के 4 पुलिस के 2 मामले आये। जिसमें पुलिस के दोनों ही मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने थाना अफिस परिसर की साफ सफाई फरियादियों के लिए बैठने की व्यवस्था बैरक आवास तथा थाना परिसर में बन रहे विवेचना भवन की गुणवत्ता देखने के बाद परिसर के अंदर और बाहर रेलवे परिसर में खड़ी गाड़ियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक नुर्देश दिए। इस दौरान भाटपाररानी में टी.जे.सिंह, बनकटा में नायब तहसीलदार प्रभारी निरीक्षक बनकटा मुकेश मिश्र एवं राजस्व तथा पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 112 मामलों में 38 का निस्तारण

देवरिया(एसएनबी)। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान जनपद के समस्त थानों पर कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 38 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

उधर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर व नायब तहसीलदार शिवशंकर द्वारा थाना बरियारपुर में जन समस्याओं को सुना गया जहां कुल 2 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 का निस्तारण कराया गया। क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी व उप जिलाधिकारी सदर योगेश कुमार गॉड द्वारा थाना, कोतवाली पर जनससमयाओं को सुना गया जहां कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजीत एवं उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी द्वारा थाना रूद्रपुर पर जन समस्याओं को सुना गया जहां कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। इसके अलावा समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया ।

# सात लोगों पर आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज

बनकटा/अकटही बाजार ((एसएनबी)। बनकटा थाना क्षेत्र के नोनार पाण्डेय गोसाईं टोला निवासी रामप्रवेश गिरी पुत्र चंदेश्वर गिरी की शिकायत पर बनकटा पुलिस ने दो पक्षो के बीच हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष के सात लोगों के खिलाफ करीब आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिये गये शिकायती पत्र में रामप्रवेश गिरी ने आरोप लगाया था कि 22अगस्त को अपने दरवाजे पर बैठे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर सूर्यनरायण यादव नीरज यादव बृजमोहन यादव शिवम् यादव पारसनाथ यादव मनोज यादव आनन्द मोहन गोलबंद होकर घर में आकर मारे पीटे।जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धारा 147 148 149 323 452 504 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दुसरे पक्ष का पहले ही मुकदमा दर्ज हो चुका है।

# विद्यालय में मिले कटे जानवर के अवशेष के मामले में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

■ मदनपुर (एसएनबी)।

सहारा न्यूज ब्यूरो

मदनपुर थानाक्षेत्र के गोला में स्थित एक विद्यालय में दो दिन पूर्व मिले किसी कटे जानवर के अवशेष के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। अभी कुछ आरोपी फरार बताए जाते हैं। जिन्हें पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। मदनपुर गोला में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय है। वह विद्यालय काफी दिनों से बंद पड़ा है। दो दिन पूर्व विद्यालय की तरफ कुछ महिलाए गयी, तो उसके अंदर से दुर्गंध आ रही थी। जिसके बाद लोगों ने विद्यालय के अंदर जाकर देखा, तो एक जानवर का कटा हुआ सिर और पैर मिला। विद्यालय के एक तरफ हुए गड्ढे में खून और हड्डी भी मिला। इस तरह की वारदात की जानकारी जंगल में आग तरह फैल गयी। जिससे लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पशु चिकित्सक भी घटना स्थल पर पहुंच गए। लोगों की माने तो काटा गया जानवर बछड़ा था। इस घटना के बाद पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम करके घटना को कारित करने वालो की तलाश करने लगी। काफी प्रयास के बाद पुलिस तीन आरोपियों को पकड़ने में कामयाब हो गयी। शुक्रवार को तीनों आरोपियों बाबर पुत्र अली अकबर निवासी तकिया मुहल्ला, एजाज पुत्र झगरू निवासी शेख टोल मदनपुर और मुस्तफा पुत्र नियाज निवासी गोला को गिरफ्तार करके जेल भे दिया। इस घटना को कारित करने में कुछ और आरोपी बताए जाते हैं। जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदनपुर ने बताया कि तीन को जेल भेजा गया है।

# आखिर कौन था अमित? जिससे सम्बन्ध बनाने के लिए सुबाष ने महिला को सटाया था पिस्टल

बरहज (एसएनबी)। देवरिया के कालोनी में चल रहे सेक्स स्कैण्डल में बरहज क्षेत्र के आधा दर्जन लोगों का रंगरेलिया मनाने के दौरान वीडियो क्लिप तो बन गया लेकिन अमित नाम का वह कौन युवक है जिसके साथ महिला को सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव देते हुए मास्टर माइंड सुवाष चौहान ने पिस्टल सटाया था। इसके बाद तो महिला ने यौन शोषण व ब्लैकमेलिंग से बचने के लिए सेक्स स्कैण्डल की सूचना पुलिस अधीक्षक सहित मुकामी पुलिस को दे दी।

महिला के तहरीर देने के बाद पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बी गुप्ता ने तीन लोगों के विरूद्ध पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया। मुकामी पुलिस को सेक्स स्कैण्डल में शामिल महिला ने दिये तहरीर में अवगत करायी है कि बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव निवासी कपरवार नौका टोला से मेरी शादी 2001 में हुई थी। दो लड़के तथा दो लड़कियां है। छः माह पूर्व बैजनाथ अपने मित्र सुवाष चौहान को मेरे पास लाया। उसके बाद दोनों लोग ने कहा कि तुम तैयार हो जाओ तो हम लोग बहुत अच्छा पैसा कमा लेंगे। काम के बारे में पूछने पर इन लोगों द्वारा कहा गया कि तुमको यौन सम्बन्ध बनाना है और हम लोग उसका वीडियो बनाकर उक्त व्यक्ति को ब्लैकमेल कर रूपया ऐंठेगे और उसमे से तुम्हें भी हिस्सा देंगे। मेरे विरोध करने पर मेरे पति

**अब यौन शोषण का नहीं होना चाह रही हूं शिकार : सुनीता यादव**


द्वारा गला दबाकर मारने की धमकी दी तथा सुवाष चौहान ने पिस्टल तान दिया और कहा कि जैसा हम लोग कहे वैसा तुमको करना होगा। इन लोगों ने शहर के न्यु कालोनी में एक क्वाटर खोज दिया और अवैध यौन धंधा करने के लिए बाध्य करने लगे। बैजनाथ व सुवाष चौहान द्वारा लोगों का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराया जाता रहा। बातचीत के दौरान लोग रूम पर आते और सम्बन्ध बनाने के दौरान ये दोनों छुपकर वीडियो बनाते थे।

कुछ दिनों बाद उक्त व्यक्ति को वीडियो क्लिप दिखाकर मोटी रकम वसूल करते रहे। मेरे विरोध करने के बाद 6 अगस्त को सुवाष चौहान देवरिया क्वाटर पर आया और पिस्टल के साथ कहा कि मैं एक अमित नाम का ग्राहक बुला रहा हूं और तुम सम्बन्ध बनाओ और हम लोग वीडियो बनायेगे। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अब और यौन शोषण का शिकार नहीं होना चाहने की गुहार लगाते हुए सेक्स स्कैण्डल के साजिशकर्त्ता सुवाष चौहान तथा बैजनाथ यादव के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। महिला और उस प्रकरण में शामिल लोगों के बीच मतभेद होने के बाद अमित नाम का युवक सेक्स स्कैण्डल के शिकार होने से बच गया अन्यथा वह भी अन्य लोगों की तरह धनादोहन का शिकार होता।

# श्रीरामपुर थाने का डीएम ने किया निरीक्षण

श्रीरामपुर/प्रतापपुर(एसएनबी) । स्थानीय थाने में समाधान दिवस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पहुंच कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। इसमें मुख्य रूप से राजस्व विभाग के चार प्रार्थना पत्र आए जिसमे से एक का समाधान हुआ। साथ ही थाने के निर्माण से संबंधित स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिलाधिकारी देवरिया अखंड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा,छेत्राधिकारी भाटपार रानी,थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार सिंह, दिनेश कुमार मौर्या पूरी टीम के साथ व नाएब तहसीलदार भाटपार रानी मौजूद रहे।

# छात्राओं को महिला कांस्टेबलों ने जागरूक किया



तरकुलवा(एसएनबी)। शनिवार को बघौचघाट थाना क्षेत्र के बघौच कस्बे में स्थित किंग्स पब्लिक स्कूल बघौचघाट के छात्राओं को थाने में तैनात महिला पुलिस कांस्टेबल प्रिंसी सिंह, एसआई बृजलाल कनौजिया व होमगार्ड मंजूर अहमद ने विभिन्न जानकारियां देते हुए जागरूक किया। जिसमें 1090 को महिला उत्पीडन हेल्प डेस्क लाइन बताया, 112 नंबर को पुलिस हेल्प लाइन झगड़ा-फसाद में पुलिस से लिए सहायता लेने के लिए व 1930 साइबर क्राइम अपराध के लिए बताते हुए छात्राओं को निर्भीक होकर पढ़ाई करने की बात कही। साथ ही छात्राओं को पुलिस की हर संभव सहायता की बातकही। इस दौरान प्रधानाचार्य मो. हादी हुसैन, रामप्रताप सिंह, गौतम यादव, जावेद अख्तर, रम्भा देवी जैतून खातून आदि अध्यापक मौजूद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# शरारती तत्वों ने तोड़ीं छठ वेदियां

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही खास गांव के छठस्थान की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही खास गांव में सार्वजनिक पोखरे पर स्थित छठवेदियां शुक्रवार की रात शरारती तत्वों ने तोड़ दीं। शनिवार की सुबह ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई। इससे गांव के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ तुर्कपट्टी थाने पर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इस मामले में कार्रवाई की मांग की।

सपही खास के निवासी भूपेंद्र राय, रवि शर्मा, राजेश राय, देवेंद्र कुमार, योगेंद्र राय, पवन कुमार, अभिषेक राय, आदित्य राय, बैजनाथ सहित कई लोगों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त तहरीर दी है।

### गांव के लोगों ने दी थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर कार्रवाई की मांग की

इसमें बताया है कि उनके गांव में स्थित श्रीभैरवनाथ (उतानबाबा) स्थान के उत्तर तरफ सार्वजनिक पोखरा है। उसके किनारे छठ पूजा होती है। यहां काफी संख्या में छठवेदियां बनी हुई हैं।

शुक्रवार की रात शरारती तत्वों ने उनमें से कई वेदियों को तोड़ दिया। तहरीर देने वाले लोगों का आरोप है कि अराजक तत्व गांव के लोगों के बीच दंगा-फसाद कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसे लेकर गांव में तनाव बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

तुर्कपट्टी थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सपही खास के ग्राम प्रधान और गांव के लोगों ने थाने आकर तहरीर दी है। उन्होंने बताया है कि कुछ छठवेदियों का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिया गया है। मौके पर पुलिस भेजी जा रही है।

# आग लगाने के मामले में चार पर केस

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सालिकपुर के विंध्याचलपुर में 26 दिन पूर्व एक व्यक्ति के पशु बाड़े में आग लगाने के मामले में खड्डा पुलिस ने हनुमानगंज थाना क्षेत्र निवासी चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बोधीछपरा निवासी अंगद ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया है कि खड्डा थाने के सालिकपुर के विंध्याचलपुर में मवेशी पाल रखे हैं और झोपड़ी डाल उसमें चारा व मवेशी बांधते हैं।

# रात को भटक रहे वियतनामी पर्यटक को सिपाही ने गंतव्य तक पहुंचाया

## पर्यटक की भाषा कोई समझ नहीं कर पा रहा था, सिपाही ने एप से समझा

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर स्थित सरकारी बस स्टैंड पर शुक्रवार की रात करीब दो बजे एक विदेशी पर्यटक बस, ऑटो चालकों व स्थानीय लोगों से अपनी भाषा में कुछ जानकारी लेना चाह रहा था।

उसकी भाषा किसी की समझ में नहीं आने से वह काफी परेशान था। तभी गश्त पर निकली पुलिस के एक सिपाही ने किसी एप के माध्यम से भाषा का अनुवाद करके उसकी समस्या को समझा और उसे गंतव्य तक पहुंचाया।



बस स्टैंड पर वियतनामी पर्यटक से बातचीत करते सिपाही राहुल यादव। संवाद

पासपोर्ट के मुताबिक, पर्यटक की पहचान वियतनाम के रहने वाले 30 वर्षीय लिवन सन के रूप में की गई। रात को बस अड्डे के आसपास भटकते और परेशान देखकर रात्रि गश्त में ड्यूटी कर रहे थाना कसया के सिपाही राहुल यादव उसके पास पहुंचे और वियतनामी नागरिक की बात सुनी।

उसकी बात समझ में नहीं आई तो सिपाही ने भाषा बदलने वाले मोबाइल एप का इस्तेमाल कर उसकी पूरी बात समझी। सिपाही राहुल ने बताया कि यात्री भटक जाने से बहुत परेशान था। उसे ठहरने के लिए होटल में जाना था, लेकिन उसे किसी ने दूसरी जगह पहुंचा दिया था। इसीलिए वह परेशान था।

वियतनामी नागरिक किसी पर विश्वास नहीं कर रहा था। उसे नगर के ही एक निजी होटल में रुकना था, जहां वह जाना चाहता था। उसकी पूरी बात समझकर उसे उसके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया। विदेशी यात्री ने सिपाही को धन्यवाद दिया।

आगे बताया कि कोई बस वाला उसे गांधी चौक से बैठाकर होटल के लिए ले गया और उसे कुशीनगर में छोड़ दिया। फिर पर्यटक वहां से वापस बस स्टैंड कसया पैदल आया था।

# युवती को पुलिस ने ढूंढ निकाला

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव से 12 दिन पूर्व गुमशुदा युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बीते 14 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी परिजनों से नाराज होकर कहीं चली गई है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई।

## 12 दिन पूर्व परिजनों ने बेटी के नाराज होकर जाने की तहरीर दी थी

एसओ उमेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी अगुवाई में पुलिस टीम ने गुमशुदा लड़की को शनिवार को हनुमान चौक से बरामद कर लिया है।

इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान हेड कांस्टेबल प्रभाकर यादव, महिला कांस्टेबल प्रीति सोनकर आदि मौजूद रहीं।

# चार हजार लीटर कच्ची शराब की नष्ट

**पडरौना।** कप्तानगंज थाना परिसर में एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में पुलिस ने बरामद चार हजार लीटर कच्ची शराब को नष्ट किया। कच्ची शराब को एसडीएम व्यास नारायण उमराव, सीओ कसया कुंदन सिंह और तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी की मौजूदगी में थाना परिसर में नष्ट कर दिया गया। संवाद

# तीन वारंटी गिरफ्तार

गंगुआ बाजार। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के तीन वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। तमकुहीराज एसएचओ नीरज कुमार राय ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसौनी बुजुर्ग गांव के दीनानाथ यादव व व्यास और थाना क्षेत्र के ही कोइन्दी बुजुर्ग निवासी हासन को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। पुलिस इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। इस कार्रवाई के दौरान एसआई विमलेश गुप्ता, एसआई देशराज सरोज, कांस्टेबल राहुल, कृपाशंकर, संजीत आदि रहे। संवाद

# कुशीनगर : पोखरे में पहुंचा मगरमच्छ, गंडक में छोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिसवा गोपाल गांव में रिहायशी इलाके में स्थित पोखरे में पहुंच गया था**

खड्डा (कुशीनगर)। क्षेत्र की ग्रामसभा सिसवा गोपाल के रिहायशी इलाके में स्थित पोखरे में शनिवार को एक मगरमच्छ पहुंच गया। यह देखकर लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी प्रयास के बाद उसे रेस्क्यू कर गंडक नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सिसवा गोपाल निवासी हरिओम जायसवाल ने गांव में पोखरा खोदवाया है। बरसात के समय नदी-नाले में पानी भरने से एक मगरमच्छ भटककर इस पोखरे में पहुंच गया। शनिवार को उसे देखकर लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर और अन्य वन कर्मचारियों ने मछुआरों की बड़ी जाल से उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह जाल फाड़ कर निकल जा रहा था।

करीब पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़कर गंडक नदी में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस संबंध में डिप्टी रेंजर अमित तिवारी ने कहा कि मगरमच्छ को पकड़कर नदी में छोड़वा दिया गया है। >> संबंधित पेज 4 पर

# स्कूल में खोदा गया गड्ढा बना खतरनाक

**समस्या**

**सलेमगढ़, हिन्दुस्तान संवाद।** सेवरही ब्लॉक के सलेमगढ़ खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में पिछले एक माह से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे मासूमों की जान का खतरा बना हुआ है। बच्चे पढाई करने के बजाय गड्ढे से निकली मिट्टी फेंकने का काम करने लगते हैं। जिम्मेदार अनजान बने हुये हैं।

सलेमगढ़ खास में प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता यादव व सहायक अध्यापक शैलेश यादव तथा तीन रसोइया तैनात हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों का देखरेख इनकी जिम्मेदारी है। विद्यालय की चहारदीवारी टूटी है। विद्यालय परिसर में पिछले एक महीने से गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है। उसकी गहराई करीब 2 मीटर से ज्यादा है। बारिश होने पर गड्ढे में पानी भर गया है और आस पास कीचड़ फैल गया है। बच्चे इसके पास ही उछल कूद कर खेलते हैं। कभी कभार बच्चे गड्ढे की निकाली गयी मिट्टी खुद उठाकर बाहर फेंकने में जुट जाते हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापिका इस मामले में कुछ भी बोलना नहीं चाहती है।

स्कूल परिसर के बीचोबीच गड्ढा होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। अभिभावकों ने लंबे समय से स्कूल परिसर में गड्ढा खोद कर छोड़ देने पर आक्रोश जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गड्ढा जिसने खोद कर छोड़ा है, उसे बुलाकर उसे पटवाना स्कूल के शिक्षकों की जिम्मेदारी है। इस संबंध में सलेमगढ़ पंचायत के सचिव रविशंकरजायसवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 योजना के तहत गड्ढा खोदा गया है। यह सोख्ता सीट है, जहां भी सरकारी नल होगा, इसे बनाना है। शीघ्र ही काम पूरा कर उसे ढंक दिया जाएगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकिशोर शर्मा ने कहा कि यह संज्ञान में नहीं है। सभी सोख्ता सीट का काम ठेकेदारों को दिया गया था। 75 फीसदी तक काम पूर्ण हो गया है। उसको जल्द पूरा करा दिया जाएगा।

वहीं बीएसए डॉ.रामजियावन मौर्य नेकहा कि इस मामले की जानकारी हुई है। इसकी जांच बीईओ मुख्यालय को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने पर संबंधित दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।



सेवरही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सलेमगढ़ खास में खोदकर छोड़ गया गड्ढा।

## स्कूल पहुंचने का रास्ता खराब, छात्र हो रहे चोटिल

**मथौली बाजार।** हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर झांगा के सुदामा तक स्थित पिच सड़क से पश्चिम केदारनाथ नाथ ओझा इंटरमीडिएट कॉलेज तक बनाया गया खड़ंजा खराब होने से स्कूल के छात्र-छात्राओं को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर छात्र इस रास्ते पर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर झांगा के सुदामाचक के पास स्थित केदारनाथ नाथ ओझा इंटर कालेज संचालित है। इस इंटर कालेज मेन रोड के पिच सड़क से पश्चिम होकर गुजरने वाले एक चकमार्ग से जुड़ा हुआ है, जो चकमार्ग पश्चिम सिवान खेतों तक जाती है। मेन रोड हाटा-कप्तानगंज मार्ग से विद्यालय तक तीन सौ मीटर वर्षो से खड़जा हुआ है, जो बेहद खराब एवं जर्जर है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि जो खड़ंजा हुआ है, खराब होने के कारण आये दिन छात्र गिर कर चोटिल हो रहे हैं।

# निजी पोखरे में पहुंचा विशाल मगरमच्छ

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा क्षेत्र के ग्राम सिसवागोपाल स्थित एक निजी पोखरे में नदी से बहकर एक विशालकाय मगरमच्छ पहुंचा गया। इसे देख ग्रामीणों में दहशत फ़ैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वनविभाग की टीम मछुआरों की मदद से मगरमच्छ को पकड़कर पुनः नारायणी नदी में छोड़ दिया है। पोखरे के अगल-बगल बकरी चराने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम सिसवागोपाल में सड़क के किनारे हरिओम जायसवाल का पोखरा है। जिसमें हरिओम मछली पाल रखे हैं। शनिवार की सुबह उक्त पोखरे में एक विशालकाय मगरमच्छ को जाता देख लोगों में अफरातफरी मच गयी। लोगों की सूचना पर पहुंचे उप वनक्षेत्राधिकारी अमित तिवारी व वन दरोगा इन्द्रजीत यादव लोगों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ने का काफी प्रयास किया। लेकिन मगरमच्छ उनके हाथ नहीं आया। वनविभाग ने इसके बाद मछुआरों को बुलाया। मछुआरों ने पोखरे में जाल डालकर काफी प्रयास के बाद मगरमच्छ को पकड़ने में कामयाबी पाई। वनविभाग की टीम ने मगरमच्छ को रस्सी में बांधकर टैक्टर ट्राली पर लाद कर उसे नारायणी नदी में छोड़वा दिया है।



पकड़े गये मगरमच्छ को नारायणी नदी में छोड़ने ले जाती वनविभाग की टीम।

# पडरौना में सबसे अधिक 12, हाटा में आए तीन मामले

**समाधान दिवस**

**पडरौना।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना परिसर में माह के चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे अधिकारियों ने फरियादियों को फरियाद सुनीं। इस दौरान अधिकांश फरियादियों के मामलों का निस्तारण न होने के कारण निराश होकर बैरंग वापस लौटना पड़ा।

अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने थाना कसया एवं समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी व थानाध्यक्ष द्वारा संबंधित थानों पर प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया गया। पडरौना कोतवाली परिसर में तहसीलदार सुमित सिंह की देखरेख में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व के कुल 12 मामले आये। इनमें से मौके पर टीम बनाकर दो मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कोतवाल राजप्रकाश सिंह, राजेश विश्वकर्मा, संदीप सिंह, गौरव वर्मा, अनुराग, शनि कुमार जावला, चतुर्भुज पांडेय, रामचंद्र, विवेक तिवारी, अमित सिंह, दीवान महेंद्र आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में रविंद्र नगर थाना परिसर में एसओ राजेश मिश्रा के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। इस थाने में एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। इस दौरान एसओ राजेश मिश्रा, अपराध निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, अंकित सिंह, लाल साहब मौर्या, सौरभ, अनुज, गणेश प्रजापति, अरविंद कुमार बिंद, प्रीति सिंह आदि उपस्थित रहे।



शनिवार को पटहेरवा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते तहसीलदार।

**हाटा संवाद के अनुसार** हाटा कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार आशीष रंजन की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 3 मामले आए, जो राजस्व से सम्बंधित रहे। नायब तहसीदार ने अपने मातहतों को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, राजस्व विभाग से संजीवन मिश्र, रामेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार गुप्त, नपा से अजय राव आदि रहे।

**पटहेरवा संवाद के अनुसार:** पटहेरवा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी के सामने राजस्व से जुड़े कुल तीन मामले में सभी मामलों का मौके पर समाधान किया गया। तहसीलदार चन्दन शर्मा की देखरेख में तीनों मामलों का राजस्व टीम के साथ मिलकर मौके पर समाधान किया गया। पटहेरवा प्रभारी अनिल उपाध्याय, एसएसआई सभाजीत सिंह, कानूनगो राणा प्रताप सिंह रहे।

**लक्ष्मीगंज संवाद के अनुसार** रामकोला थाना में समाधान दिवस में राजस्व के कुल 9 मामले आये। उसमें किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। एएसपी रितेश कुमार सिंह व तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी की मौजूदगी में आयोजन हुआ।

# अहिरौली बाजार में पांच में एक शिकायत का निदान

अहिरौली बाजार। अहिरौली बाजार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस उप जिलाधिकारी हाटा हीरालाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें कुल पांच फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इसमें से चार मामले राजस्व और एक मामला पुलिस से संबंधित रहा। राजस्व के एक मामले को मौके पर निस्तारित किया गया। थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, उपनिरीक्षक, पुलिसकर्मी, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

**तमकुहीराज संवाद के अनुसार** तमकुहीराज थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय की अगुवाई में हुआ। इसमें राजस्व से संबंधित मात्र एक मामला आया। उसका मौके पर समाधान नहीं होने की दशा में सम्बन्धित विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। एसआई बादशाह सिंह, वीके गुप्ता, राजीव कुमार, मनीष सिंह, अश्वनी राय, जयंत गुप्ता, अशोक वर्मा रहे।

**खड्डा संवाद के अनुसार** खड्डा थाना परिसर में तहसीलदार महेश कुमार की अध्यक्षता व इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह की देखरेख में थाना दिवस आयोजित हुआ। थाना दिवस में कुल 2 शिकायती प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें से एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। एसएस विरेन्द्र यादव, शर्मा सिंह यादव, अखिलेश सिंह, अखिलेश यादव, कानूनगो अजीत कुमार, लेखपाल बृजनारायण सिंह, वैभव शर्मा, करुणाकरण, संजय गुप्ता, अजीत कुमार आदि रहे।

# बीमा का लाभ दिलाने वालों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**पडरौना, निज संवाददाता।** नाबालिग को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाकर आधी रकम ढाई लाख रूपये हड़पने के आरोप में साखोपार निवासी तीन लोगों के खिलाफ कसया थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पडरौना ब्लॉक के ग्राम पंचायत साखोपार के ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह ने एसपी को पत्रक सौंप गांव के तीन लोगों पर फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा का लाभ एक नाबालिग को दिलाने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस से न्याय न मिलने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पडरौना के आदेश पर कसया पुलिस ने शनिवार को साखोपार निवासी संतोष गुप्ता, अशोक चौहान व आशुतोष गुप्ता के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 506 के तहत केस दर्ज की है। प्रधान का आरोप है कि उक्त लोग सरकारी धन दिलाने के नाम पर फर्जी तरीके से कागजात तैयार करते हैं। आरोप है कि गांव के चंदन पुत्र धर्मेंद्र उम्र 14 वर्ष की 2021 में मोटर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक नाबालिग है, लेकिन एक स्कूल से एक इंटर कॉलेज से बालिग होने का स्थानांतरण प्रमाण पत्र बनवाकर मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना का पांच लाख रूपये 25 मार्च 2023 को दिलाया गया। आरोप है कि उसी दिन संतोष अपने खाते में उसकी आधी रकम ढाई लाख रूपये ट्रांसफर करा लिया।

# प्रधानी से बेदखल हुआ हत्याकांड का आरोपी

**फॉलोअप**

- कमलेश हत्याकांड में गांव के प्रधान धर्मेन्द्र पासवान को हुई है जेल
- फोर्स की मौजूदगी में ग्राम पंचायत सदस्यों ने चुना कार्यवाहक प्रधान
- दो दावेदारों के बीच बहुमत के आधार पर अधिकारियों ने लिया निर्णय



मुण्डेरा खागी में शनिवार को भारी पुलिस व पीएसी की मौजूदगी में कार्यवाहक प्रधान का चयन कराते अधिकारीगण। • हिन्दुस्तान

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** कमलेश हत्याकांड के मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र पासवार को शनिवार को ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रधानी से बेदखल कर दिया। गांव में ग्राम पंचायत सदस्यों ने बैठक कर उनकी जगह नये कार्यवाहक प्रधान का चुनाव कर लिया। अब गांव के विकास कायों के लिए कार्यवाहक प्रधान की जिम्मेदार माने जाएंगे। इस मौके पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में भारी पुलिस फोर्स व पीएसी के जवान तैनात रहे।

बीते 14 अगस्त को एडीओ पंचायत सुकरौली ने डीपीआरओ कुशीनगर को पत्र भेज कर बताया था कि मुण्डेरा खागी के ग्राम प्रधान धर्मेन्द पासवान गांव के ही कमलेश हत्याकांड के मुख्य आरोपी हैं और जिला कारागार देवरिया में बंद है। ग्राम प्रधान का पद रिक्त होने से गांव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। डीपीआरओ कुशीनगर ने 18 अगस्त को पत्र भेजकर खंड विकास अधिकारी सुकरौली को उप्र पंचायती राज अधिनियम के तहत अस्थाई रिक्त प्रधान के पद पर ग्राम पंचायत के किसी सदस्य को कार्यवाहक प्रधान नामित किये जाने के लिए निर्देशित किया था। बीडीओ सुकरौली के निर्देश पर मुण्डेरा खागी में एडीओ पंचायत सुकरौली रामअशीष गौतम की अध्यक्षता में अस्थाई ग्राम प्रधान के चयन को लेकर सभी ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक बुलायी थी। कुल 13 ग्राम पंचायत सदस्यों में से दस ग्राम पंचायत सदस्य पहुंचे। कार्यवाहक ग्राम प्रधान पद के लिए ग्राम पंचायत के दो सदस्य क्रमशः प्रिंस कुमार तथा इन्द्रेश तिवारी ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। ग्राम पंचायत सदस्य प्रिंस कुमार के पक्ष में प्रिंस कुमार समेत छह सदस्य तथा इन्द्रेश तिवारी के पक्ष में इन्द्रेश तिवारी समेत चार सदस्यों ने अपना समर्थन दिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बहुमत के आधार पर प्रिंस कुमार को कार्यवाहक ग्राम प्रधान प्रस्तावित कर दिया। इस दौरान कार्यवाहक प्रधान के चयन में अशांति न हो इसके लिए नायब तहसीलदार हाटा आशीष रंजन व राजस्व कर्मी प्रद्युम्न राव के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी जवान मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली के दरोगा वृजेश यादव, बृजेश यादव व रामप्रकाश यादव ने आत्म हत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त इसहाक अली उर्फ गज्जू मियां निवासी भिस्वा बाजार को गिरफ्तार की है।

# 5 साल में बरामद ढाई लाख की शराब नष्ट

पडरौना। न्यायालय के आदेश पर पुलिस टीम ने थाना कप्तानगंज में आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2017 से 2022 तक कुल 219 मुकदमों में बरामद देशी व कच्ची शराब आदि कुल 4000 लीटर, जिसकी कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये को नष्ट किया गया।

# पांच वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

पडरौना। बरवापट्टी पुलिस ने पांच वारंटियों को दबोचा है। इनमें तबारक निवासी दवनहा थाना सेवरही, ओमप्रकाश निवासी गौरीशुक्ल थाना बरवापट्टी, गब्बू निवासी गौरीशुक्ल थाना बरवापट्टी, मुसरफ निवासी रामपुरपट्टी टोला बकुलहवा थाना बरवापट्टी, रामक्षत्रीय यादव निवासी रामपुर बरहन टोला परोरही थाना बरवापट्टी शामिल हैं।

# रामकोला में दो वारंटियों को दबोचा

**पडरौना।** रामकोला थाने के दरोगा विजयशंकर सिंह, शुभम वर्मा व सोहनलाल ने रामसुभग केवट निवासी दिउलिया मनिया छापर व रामदरश निवासी खोटही टोला भिटौली थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है।

# चार महिलाओं समेत 11 गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाल राजप्रकाश सिंह, अनुराग शर्मा, रितेश राय व विवेक आदि ने विभिन्न मुकदमों में फरार चल रहे चार महिलाएं समेत लियाकत निवासी धीरमठिया थाना रामकोला, जगरन्नाथ निवासी मठिया माफी थाना विशुनपुरा व दयाराम निवासी पकड़िया मंगली थाना विशलपुर जिला पीलीभीत समेत 11 को गिरफ्तार की है।

# चार नाबालिगों को पुलिस ने सूरत से किया बरामद

**पडरौना।** रविंद्रनगर पुलिस के प्रयास से एक सप्ताह पूर्व गायब चार नाबालिग को सूरत से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने नाबालिग लड़कियों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराकर उन्हें वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। सोमवार को कोर्ट में बयान कराने के बाद परिवारीजनों को सुपुर्द किया जायेगा।

रविंद्र नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन बहनें तथा उनके मामा की एक बेटी पिछले 17 अगस्त को घर से गायब हो गईं। नाबालिग लड़कियों के पिता की तहरीर पर रविंद्र नगर पुलिस ने 18 अगस्त को अपहरण का केस दर्ज कर उन्हें बरामद करने में जुट गई। गायब तीन बहनें व एक पिपरा बाजार के उनके मामा की बेटी सहित चारों की तलाश में पुलिस जुट गई थी।

# आपसी भाईचारा के साथ मनाएं जन्माष्टमी

**जटहा बाजार।** जटहा बाजार थाना परिसर में जन्माष्टमी, डोल मेला व चेहल्लुम को लेकर शनिवार को थाना प्रभारी राजकुमार बरवार की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि एसडीएम महात्मा सिंह व सीओ उमेश चंद्र भट्ट शामिल हुये। एसडीएम ने कहा कि जन्माष्टमी आपसी सौहार्द व भाईचारे का पर्व है। इसे हर्षोल्लास के साथ मनाना

# प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों संग की बैठक

**दुदही।** नवागत थानाध्यक्ष विशुनपुरा ने व्यापार मंडल दुदही के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को बैठक कर सहयोग तथा सामंजस्य स्थापित करने की अपील की। दुदही नगर पंचायत स्थित धर्मशाला में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों तथा व्यापारियों के साथ बैठक की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र में दुदही सबसे बड़ा कस्बा है।

# राजस्व टीम ने सीलिंग की भूमि से हटवाया कब्जा

जासं, जोकवा वाजारः कसया के रहसू जनूबी पट्टी में शनिवार को नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी ने सीलिंग की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। गांव निवासिनी नीतू देवी ने कुछ दिन पूर्व एसडीएम कसया योगेश्वर सिंह को शिकायती पत्रक देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर सीलिंग की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाई थी।

एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार, कानूनगो नंदलाल पाठक, कन्हैया यादव, लेखपाल सनी गुप्ता, राधेश्याम सिंह को साथ लेकर मौके पर पहुंची। भूमि पर झोपड़ी व पक्का निर्माण कर कब्जा किया गया था। टीम ने उसे हटवाते हुए पुनः अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की बात कही। प्रधान प्रतिनिधि मारकंडेय प्रसाद, कन्हैया यादव, अरविन्द सिंह, रामअशीष सिंह आदि मौजूद रहे।



रहसू जनूबी पट्टी में अभिलेख देखतीं नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी (बीच में) • जागरण

# सूरत में मिलीं कुशीनगर से लापता तीन सगी बहनों समेत चार लड़कियां

**जागरण संवाददाता, पडरौना**: मामा की लड़की के साथ लापता तीन सगी बहनों को रवींद्रनगर धूस पुलिस ने नौंवे दिन शुक्रवार को गुजरात के सूरत शहर से सुरक्षित ढूंढ निकाला। चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात सभी को वन स्टाप सेंटर पर रखा गया है। सोमवार को पुलिस इनका कलमबंद बयान कराएगी। लड़कियों ने माता-पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर घर छोड़ने की बात बताई है।

बीते 17 अगस्त को रवींद्रनगर धूस इलाके के एक अधेड़ ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी तीन पुत्रियां 17 वर्ष, 15 वर्ष व 14 वर्ष के अलावा उनके साले की 15 वर्षीय लड़की घर से लापता हैं। चारो सुबह कालेज के लिए गईं, पर घर नहीं लौटीं। पुलिस लड़कियों की तलाश में जुट गई। दो लड़कियां अपने साथ मोबाइल भी ले गईं थीं। पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली। अगले दिन लड़कियों का लोकेशन लखनऊ का मिला। पुलिस टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

टीम जब लखनऊ पहुंची तो लड़कियों का लोकेशन दिल्ली का मिला। पीछा करते हुए पुलिस वहां पहुंची तो लड़कियों के जयपुर फिर सूरत में होने का लोकेशन मिला। पुलिस टीम ने सूरत पुलिस से मदद मांगी। फोटो व मोबाइल नंबर के आधार पर सूरत पुलिस ने लड़कियों को रेलवे स्टेशन से सुरक्षित ढूंढ निकाला। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि मोबाइल से बात करने पर स्वजन की डाट-फटकार से नाराज होकर घर से निकल गईं।

ट्रेन के माध्यम से यहां तक पहुंचीं। एसएचओ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवार को लड़कियों का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान होगा। आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# सिसवा गोपाल गांव के पोखरे में मिला मगरमच्छ



ट्राली पर लदा गया मगरमच्छ • जागरण

**जासं, खड्डा**: थाने के सिसवा गोपाल गांव में एक व्यक्ति के पोखरा में मौजूद मगरमच्छ को शनिवार को वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया। उसे ट्राली पर रखकर ले जाया गया और नारायणी नदी में छोड़ दिया। ग्रामवासी हरिओम के पोखरा में मौजूद मगरमच्छ को सुबह कुछ बच्चों व महिलाओं ने देखा तो शोर मचाया। देखते-देखते ही वहां भीड़ इकट्ठी हो गई। किसी ने वन विभाग को सूचना दी तो डिप्टी रेंजर अमित तिवारी के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम आई। ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता मिली। उसे ले जाकर नारायणी नदी में छोड़ा गया। डिप्टी रेंजर ने बताया कि मुख्य पश्चिमी गंडक नहर से भटक कर मगरमच्छ पोखरा में चला आया था।

# नष्ट कराई गई चार हजार लीटर कच्ची



कच्ची को नष्ट करता बुलडोजर व मौजूद पुलिस व प्रशासनिक टीम • जागरण

**जासं, कप्तानगंज**: थाने में वर्ष 2017 से 2022 तक कुल 219 मुकदमों में बरामद देसी व कच्ची चार हजार लीटर शराब न्यायालय के आदेश पर शनिवार को तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी व क्षेत्राधिकार कसया कुंदन सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर में बुलडोजर से गड्ढा खोदवा कर नष्ट कराया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव, अभय राय, शैलेश यादव, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय खेतान आदि मौजूद रहे।

# कुशीनगर से गायब नाबालिग सूरत में मिली

**बरवापट्टी :** बरवापट्टी क्षेत्र के एक गांव से बीते 14 अगस्त से गायब हुई नाबालिग लड़की शुक्रवार की देर रात हनुमान चौक पर एक लड़के के साथ मिली। इस मामले में पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह घर से सूरत पहुंची, जहां बस स्टैंड पर रो रही थी कि दूसरे टोला के एक युवक देखा और घर लेकर आया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। (जासं)

# तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, साखोपार**: कसया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फर्जी तरीके से सरकारी योजना का लाभ दिलाने वाले तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साखोपार के प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पडरौना कोर्ट में वाद दायर किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के तीन लोग फर्जी तरीके से सरकारी योजना का लाभ नाबालिगों को दिलाए हैं। लाभ दिलाने के लिए फर्जी कागजात का सहारा लिया गया है, जिससे लाभार्थियों को ढाई लाख रुपये प्राप्त हुए। आरोपितों उसमें आधा ले चुके हैं। सुनवाई के बाद न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार को साखोपार निवासी संतोष गुप्ता, अशोक चौहान व आशुतोष गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक डा.आशुतोष तिवारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# थाने पर आने वाले पीड़ितों को दिलाएं न्याय : एएसपी

**जासं, कुबेरस्थान**: एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कुबेरस्थान थाने का निरीक्षण किया। असलहा व अभिलेखों के रखरखाव पर संतोष जताया। पुलिसकर्मियों को दायित्वों के प्रति सतर्क रहने तथा थाने पर आए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का निर्देश दिया। शुक्रवार देर रात पहुंचे एसपी सबसे पहले कार्यालय गए। परिवार परामर्श केंद्र, एंटी रोमियो, अपराध, नियुक्ति व जन शिकायत रजिस्टर का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। अभिलेखों का रख-रखाव ठीक मिला। इस पर उन्होंने कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों की सराहना की।

इसके पश्चात शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों का मिलान किया। शस्त्र की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीसीटीएनएस पर कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों से उनके दिन भर की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। जिम्मेदारियों के प्रति सचेत किया। परिसर का भ्रमण कर उन्होंने सफाई देखी और प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्त को उच्चकोटि की सफाई रखने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिसकर्मी दायित्वों के प्रति सतर्क रहें।



कुबेरस्थान थाना में असलहों का मिलान करते एएसपी रितेश कुमार सिंह बाएं • जागरण

# सदाचार के साथ नियमों का पालन करें बच्चे : डा. आशुतोष



कसया थाना परिसर में बच्चों को संबोधित करते एसएचओ डा .आशुतोष तिवारी ( बाएं ) ● जागरण

**जासं, कसया**: कसया थाना परिसर में द मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने प्रभारी निरीक्षक डा.आशुतोष तिवारी सहित पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। प्रभारी निरीक्षक ने बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी वितरित की और उन्हें मिठाई खिलाते हुए जीवन में सदाचार अपनाने के साथ नियमों का पालन करने और अनुशासन में रहने की सीख दी।

शनिवार को सुबह स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के बच्चे शिक्षकों के साथ बस में बैठकर थाना परिसर पहुंचे। कार्यक्रम के पूर्व थानाध्यक्ष ने बच्चों के साथ संवाद किया और उनकी अनेक जिज्ञासाओं का समाधान किया। कहा कि नियमों का पालन और अनुशासन में रहकर ही आप देश के जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे।

एसओ ने बच्चों को सुरक्षा के प्रति भी सजग किया। कहा कि आपातकालीन स्थिति में 112 नंबर, महिला को असुरक्षा होने पर 1090, 1098 और आनलाइन फ्राड होने पर 1930 नंबर डायल करें। पुलिसकर्मियों से बेहिचक बात करें और उन्हें अपनी समस्या बताएं।

एसओ ने बच्चों से ऐसा करने की एक स्वर से हामी भरवाई और सभी मोबाइल नंबर नोट किए। इस दौरान छात्र अनिकेत, राहुल, प्रियंका, रजनी, कनिका, अनुष्का समेत सिटी इंचार्ज संजय कुमार सिंह, आशीष सिंह, एसएसआइ हरेराम सिंह, चौकी प्रभारी विवेक कुमार पांडेय, महिला कांस्टेबल ममता, साधना गिरि, शशिबाला सिंह, प्रिया सिंह, प्रियंका, सुमन आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# एंटी रोमियो टीम ने नारी सुरक्षा की दी जानकारी

**सिसवा।** चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को एंटी रोमियो टीम द्वारा कॉलेज की छात्राओं व स्काउट गाइड को मिशन शक्ति के तहत जागरूक करते हुए मिशन शक्ति जागरूकता कार्ड बांटा गया। टीम प्रभारी सुभाष गिरी ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु प्रदेश के सभी थानों में शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है। इन अपराधो में संलिप्त पाए गए अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाती है।

# पर्व में गंगा-जमुनी तहजीब का दें परिचय

**सिसवा।** कांवड़ यात्रा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी डोल व चेहल्लुम को लेकर सिसवा पुलिस परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गई। इसमें त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने के साथ गंगा-जमुनी तहजीब का परिचय देने की अपील की गई है। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सुनील राय ने कहा कि सोमवार को कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के तमाम बंदोबस्त किए गए हैं। उस दिन भारी वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित होगा।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**श्यामदेउरवा।** श्यामदेउरवा थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम सदर दिनेश मिश्रा, सीओ अजय सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने शांति समिति की बैठक में चेहल्लुम, जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, विश्वकर्मा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि पुलिस सभी पर नजर रखेगी। अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

# थाना दिवस में आए 56 मामलों में 17 निस्तारित



सदर कोतवाली थाना में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियाद सुनते तहसीलदार। ● हिन्दुस्तान

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। दिवस में आए 56 मामलों में अधिकारियों ने 17 को मौके पर ही निस्तारित कर दिया। अन्य मामलों को निर्धारित दिन के अंदर निस्तारित कर एसपी कार्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में सदर तहसीलदार ने फरियादियों की समस्या सुन अधिकांश मामलों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया। दिवस में कोतवाल रवि राय के अलावा पुलिस अधिकारकी शामिल रहे। **फरेंदा संवाद** के अनुसार एसडीएम रमेश कुमार की अध्यक्षता में आए आठ में छह मामलों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने फरेन्दा में थाना समाधान दिवस का जायजा लिया। एएसपी ने कहा कि जमीन संबंधित प्रकरण को पुलिस और राजस्व टीम संयुक्त रूप से निस्तारित करने का कार्य करेंगी। **कोल्हुई संवाद** के अनुसार दिवस में आए दो मामलों में राजस्व संबंधि एक मामले को दोनों पक्ष को बुलाकर निस्तारित कर दिया गया। नौतनवा संवाद के अनुसार एसडीएम मुकेश कुमार सिंह व सीओ आभा सिंह की देखरेख में एक मामले को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। निचलौल संवाद के अनुसार निचलौल थाना परिसर में एसओ सत्यप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक मामला आया। इसे निस्तारण को पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई।

### एसीएमओ ने बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल की जांच की

# बृजमनगंज में अस्पताल सील, संचालक फरार

**कार्रवाई**

- बृजमनगंज कस्बे में संचालित संजीवनी अस्पताल का मामला
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दस्तावेज कब्जे में लिया



बृजमनगंज में शनिवार को एसीएमओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बिना पंजीकरण मिले अस्पताल को सील करा दी। • हिन्दुस्तान

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** स्वास्थ्य विभाग की जांच में बृजमनगंज कस्बे में एक अस्पताल बिना पंजीकरण के मिला। अवैध रूप से संचालित इस अस्पताल में मरीजों का इलाज होने की जानकारी पर पहुंचे एसीएमओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इस संजीवनी अस्पताल को ओटी समेत सील करा दिया। इस मामले में कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

एसीएमओ को इस अस्पताल के नियमविरुद्ध तरीके से संचालित होने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बृजमनगंज स्थित संजीवनी अस्पताल पहुंची। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही अस्पताल संचालक, चिकित्सक व अन्य लोग मौके से खिसक लिए। टीम की जांच में पाया गया कि अस्पताल गैर-पंजीकृत है और अनाधिकृत रूप से संचालित है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओटी सहित पूरे अस्पताल को सील कर दिया और दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया।एसीएमओ डॉ. प्रसाद ने बताया कि अस्पताल से प्राप्त दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद अस्पताल संचालक सहित अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

## साइबर अपराधों से बचाव स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनेगा

# यूपी में दो माह के भीतर 57 साइबर थाने खुलेंगे: योगी

**योजना**



**18** रेंज मुख्यालय पर अभी साइबर क्राइम थाने संचालित हो रहे हैं

**75** जिलों तक इन साइबर क्राइम थानों का विस्तार करने की तैयारी

**जागरूकता सबसे जरूरी** साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम माध्यम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। इसके अलावा बीएसए व डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाए।

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबर अपराधों पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए पुलिस को हर स्तर पर साधन मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हर जिले में साइबर क्राइम थाने की स्थापना की जाए और हर थाने में साइबर सेल बनाई जाए।

**पुलिस लाइंस में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने:** वह शनिवार को साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 18 रेंज मुख्यालयों पर संचालित साइबर क्राइम पुलिस थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाए और वर्तमान में जिला स्तर पर संचालित साइबर सेल को आगे बढ़ाते हुए हर थाने में साइबर सेल गठित किया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के बाद अगले दो महीने के भीतर प्रदेश में 57 नए साइबर क्राइम थानों की स्थापना होगी, जबकि हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क के अलावा अब साइबर सेल भी क्रियाशील होगा। सभी साइबर क्राइम थाने स्थानीय पुलिस लाइंस में स्थापित किए जाएंगे।

**हर जिले से पांच पुलिस अफसरों की होगी ट्रेनिंग:** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। आज कस्टमर केयर फ्रॉड, पेंशन फ्रॉड, बिजली बिल फ्रॉड, वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड, सेक्स्टॉर्सन फ्रॉड, लोन एप फ्रॉड, पार्सल फ्रॉड, फ्रेंचाइजी फ्रॉड, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट फ्रॉड व पॉन्जी स्कीम फ्रॉड के मामले देखने को मिल रहे हैं। आम आदमी इसका सीधा शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हमें हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी। मुख्यमंत्री ने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं, साइबर अपराधों के अन्वेषण व विवेचना के लिये पुलिस बल के विधिवत प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए।

# पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी के रुपये

जासं, महराजगंज : इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबर के चक्कर में फंसकर रुपये दूना करने के चक्कर में मिठौरा निवासी आशीष जायसवाल के खाते से जालसाजों ने 30 हजार रुपये उड़ा दिए थे। शिकायत के बाद साइबर सेल की टीम ने खाते से गायब हुए रुपये वापस करा दिए हैं। मुख्य आरक्षी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व आशीष ने इंटरनेट मीडिया पर एक एड देखा। जिसमें एक सप्ताह के भीतर निवेश के माध्यम से धनराशि दूना करने का दावा किया गया था। जिसमें उसने 30 हजार रुपये निवेश कर दिया। रुपये लेने के बाद वह सिस्टम बंद हो गया।

# अवैध रूप से संचालित संजीवनी अस्पताल सील

- स्वास्थ्य विभाग ने कब्जे में लिया अस्पताल का अभिलेख
- जांच के बाद संचालक सहित अन्य पर दर्ज होगा मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेंद्र प्रसाद ने छापेमारी के दौरान बिना पंजीकरण के संचालित संजीवनी अस्पताल सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग को संजीवनी अस्पताल के नियमविरुद्ध संचालित होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बृजमनगंज थाना स्थित संजीवनी अस्पताल पहुंची। टीम के आने की सूचना मिलते ही अस्पताल संचालक, चिकित्सक व अन्य लोग फरार हो गए। जांच में पता चला कि अस्पताल पंजीकृत नहीं है। अनधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा है। टीम ने ओटी सहित पूरे अस्पताल को सील कर अभिलेखों को कब्जे में ले लिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया है कि अस्पताल संचालक विपिन कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी फुलमनहा हैं।

अस्पताल से प्राप्त अभिलेखों की जांच की जा रही है, जांच के उपरांत अस्पताल संचालक सहित अन्य जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनपद में अनधिकृत रूप से अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे अस्पतालों व उनके संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पति को एक बार और भेजें जेल

## थाना समाधान दिवस में आए 56 मामलों में मात्र 17 का निस्तारण

जासं, महराजगंज: जिले के सभी 20 थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने फरेंदा थाने में सुनवाई की। थानों में आई 56 शिमायतों में से 17 का निस्तारण किया गया। सिंदुरिया थाने में क्षेत्र के एक चौकीदार की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि साहब पति को एक बार और जेल भेज दीजिए।

दरअसल पति-पत्नी में लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसके पूर्व भी सिंदुरिया पुलिस पति के विरुद्ध चार बार शांतिभंग की कार्रवाई कर चुकी है। पत्नी की तहरीर पर दो बार मारपीट का मुकदमा भी दर्ज हुआ, बाद में पत्नी ने ही मामले में अंतिम



फरेंदा थाने में शिकायतों की फाइल देखते एएसपी आतिश कुमार सिंह • जागरण

रिपोर्ट भी लगवा दी है। शुक्रवार को उसने अपर पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत दर्ज कराई थी।

महिला थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि पति-पत्नी काफी समय से अलग रह रहे हैं, पत्नी द्वारा आए दिन उसे परेशान करने की तहरीर दी जाती है।

फरेंदा थाने पर सुनवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करे तथा मामलों का निस्तारण करे। नौतनवा थाने में एसडीएम मुकेश कुमार सिंह ने सुनवाई की। इस दौरान यहां पर भी एक महिला ने शराब पीकर पति द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। जिसपर परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से मामले का समाधान कराया गया। एसडीएम ने लंबित मामले को सप्ताह भीतर निस्तारित कराने का निर्देश दिया।



# दिल्ली-काठमांडू बस से अवैध वसूली की हुई थी शिकायत

जासं, महराजगंज: जिले में एआरटीओ (सहायक संभागीय अधिकारी), पीटीओ (यात्रीकर अधिकारी) समेत आठ लोगों के जेल जाने के बाद पर्यटक बसों और ट्रकों से वसूली के खेल की कलई धीरे-धीरे खुल रही है। अब तक हुई जांच में गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली-काठमांडू बस से अवैध वसूली करने का मामला उजागर हुआ है। दो वर्ष से बंद पड़ी इस व्यवस्था को पीटीओ के साथ मिलकर एआरटीओ ने पुनः चालू करा दिया था, जो उनके लिए गले की फांस बन गई।

गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसों और ट्रकों से वसूली का खेल नया नहीं है। यह लंबे समय से चल रहा था। दो वर्ष पूर्व शिकायत उच्चाधिकरियों तक पहुंची तो तत्कालीन कमिश्नर के निर्देश पर

- सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने नहीं लिया संज्ञान
- बिना परमिट बसों को भी पास कराने का ले लिए थे ठीका

टास्क फोर्स गठित कर जांच की गई तथा अवैध वसूली पर अंकुश लगाया गया। तभी से दिल्ली-काठमांडू बस सेवा से वसूली बंद थी। छह अगस्त को नवागत एआरटीओ प्रदीप कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद यहां पहले से तैनात पीटीओ मथुरा प्रसाद और सक्रिय हो गए। हाईवे पर आनंदनगर व कोल्हुई के पास गैर जनपद, अन्य प्रदेशों से नेपाल आने वाली पर्यटक बसों और ट्रकों से पांच हजार से 10 हजार रुपये तक वसूली की जाने लगी। बिना परमिट की बसों को भोर में चार बजे से सुबह आठ बजे के बीच पास कराने के नाम पर मोटी रकम तय थी। इस वसूली की शिकायत का एआरटीओ ने संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद जिले के अधिकारी सक्रिय हुए तो एआरटीओ प्रदीप कुमार, पीटीओ मथुरा प्रसाद, सिपाही मानसिंह, रामचंद्र, राधेश्याम, गणेश मिश्रा, अनूप, जनार्दन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पर्यटक वाहनों से अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई की गई है।

# पारिवारिक विवाद में एक महिला समेत तीन पाबंद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव संपतिहा में दो पक्षों में हो रहे पारिवारिक विवाद में पुलिस ने शांति भंग की आशंका में एक महिला समेत तीन लोगों को पाबंद किया है।

जानकारी के मुताबिक नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव संपतिहा में संदेश वर्मा व संजय वर्मा उर्फ वाल्मिकी में पुराना विवाद है। जिसको लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची संपतिहा चौकी पुलिस ने एक पक्ष से संदेश वर्मा तथा दूसरे पक्ष से संजय उर्फ वाल्मिकी वर्मा तथा आशा वर्मा को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पारिवारिक विवाद में तीन लोगों को पाबंद किया गया है।

# सावन के आखिरी सोमवार पर रहेगा रूट डायवर्जन

**महराजगंज।** निचलौल सिसवा बाजार से घुघली जाने वाली सड़क पर रविवार सुबह 10 बजे से सोमवार शाम पांच बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। इस सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा। सड़क की एक लेन पर कांवड़िये और दूसरी लेन में बाइक आदि हल्के वाहन गुजारे जाएंगे। क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि सावन के आखिरी सोमवार को निचलौल से सिसवा बाजार होते हुए घुघली जाने वाली सड़क पर दुर्गवालिया नहर पुल और बंदी ढाला के पास से रूट डायवर्जन कर दिया गया है। संवाद

# पति सहित तीन पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं ,निचलौल: क्षेत्र के खम्हौरा गांव की पूजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है।

शुक्रवार को दी गई तहरीर में पीड़िता ने पति जेठ,जेठानी पर मारने पीटने व दहेज के लिए घर से निकलने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संजय कुमार, प्रियंका देवी, विजय के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# दो माह में सभी पुलिसलाइन में साइबर थाने

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों की पुलिसलाइन में साइबर क्राइम थानों की स्थापना के निर्देश दिए है। कहा कि इस कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाए। साथ ही प्रत्येक थाने में साइबर सेल की स्थापना के लिए संसाधन मुहैया कराए जाएं।

सीएम के निर्देश पर वर्तमान में परिक्षेत्रीय स्तर पर संचालित साइबर क्राइम थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाएगा। साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान शनिवार को सीएम ने कहा कि तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। कस्टमर केयर, पेंशन, बिजली बिल, वर्क फ्रॉम होम, सेक्स्टॉर्सन, लोन एप, पार्सल, फ्रेंचाइजी, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो



## मुख्यमंत्री का निर्देश- सभी थानों में गठित होगी साइबर सेल

## स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल हो साइबर अपराध

## हर जिले के पांच अफसरों की ट्रेनिंग

साइबर अपराधों की जांच व विवेचना के लिए पुलिस बल के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अपने जिले के प्रत्येक थाने से पांच निरीक्षक, उपनिरीक्षक को साइट्रेन पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

इन्वेस्टमेंट और पॉन्जी स्कीम में हो रहे फ्रॉड का आम आदमी शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी।

सीएम ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। बीएसए, डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, फिर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियांवित करने के निर्देश दिए।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# शटर तोड़ कर बैट्री चुराने वाले दो आरोपी लोहे की राड व डीसीएम समेत गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)।** हाइवे के किनारे बैट्री सर्विस की दुकान का शटर तोडकर चोरी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने खम्हरिया गंगाराम मोड से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से डीसीएम पर रखा चोरी का दो बैट्री व लोहे का राड बरामद किया गया है। दोनों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि कोतवाल राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज कुमार दूबे, हेडकांसटेबल संतोष कुमार यादव एवं कांसटेबल प्रमोद सिंह की टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर खम्हरिया गंगाराम जाने वाली सडक के मोड से डीसीएम संख्या यूपी 84 एटी 0272 के साथ मैनपुरी जनपद के घिरोर निवासी शिलेष पुत्र उदयबीर सिंह तथा नगला दरगाई निवासी पवन पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीएम से दो चोरी की बैट्री व एक लोहे का राड बरामद हुआ। दोनों ने शुक्रवार की रात कस्बे में हाइवे के किनारे एक बैट्री सर्विस की दुकान का शटर तोडकर चोरी की घटना को स्वीकार किया। दोनों ने बताया कि डीसीएम पर सामान लादकर कुशीनगर, गोरखपुर व बिहार जाते है। वापसी में नेशनल हाइवे के किनारे दुकानों का शटर तोडकर चोरी करते है। पुलिस ने दर्ज अपराध संख्या 244/2023 धारा 457, 380 आईपीसी में 411 आईपीसी की बढोत्तरी करते हुए दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार चोर। फोटो : एसएनबी

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिक लड़की का मुंह दबाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



जानकारी के अनुसान मुण्डेरवा थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि आरोपी सचिन उसकी नाबालिक बेटी को सोते समय मुंह दबाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा राम कृष्ण मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी सचिन पुत्र रामदेव भारती को महादेवा चौराहा के पास से गिरफ्तार करते हुए थाने लायी। जहां से अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा के अलावा उप निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्र, उप निरीक्षक सचिन्द्र, मुख्य आरक्षी मिथलेश मिश्र, आरक्षी विशाल चौधरी, आरक्षी धर्मवीर यादव, आरक्षी निकेश यादव थाना मुण्डेरवा शामिल रहे।

# नाबालिग को भगा कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने का वांछित अरोपी शनिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसे पुलिस हिरासत में लेते हुए न्यायालय रवाना किया गया है।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महेश सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक राकेश पासवान की पुलिस टीम द्वारा शनिवार को थाना पुरानी बस्ती में दर्ज धारा 363, 366 आईपीसी से संबंधित वंछित अभियुक्त छोटू चौधरी पुत्र बहादुर चौधरी निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी महेश सिंह के साथ उप निरीक्षक राकेश पासवान, मुख्य आरक्षी सुनील श्रीवास्तव व महिला आरक्षी पूजा थाना पुरानी बस्ती शामिल रही।




बस्ती : पुलिस हिरासत में आरोपी। फोटो : एसएनबी

# थाना समाधान दिवस : एसपी ने सुनी समस्या

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना सोनहा में आयोजित थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने जन सुनवाई किया। इस दौरान थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को एक एक करके गम्भीरता से सुना और नियमानुसार कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी नेशनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सोनहा पहुंचे। जहां पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सोनहा पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।



बस्तीः सोनहा थाने पर जन सुनवाई करते एसपी गोपला कृष्ण चौधरी। फोटो : एसएनबी

# जमीनी विवाद में मारपीट, दो नामजद

**बस्ती ।** जमीनी विवाद की बात को लेकर आरोपियों ने एक व्यक्ति व उसके परिवार को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज थानान्तर्गत करमहिया गांव में जमीनी विवाद की बात को लेकर अभियुक्त हनुमान प्रजापति व देवी प्रसाद ने अतुल कुमार प्रजापति तथा उसके परिवार को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अतुल कुमार प्रजापति पुत्र छविलाल प्रजापति निवासी करमहिया शुक्ल थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हनुमान प्रजापति पुत्र मिठ्ठु, देवी प्रसाद पुत्र रामखेलावन निवासीगण करमिया शुक्ल थाना कप्तानगंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में चार नामजद, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। परसरामपुर थाने पर लिखित तहरीर देकर विवाहिता दामिनी पुत्री अलगू प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा उसे ताना देते हुए प्रताड़ित करते है। मांग पूरी नही हुई तो उसकी लोगो ने पिटाई की और जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी रानी गुप्ता पत्नी आदित्य गुप्ता, आदित्य गुप्ता, वरुण गुप्ता व विवेक गुप्ता पुत्रगण आदित्य गुप्ता निवासीगण मकान नम्बर 291 गुरु हरिकिशन नगर पश्चिम बिहार न्यू दिल्ली तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 506 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# नायब तहसीलदार ने सुनी फरियादियों की समस्या

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद के सभी थानों पर थाना दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसके क्रम में रूधौली थाने पर नायब तहसीलदार नीरज सिंह की अध्यक्षता ने आयोजन किया गया।

थाना समाधान दिवस के मौके पर कुल 10 मामले सामने शिकायत पंजिका में दर्ज किये गये। जिसमें से दो मामलो का राजस्व तथा पुलिस विभाग के टीम के सहयोग से मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे 8 मामले को शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दिनेश, एसआई राघवेन्द्र सिंह , धर्मेन्द्र , अंकित सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गांजा बरामद , आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती ।** अवैध गांजा के साथ कप्तानगंज थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से गांजा को बरामद करने के बाद मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की गयी है। जनपद में अवैध गांजे की तस्करी को रोके जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत कप्तानगंज थाने की पुलिस को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रोककर तलाशी ली गयी तो उसके पास से 1 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान सनी सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर निवासी हरैया खटकईया थाना हरैया के रूप में की गयी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, मुकदमा

**बस्ती ।** बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी सहित चार लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही लड़की के पिता की शिकायत पर पुरानी बस्ती थाने की पुलिस द्वारा किया गया। पुरानी बस्ती थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को आरोपी छोटू चौधरी बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जिसमें आरोपी के भाई व मां ने भी मदद किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी छोटू चौधरी पुत्र बहादुर चौधरी, छोटू चौधरी की माँ, भाई जितेंद्र चौधरी व मिथुन चौधरी निवासीगण नरहरिया थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रंगे हाथ धराए दो चोर

**विक्रमजोत।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खतमसराय गांव के पास सिरके की दुकान में चोरी करने वाले दो युवको को ग्रामीणों ने दुकान में बन्द कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हे अपने साथ ले गई। बलरामपुर जनपद के सादुल्लानगर निवासी चन्द्रपाल खतमसराय में किराए के मकान में रहते है और गांवों में घूम-घूम कर नमकीन आदि बेचते है। शुक्रवार की देर रात दो चोर उनके किराए के मकान में घुसे और नमकीन सहित अन्य सामान चुरा कर खतमसराय निवासी देवनरायन तिवारी के सिरके की दुकान में ताला तोडकर चोरी करने के लिए घुस गए। लोगों को इसकी भनक लग गई और शटर को बाहर से बंद कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ किया तो उन्होने अपना नाम रवि पुत्र श्यामू चौहान तथा हरी लाल उर्फ हरी पुत्र रामचेत निवासी मुरादीपुर थाना हरैंया बताया। दोनों की संयुक्त तहरीर पर पुलिस ने अपराध संख्या 185/2023 धारा 380, 457, 411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# छात्राओं को सिखाये गये आत्मरक्षा के गुर

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत जीजीआईसी में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये। इसके अलावा उन्हें आपातकाल की स्थिति में विभाग द्वारा प्रदत्त हेल्प लाइन नम्बरो की जानकारी दी गयी।



बस्तीः छात्राओं को आत्मरक्षा का टिप्स देती पुलिस। फोटो : एसएनबी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय द्वारा राजकीय कन्या इण्टर कालेज में इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में उपस्थित सभी छात्राओं को भारतीय दण्ड विधान में महिला संबंधी कानून की जानकारी, पाक्सो एक्ट, दहेज अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे-1090 वीमेन पावर लाइन,1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा,102 स्वास्थ्य सेवा,108 एंबुलेंस सेवा,साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930 तथा थाने का सीयूजी नंबर देकर जागरूक किया गया तथा उपस्थित सभी छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये तथा अपराध के प्रति बिना किसी से डरे आवाज उठाने हेतु अपील की गयी।

# आपरेशन त्रिनेत्र से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी



बस्तीः पुलिस कर्मियों को जानकारी देते आईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

**बस्ती (एसएनबी)।** अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा मण्डल के बस्ती, सन्तकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जनपद में महत्वपूर्ण स्थानों पर करीब 10 हजार से अधिक सीसी टीवी कैमरे लगवाये गये है। जिसके माध्यम से पुलिस को अपराधियों के धड़ पकड़ में सहूलियत मिलेगी और अपराध में कमियां आयेगी। यह जानकारी परिक्षेत्रीण कार्यालय में बैठक के दौरान पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने दी।

**मण्डल में दस हजार से अधिक लगवाये गये सीसीटीवी कैमरे**

उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि आपरेशन त्रिनेत के तहत परिक्षेत्र के तीनों जनपदों मे लगभग कुल 10000 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये है। परिक्षेत्र के जनपदों के महत्वपूर्ण चौराहों की मानिटरिंग थाना/ परिक्षेत्रीय कार्यालय स्तर से की जा रही है। थानो पर लाइव देखा जा रहा है। परिक्षेत्र के जनपदों मे प्रमुख चौराहो/ भीड-भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा की कनेक्टिविटी थानों एवं रेन्ज कार्यालय से की गयी है। जिससे सुगम यातायात प्रबन्धन/ अपराध नियंत्रण पर प्रभावी कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बस्ती मण्डल सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने वाला प्रदेश का पहला परिक्षेत्रीय कार्यालय होगा।

# चार आरोपियों को एससी एसटी में दो-दो वर्ष की जेल

**बस्ती (एसएनबी)** आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना रुधौली द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप एससी/एसटी एक्ट के चार अभियुक्तों को दो-दो वर्ष के कारावास व तथा अर्थदंड की हुई सजा न्यायालय द्वारा सुनाई गयी।

वर्ष 2012 एक महिला ने थाना छावनी को तहरीर देकर बताया था कि गोल बनाकर आये अभियुक्तो ने उसकी जमीन पर कब्जा करने लगे। मना करने पर अभियुक्तगण ने उसको गाली देते हुए लाठी डण्डे से वार किया जिससे उसका हाथ टूट गया तथा शरीर के अन्य भाग पर भी काफी चोट आई तथा बीच बचाव करने आये परिवार के लोगों को भी मारे पीटे तथा धमकी देते हुए भाग गये। थाना छावनी पर पंजीकृत धारा 504 आईपीसी व 3(1)(एक्स) एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के बाद आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना रुधौली द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप आरोपी शफीक पुत्र हनीफ , शकील पुत्र जुमाऊ , जमालू पुत्र नजबुद्दीन , नसीम पुत्र वकील निवासीगण ग्राम हसनी थाना रुधौली को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण)अधिनियम बस्ती द्वारा दो-दो वर्ष के कारावास व पांच-पांच हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

नमाज अदा करने जा रहे वृद्ध की मौत का मामला

# जंगली जानवर के मिले पदचिह्न एक्सपर्ट के पास भेजने की तैयारी

**गौर(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेंहदिया रमदत्त गांव में नमाज पढ़ने जा रहे बृद्ध का सडक के किनारे शव मिलने के मामले में वन विभाग की टीम को काबिंग के दौरान कुछ जंगली जानवरों के पद चिन्ह पाए गए है। पहचान के लिए चिन्ह को विशेषज्ञों के पास भेजने की तैयारी चल रही है।

**वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय, तेंदुए का लग रहा पदचिह्न : रेंजर**

गौरतलब है कि मेहदिया रमदत्त निवासी 70 वर्षीय मनौवर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे पैदल मेंहदिया खडग बहादुर शाही मस्जिद पर नमाज अदा करने जा रहे थे। घर से लगभग सात सौ मीटर दूर खडंजे के किनारे खून से लथपथ उनका शव पाया गया था। लोगों ने जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई जिसके बाद वन विभाग की चार टीमें लगाई गई। काबिंग के दौरान जंगली जानवरों के कुछ पद चिन्ह पाए गए जो तेंदुए के समान थे। पहचान के लिए चिन्ह को विशेषज्ञों के पास भेजने की तैयारी चल रही है। रामनगर की रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिए है। पद चिन्ह तेंदुए का लग रहा है लेकिन पहचान के लिए एक्सपर्ट के पास भेजा जाएगा।

# नाबालिग से दुराचार केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** घर के बरामदें में सो रही नाबालिक लड़की का मुंह दबाकर आरोपी एक खाली मकान में ले गया जहां पर उसके साथ जबरन दुराचार किया।

मामले में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी जो घर के बरामदे में सोई हुई थी उसे आरोपी सचिन मुंह दबाकर उठा ले गया और जयनाथ के खाली पड़े मकान में उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया। आरोपी ने लड़के के चेहरे पर दांत से काटकर जख्मी भी कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन पुत्र पुत्र रामदेव भारती निवासी देवरिया रामपुर थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 376(3), 324 आईपीसी व 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में व्यक्ति घायल, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर एक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। कलवारी थानान्तर्गत शिव चौराहा कुसौरा बाजार स्थित तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 51 बीएफ 1036 के चालक ने मोहम्मद हसन निवासी बहादुरपुर को ठोकर मार दिया। जिससे वह घायल हो गये। मामले में घायल के पुत्र मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद हसन निवासी बहादुरपुर थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जालसाजी कर खाते से निकाले लाखो रुपये, केस

**बस्ती ।** एक व्यक्ति ने जालसाजी कर महिला समेत कई अन्य लोगो के खाते से लाखो रूपये की निकासी कर लिया। पैसे मांगने पर देने से इन्कार कर दिया। दुबौलिया थाने पर शिकायत करते हुए पीड़िता ताहिरा खातून पत्नी अख्तर अली निवासिनी सेमरा मुस्तहकम ने बताया कि उसके खाते से आरोपी सूरज ने 30 हजार के स्थान पर 60 हजार रूपये निकाल लिया। जानकारी होने पर जब उसने अपना पैसा मांगो तो पैसे देने से इन्कार कर दिया। इसी तरह से उक्त आरोपी द्वारा धर्मराजी देवी पत्नी किशोरे निवासिनी हरिहरपुर थाना दुबौलिया के खाते से 46,000 रूपया तथा नीलम देवी पत्नी रामसूरत निवासी रेवटिया थाना दुबौलिया के खाते से भी कुछ रूपया जालसाजी करके निकाल लिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज पुत्र मातिवर निवासी लमती थाना दुबौलिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# एएसपी व सीओ ने की जन सुनवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी ने थाना कप्तानगंज पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कप्तानगंज पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों के शत-प्रतिशत त्वरित/ निष्पक्ष/ समयबद्धता/ गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने मातहतो को निर्देशित किया कि क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में कमी अथवा जड़ से खत्म करने के लिए हर सम्भव कार्यवाही करें। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिदिन टीम बनाकर थानाध्यक्षो तथा चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त करने का निर्देश दिया।



बस्तीः कप्तानगंज थाने पर जन सुनवाई करते एएसपी व सीओ। फोटो : एसएनबी

# मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो थाने पर प्रदर्शन

बभनान। प्रधान के पति के साथ जानमाल की धमकी देने के मामले में पांच दिन बाद भी केस दर्ज नहीं हुआ तो ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरदीप शुक्ल की अगुवाई में प्रधान संघ ने थाना गौर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक गौर से मिलकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। शनिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरदीप शुक्ल, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा,अजीत शुक्ला, जिलाजीत सिंह की अगुवाई में प्रधानों का हुजूम थाना पर पहुंचकर प्रदर्शन किया।

# छात्राओं को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

बस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने जीजीआईसी में उपस्थित सभी छात्राओं को आईपीसी में महिला संबंधी कानून की जानकारी, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। सरकार की ओर से प्रदत्त किए गए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक देंगे धरना

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में परसरामपुर बीआरसी में शनिवार को पेंशन बहाली के लिए रणनीति बनाई। 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना देकर देंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला धराया

बस्ती। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र में एक नाबालिग संग हुई दुष्कर्म की एक घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। घटना में शामिल रेप के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी सचिन (26) निवासी देवरिया रामपुर को न्यायालय में पेश किया गया। फिर उसे न्यायालय के आदेश पर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि पीड़िता अपने घर के बरामदे में सोई हुई थी। आरोपी सचिन ने उसका मुंह दबाकर खाली पड़े मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वहां से भाग गया था।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू

बस्ती, निज संवाददाता। किसान पीजी कॉलेज में छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर छात्रनेताओं ने शनिवार से आमरण अनशन शुरू किया। हालांकि महाविद्यालय नियंताओं ने छात्रनेताओं को मनाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पिछले चार दिनों से छात्रनेता छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। मांगे पूरा नहीं होने पर आमरण अनशन शुरू किया।

किसान पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए छात्रनेता आयुष पाण्डेय, अमित सिंह, अनीश यादव, आनंद त्रिपाठी, विशाल पाठक, सोनू पाण्डेय, आनंद दुबे, अजय महाविद्यालय गेट पर धरना दे रहे थे। छात्रनेताओं का आरोप है कि उनकी मांग को लेकर महाविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा था। इस कारण शनिवार से छात्रनेता आमरण अनशन पर बैठ गए। अमित सिंह और रुद्रआदर्श पांडेय ने शनिवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया। महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर डॉ. शिवेन्द्र मोहन पांडेय और डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने छात्रनेताओं से कहा कि उनकी मांग को सक्षम लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा।

# किशोरी को भगाने के मामले में चार नामजद

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने शहर के एक मोहल्ले से 16 वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में गांव के ही छोटू चौधरी, उसकी मां, भाई जितेंद्र और मिथुन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में सात ससुरालियों पर केस

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने कस्बा निवासी दामिनी की तहरीर पर सात ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दामिनी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी नई दिल्ली के हरिकिशन नगर पश्चिम बिहार में हुई है। इस मामले में पुलिस ने हरिकिशन नगर पश्चिम बिहार नई दिल्ली निवासी रानी गुप्ता, आदित्य गुप्ता, वरुण गुप्ता, विवेक गुप्ता व तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बाइक से टक्कर मारने पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने शिवचौराहा (कुसौरा बाजार) में बाइक चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वादी बहादुरपुर निवासी जावेद के पिता मोहम्मद हसन को टक्कर मार दिय। इस दुर्घटना में मो. हसन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने सेमरा मुस्तहकम निवासी ताहिरा खातून की तहरीर पर लमती गांव निवासी सूरज के खिलाफ अमानत में खयानत व धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है। पुलिस दिए तहरीर में ताहिरा खातून ने बताया है कि सूरज ने उसके खाते से धोखाधड़ी से 30 हजार के बजाय 60 हजार निकाल लिए। सूरज ने हरिहरपुर निवासी धर्मराजी के खाते से 46 हजार जबकि रेवटिया गांव निवासी नीलम के खाते से धोखाधड़ी कर धन निकाल कर हड़प लिया है।

**पृथ्वीराज चौहान जन अधिकार रैली आज** : बस्ती। आम जनता पार्टी सोशलिस्ट की ओर से में 27 अगस्त को आफिसर्स क्लब परिसर में दिन में सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन अधिकार रैली का आयोजन किया गया है।

# दो घंटों में दो चोरी करते दो धराए

घघौवा। खतमसराय गांव में शुक्रवार रात गांव में दो जगह चोरी करते रंगेहाथ दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। दोनों घटनाएं दो घंटे के अंतराल में हुई। देवमणि तिवारी की सिरका-अचार की गुमटी का ताला तोड़कर घुसे एक किशोर को रंगेहाथ ग्रामीणों ने धर दबोचा। शौच के लिए गए एक टॉयर मिस्त्री ने दो लोगों को दुकान में घुसते हुए देखा तो इसकी सूचना दुकान मालिक को दी। गांववालों ने गुमटी को घेर लिया। वहां मौजूद किशोर ने एक बोरे में सारा सामान व कुछ नकदी भरकर भागने की फिराक में था। ग्रामीणों ने चोर को चौकी इंचार्ज विक्रमजोत चंद्रकांत पांडेय को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। घटना के दो घंटे बाद वह लोग थाने से लौट रहे थे कि खतमसराय चौराहे के पास खदेरू यादव के घर के बाहर एक चोर को टुल्लु पंप खोलते दबोच लिया।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में वांछित छोटू, निवासी नरहरिया, थाना पुरानी बस्ती को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

पुलिस का दावा है कि मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है।

# समाधान दिवस में भूमि विवाद के मामलों की भरमार

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** सोनहा थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में सुनवाई करते हुए एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि थाने पर आने वाली शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। भूमि विवाद से जुड़े मामले के निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों की टीम बनाकर मौके पर रवाना की। एसडीएम आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए कुल दस में से पांच मामलों का निस्तारण कराया गया।

कोतवाली बस्ती में एसएचओ विनय पाठक की अध्यक्षता में थाना दिवस की सुनवाई हुई। यहां पर कुल सात मामले दर्ज किए गए। जिनमें से पांच राजस्व व दो पुलिस से संबंधित रहे। मौके पर पुलिस से संबंधित दोनों मामले का निस्तारण करा दिया गया। छावनी थाने पर नायब तहसीलदार कमलेन्द्र सिंह, वॉल्टरगंज थाने पर एसडीएम रुधौली गिरीश झा व सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने सुनवाई की जबकि कप्तानगंज समाधान दिवस में भी एएसपी दीपेंद्र चौधरी ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की।



शनिवार को सोनहा थाने में सुनवाई करते एसपी, साथ में एसडीएम भानपुर। ● हिन्दुस्तान

**मुंडेरवा में पसरा रहा सन्नाटा :** मुंडेरवा में समाधान दिवस पर सन्नाटा पसरा रहा। फरियादी नहीं आए कुर्सियां खाली रहीं। हरैया थाने पर आयोजित समाधान दिवस के मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय व नायब तहसीलदार शौकत अली की देखरेख में आयोजित हुआ। जिसमें 15 मामले आए, जिनमे पुलिस से संबंधित दो मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। रुधौली थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार नीरज सिंह ने किया। समाधान दिवस में कुल दस मामले आए, जिसमें एक मामले का मौके पर टीम भेजकर निस्तारण किया गया।

## चार साल बाद मिला न्याय

कुदरहा। क्षेत्र के मटियरिया उर्फ हरखौलिया गांव की रहने वाली रत्नावती को चार साल बाद न्याय मिल गया। इन्दिरा आवास से बेदखल मायके में निर्वासित जीवन काट रही पीड़िता को थाना दिवस में शनिवार को एसडीएम ने पुलिस संरक्षण में कब्जा दिलाया। दबंगई कर रहे पट्टीदारों को शांतिभंग में जेल भेजा गया।

# बाइक चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

हर्रैया। मार्ग दुर्घटना में हुए साइकिल सवार की मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को नामजद बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया हैं। बता दें कि क्षेत्र के भदासी गांव के सामने बुधवार को बाइक-साइकिल की भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में साइकिल सवार सदलू की मौत हो गई और उनकी पत्नी घायल हो गई। सदलू के पुत्र बब्लू गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर राजकुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

बिजली-पंखा दुरुस्त करने में जुटा मेडिकल कॉलेज प्रशासन

# राज्यपाल बस्ती में टीबी मरीजों से वार्ता करेंगी

**कार्यक्रम**

**बस्ती, निज संवाददाता।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का दौरा जिले में चार सितंबर को प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत प्रशासन व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में जुटा है। इसी क्रम में महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा इकाई ओपेक चिकित्सालय कैली में जो खामियां हैं, उसमें तेजी से सुधार किया जा रहा है। सर्वाधिक फोकस चिल्ड्रेन वार्ड और महिला वार्ड पर है। कैली में ही टीबी से संबंधित मरीजों से वार्ता करते हुए उनका हाल पूछेंगी। इसे लेकर डीएम ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल के मिनट टू मिनट प्रोग्राम के मद्देनजर तैयारियां की जा रही हैं। कैली परिसर की साफ-सफाई, नाला खुदाई और उसकी सफाई, मिट्टी पटाई कार्य, मेडिकल वार्डों की साफ-सफाई, बिजली, पंखा-कूलर आदि व्यवस्था दुरुस्त किए जा रहे हैं। इसके अलावा महिला और चिल्ड्रेन वार्ड में सभी जीवनरक्षक मेडिकल उपकरण और दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम प्रियंका निरंजन ने सीएमएस कैली को निर्देश दिए हैं कि संयुक्त टीम बनाकर सभी कार्य 30 अगस्त तक पूर्ण करें, ताकि निरीक्षण के समय कोई कठिनाई न हो। सीएमएस का कहना है कि कार्य तेजी से हो रहा है।



शनिवार को विकास खंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत चौकवा पहुंचकर डीएम ने तैयारियों का जायजा लिया। • हिन्दुस्तान

# राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारियां हुईं तेज

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल चार सितम्बर को बस्ती दौरे पर आ रही हैं। राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों मे जुटा है। कार्यक्रम जनपद में आगामी चार सितम्बर को प्रस्तावित है, जिसके दृष्टिगत डीएम श्रीमती प्रियंका निरंजन ने विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम लेदवा में अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत, आगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

मेडिकल कॉलेज, महिला अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर निरीक्षण के बाद डीएम ने सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। शनिवार को उन्होंने विकास खंड सल्टौआ के लेदवा ग्राम पंचायत का दौरा किया तो शाम को विभिन्न विभागों से जुड़े 50 से अधिक अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा की।

**लेदवा पहुंच कर लिया जायजा : सल्टौआ।** डीएम प्रियंका निरंजन प्रशासनिक अमले के साथ विकास खंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत चौकवा पहुंची। वहां पर लेदवा ग्राम में बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। जहां पर मिली कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो राज्यपाल यहां के अमृत सरोवर का निरीक्षण करेंगी।



गिरफ्तार अंतर जनपदीय चोरों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व थाने के प्रभारी निरीक्षक। ● हिन्दुस्तान

# बस्ती में धराए मैनपुरी के दो अंतरजनपदीय चोर

बस्ती, निज संवाददाता। बस्ती में शटर तोड़कर चोरी करने वाले दो अंतरजनपदीय चोरों को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान व उपकरण बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों चोर मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं।

सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात तकरीबन साढ़े दस बजे हर्रैया के खम्हरिया गंगाराम मोड़ से दो अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान शिलेष और पवन निवासी नगला दरगाई, थाना घिरोर, जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है। उन्होंने जिले के हर्रैया में नेशनल हाईवे पर स्थित बैट्री सर्विस की दुकान का शटर तोड़कर बैटरी चोरी की थी।

- चोरों के पास डीसीएम, बैटरी व आला नकब बरामद
- पकड़े गए दोनों आरोपी मैनपुरी के घिरोर क्षेत्र के रहने वाले

## ऐसे करते थे चोरी

डीसीएम पर माल लोड कर कुशीनगर, गोरखपुर और बिहार बॉर्डर तक ले जाते थे। माल खाली कर लौटते समय नेशनल हाईवे किनारे सुनसान स्थानों की दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करते थे। चोरी का माल डीसीएम पर रखकर आगे ले जाकर बेच देते थे।

उनके पास से डीसीएम गाड़ी, उस पर रखी दो बैटरी व आला नकब बरामद हुआ है।

# बस्ती रेंज में अब तक लगे दस हजार सीसीटीवी कैमरे

बस्ती। परिक्षेत्र में 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' अपराधियों के गले की फांस बनता जा रहा है। इसके जरिए अपराध पर अंकुश लगाने के मकसद से रेंज पुलिस तीनों जिलों में ऑपरेशन त्रिनेत्र चला रही है। स्पेशल ऑपरेशन के तहत पूरे परिक्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाना है। अब तक दस हजार सीसीटीवी कैमरे संवेदनशील जगहों पर लगाए जा चुके हैं। पुलिस महानिरीक्षक रेंज आरके भारद्वाज ने कहा कि कैमरे की मदद से अपराधियों तक पुलिस पहुंचने में कामयाब हो रही है। आईजी ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से होगी परिक्षेत्र के जिलों के बाजारों, महत्वपूर्ण चौराहों की मॉनिटरिंग की जा रही है। थानों को लाइव देखा जा रहा है।

# डीएनए जांच के लिए महिला ने दिया सेंपल

सल्टौआ। सोनहा थानाक्षेत्र के खाजेपुर गांव के बरगदहवा टोले के पास गन्ने के खेत में मिले कंकाल को अपने बेटे का दावा करने वाली महिला का शनिवार को सैम्पल लिया गया। पुलिस के अनुसार कंकाल, महिला और महिला के एक अन्य बेटे का डीएनए सैम्पल लेकर जांच को भेजा जाएगा। यदि डीएनए मैच होता है तो महिला के प्रार्थना-पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश सिंह, फोरेंसिक टीम के साथ सीएचसी भानपुर पहुंचे। वहां पर डॉ. सचिन के देखरेख में महिला दुर्गावती और उसके बड़े बेटे विजय के खून का सैम्पल लिया गया। यह सैम्पल कंकाल के सैम्पल के साथ डीएनए टेस्ट कराने के लिए गोरखपुर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। सोनहा थाने के एक खेत में 19 अगस्त को एक कंकाल मिला था। इस कंकाल को दुर्गावती ने अपने बेटे का होने का दावा किया था।

धान के खेतों में मिले पदचिह्न, जांच के लिए एक्सपर्ट को भेजा, मेहदिया रामदत्त से गोंडा सीमा तक सर्च जारी

# जंगली जानवर की तलाश, खौफ में बीती रात

**फॉलोअप**

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** जंगली जानवर के हमले से मौत का शिकार हुए मनौव्वर हुसैन की घटना को लेकर वन विभाग ने खेत और बाग में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान मिले पदचिह्न को जांच के लिए एक्सपर्ट को भेजा गया। वन विभाग की टीम ने लोगों से अपील किया कि शौच के लिए बाहर न जाएं। बच्चों और जानवरों को अकेला न छोड़ें।

शनिवार को क्षेत्रीय वन अधिकारी रामनगर सोनल वर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी कप्तानगंज एचएल अवस्थी व क्षेत्रीय वन अधिकारी हर्रैया श्रद्धानंद पाण्डेय टीम के साथ गौर थानाक्षेत्र के मेहदिया रामदत्त गांव पहुंचे। टीम का नेतृत्व कर रहीं क्षेत्रीय वन अधिकारी सोनल वर्मा ने कहा कि सर्च अभियान में पदचिह्न और मल की तलाश करना है। इसके बाद टीम घटनास्थल से लेकर गोंडा सीमा तक खेत-बाग की खाक छानती रही। इस दौरान मिले पदचिह्नों को जांच के लिए एक्सपर्ट को भेजा गया। साथ ही टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि तेंदुए की सूंघने की क्षमता बहुत अधिक होती है। इसलिए परफ्यूम और इत्र लगाकर खेत-बाग की तरफ न निकले। तेंदुआ दिन में सोता है और रात में विचरण करता है। इस बाबत क्षेत्रीय वन अधिकारी सोनल वर्मा ने बताया कि शनिवार को घटनास्थल से लेकर गोंडा सीमा तक सर्च अभियान चलाया गया है। कुछ पदचिह्न मिले हैं, जिसको जांच के लिए एक्सपर्ट को भेजा गया है। वन विभाग की टीम अभी कैंप करेगी। ड्रोन कैमरे से भी सर्च अभियान चलाया जाएगा।

**दर्जनों गांवों के लोगों में तेंदुए का खौफ: बभनान।** जंगली जानवर के हमले से मौत के शिकार हुए मनौव्वर हुसैन की घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना था कि बीती रात खौफ में बिताई है। गौर थानाक्षेत्र का मेहंदिया रामदत्त डेंगरहा ग्राम पंचायत का राजस्व गांव है। ग्राम प्रधान एजाज खान का कहना है कि जब तक जंगली जानवर पकड़ा नहीं जाता है। स्थानीय लोगों में जंगली जानवर का खौफ बना रहेगा। रात में लघुशंका के लिए निकलते वक्त भी लोगों को भय सता रहा है। वहीं मेहदिया खड्ग बहादुर शाही की मालती, रेशमा का कहना है कि जब से घटना हुई है। घर से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। बच्चों और जानवरों को घर में बंद कर रखा है।



गौर थानाक्षेत्र के मेहंदिया रामदत्त से गोण्डा सीमा तक वन विभाग का सर्च अभियान जारी। • हिन्दुस्तान

## डेंगरहा में लगी गुहार, वन विभाग की टीम पहुंची

**बभनान।** बीती रात मेहंदिया रामदत्त गांव के पड़ोसी गांव डेंगरहा में तेंदुआ दिखने की गुहार लगाई गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आसपास मिले पदचिह्न को देखकर फिशिंग कैट बताया। गौर थानाक्षेत्र के डेंगरहा निवासी मोहितराम का गांव के दक्षिण तरफ सूनसान बाग में घर है। शुक्रवार की रात मोहित राम की पुत्री मनीषा ने एक अद्भुत जानवर देखा और गुहार लगाई। गुहार सुनकर परिजन गुहार करते हुए टॉर्च लेकर दौड़े। जानवर तेजी से गांव के उत्तर दिशा में भागा। तभी गांव की गीता पत्नी बनवारी की नजर उस पर पड़ी तो गुहार लगाई। शोरगुल सुनकर गांव के लोग एकत्र हो गए और वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लोगों का साहस बढ़ाया और जानवर को फिशिंग कैट बताया।



खुटहन गांव में ग्रामीणों ने तेंदुए की आशंका में फिशिंग कैट को मार डाला।

## एसडीएम हर्रैया पीड़ित परिवार से मिले

घटना के दूसरे दिन एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद पीड़ित परिवार से मिलने मेहंदिया रामदत्त गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार ने तेंदुए के हमले से मौत होना बताया। एसडीएम ने पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि जब तक जंगली जानवर चिह्नित नहीं हो जाता है। पुलिस और वन विभाग की टीम कैंप करेगी।

## तेंदुआ समझ कर ग्रामीणों ने फिशिंग कैट को मार डाला

**बभनान।** पड़ोसी जिला गोंडा में तेंदुआ समझ ग्रामीणों ने फिशिंग कैट को मार डाला। आनन-फानन में उसके शव को नदी में फेंक दिया। शुक्रवार की देर शाम गौर थानाक्षेत्र के मेहंदिया रामदत्त निवासी मनौव्वर हुसैन को जंगली जानवर द्वारा मार देने की खबर क्षेत्र में तेजी से फैल गई। इस वजह से आसपास के लोग सतर्क हो गए। शुक्रवार की शाम बस्ती-गोंडा सीमा पर स्थित दहलवा में कुछ लोग धान की निराई कर रहे थे। लोगों की नजर एक जानवर पर पड़ी। शोर मचाने पर लोग बरछी व लाठी-डंडे से लैस होकर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में तेंदुआ समझ कर उसे लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। इसके बाद ग्रामीणों ने कार्रवाई के डर से आनन-फानन में उसे नदी में फेंक दिया। वन विभाग के जानकारों की माने तो ग्रामीणों द्वारा मारा गया जानवर फिशिंग कैट था।

# छात्राओं को बताया आत्मरक्षा के गुर, दिया प्रशिक्षण

**जासं, बस्ती:** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती द्वारा राजकीय कन्या इंटर कालेज में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताए गए। उन्हें सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण भी दिया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को प्रभारी निरीक्षक ने इनरह्वील क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को भारतीय दंड संहिता में महिला संबंधी कानून की जानकारी,पाक्सो एक्ट आदि की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वीमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइनकी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। विज्ञप्ति

# दहेज को लेकर मुकदमा

**बस्ती**: परशुरामपुर कस्बे में रह रहीं दामिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके ससुराल वाले दहेज में रकम व गाड़ी की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करते हैं। मारते पीटते हैं और जानमाल की धमकी भी देते हैं। दहेज मे पैसा व गाड़ी न मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रानी गुप्ता,आदित्य गुप्ता,वरुण गुप्ता, विवेक गुप्ता निवासी मकान नंबर 291, गुरु हरिकिशन नगर, पश्चिम बिहार, न्यू दिल्ली के अलावा तीन अन्य अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

# कलवारी में आयुक्त व एसपी ने सोनहा थाने पर सुनीं शिकायतें



कलवारी थाना में फरियाद सुनते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह • जागरण

**जागरण टीम, बस्ती:** जिले के सभी थानों पर शनिवार का थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कलवारी थाने में आयुक्त ने तो सोनहा थाने में एसपी ने पीडितों की शिकायतें सुनी।

कलवारी थाना परिसर में थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर सुबह 11 बजे आयुक्त अखिलेश सिंह व एक बजे एडीएम कमलेश चंद्र ने शिकायतें सुनी। कुल छह शिकायतों की सुनवाई की गई, मगर मौके पर एक भी निस्तारित न हो सका।

सोनहा थाने पर एसडीएम भानपुर आशुतोष की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने थाना दिवस में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। कुल 10 शिकायतों में से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

कप्तानगंज थाने पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी व नायब तहसीलदार अजीत सिंह ने शिकायतें सुनी। वाल्टरगंज थाने पर एसडीएम रुधौली गिरीश झा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। रुधौली में नायब तहसीलदार नीरज सिंह व प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र ने शिकायतों की सुनवाई की गई। इसमें कुल 10 मामले आए। केवल दो ही निस्तारण हो सका। हरैया थाना पर सीओ शेषमणि उपाध्याय व नायब तहसीलदार शौकत अली ने शिकायतों की सुनवाई की। कुल 15 शिकायतों में से दो का ही मौके पर निस्तारण किया गया। दुबौलिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष इंद्र भूषण सिंह ने कुल सात शिकायतें सुनी। दो का निस्तारण मौके पर किया गया। परशुरामपुर थाने पर चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी हरिश्चंद्र ने शिकायतें सुनी। छावनी थाने पर थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने शिकायतें सुनीं।

# कांबिंग में जंगली जानवर के पद चिह्न मिलने से दहशत

## शुक्रवार को मेहनिया रामदत्त गांव के बुजुर्ग का मिला था शव, कांबिंग के दौरान मिले चिह्न की जांच करेंगे विशेषज्ञ



धान के खेत में जंगली जानवर के पद चिह्न देखते वन विभाग के कर्मचारी • जागरण



गांव में जगह-जगह मिले जंगली जानवर के पद चिह्न • जागरण

जागरण संवाददाता, वस्ती: गौर थाने के मेहनिया रामदत्त गांव निवासी एक बुजुर्ग का खून से लथपथ शव शुक्रवार को दिन में गांव से कुछ दूर खड़ंजा मार्ग पर मिलने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों का मानना है कि बुजुर्ग की मौत किसी जंगली जानवर के हमले में हुई है। यह जानवर तेंदुआ हो सकता है। हालांकि शव का पोस्टमार्टम न होने से इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। वहीं शनिवार को वन विभाग की टीम को कांबिंग के दौरान कुछ जंगली जानवरों के पद चिह्न मिले हैं। इन्हें जांच के लिए विशेषज्ञों के पास भेजा जा रहा है।

रामनगर रेंज की क्षेत्रीय वन अधिकारी सोनल वर्मा ने बताया कि जंगली जानवर को पकड़ने के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। यह मेहदिया रामदत्त और आसपास के गांव में कांबिंग कर रही है। कांबिग के दौरान कई जगह जंगली जानवरों के पद चिन्ह पाए गए हैं। पद चिन्ह किसके हैं के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे पद चिन्ह विशेषज्ञों के पास भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट हो सकेगा की पद चिन्ह किस जानवर के हैं। शुक्रवार की रात भर कांबिंग चलती रही। ग्रामीणों को न तो किसी जंगली जानवर की आवाज सुनाई दी और न ही किसी ने उसे देखा है। वन विभाग की टीम उसे पकड़ने के लिए सतर्क है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जो पदचिह्न पाए गए हैं वह तेंदुआ के पद चिन्ह की तरह लगते हैं।

### यह था पूरा मामला

गौर थाना क्षेत्र के मेहदिया राम दत्त गांव निवासी 60 वर्षीय मनौवर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन शुक्रवार की दोपहर करीब 12.30 बजे पैदल ही छाता लेकर मेहदिया खड्ग बहादुर शाही गांव स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे। बाद में घर से लगभग सात सौ मीटर दूर खड़ंजे के किनारे उनका खून से लथपथ शव मिला।दिवंगत के चेहरे व गर्दन पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे। अंदाजा लगाया गया कि किसी जंगली जानवर ने उसके गर्दन पर हमला कर उन्हें मार डाला। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास तेंदुआ दिखाई पड़ा था। ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि तेंदुए ने ही मनौव्वर पर हमला कर उन्हें मार डाला। पुलिस व वन विभाग के अधिकारी शव का पोस्टमार्टम कराना चाहते थे, मगर परिवार वाले इसके लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने शुक्रवार की रात में ही गांव के कब्रिस्तान में शव को दफना दिया। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ कुछ दिन पहले दिखा था। वन विभाग इसे नहीं मार रहा था।

# बहला फुसलाकर कर भगाने का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस ने शुक्रवार को थाने पर पंजीकृत युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मुकदमे में वांछित आरोपित छोटू चौधरी निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती को मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को छोटू चौधरी ने अन्य के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा लिया है। मामले में पुलिस छोटू के साथ ही तीन अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

# विवाद में मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती:** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के करमिया शुक्ल गांव निवासी अतुल कुमार प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि करमिया गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को भूमि विवाद के चलते अपशब्द कहा और मारा पीटा। जानमाल की धमकी भी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर हनुमान प्रजापति व देवी प्रसाद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संघर्ष की रणनीति बनाई

**21 सितंबर को बीएसए दफ्तर पर धरना देंगे शिक्षक, पेंशन शिक्षकों और कर्मचारियों का अधिकार है**

**जासं, बस्ती :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में परशुरामपुर बीआरसी पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष की रणनीति तय की गई।

जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि 21 सितंबर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्री मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जायेगा।

संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, ब्लाक संरक्षक सतीश शंकर शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन शिक्षक और कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है लेकिन केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती चरणबद्ध ढंग से आंदोलन जारी रहेगा। पेंशन शिक्षकों, कर्मचारियों का अधिकार है, इसे लेकर रहेंगे। परशुरामपुर ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ने संघर्ष के लिये एकजुटता पर जोर दिया। संचालन करते हुए सतीश शंकर शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन लागू करना ही होगा। जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल, संरक्षक रक्षा राम वर्मा, राजीव पांडेय, नरेन्द्र द्विवेदी, सुनील पांडेय, शोभाराम वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, विजय कन्नौजिया, अश्विनी पांडेय, पंच बहादुर यादव, सुखराज गुप्ता, जसवंती देवी, अर्चना चौधरी, प्रतिभा निषाद, राम कुमार, विवेकानंद वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



परिक्षेत्र के संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौराहों की निगरानी के लिए पुलिसकर्मियों को टिप्स देते आइजी आरके भारद्वाज • ज सं.विभाग

# रेंज दफ्तर से की गई सीसीटीवी की कनेक्टिविटी

**सीसीटीवी से निगरानी वाला प्रदेश का पहला परिक्षेत्रीय कार्यालय थानों के अलावा रेंज कार्यालय स्तर हो रही मानीटरिंग**

जागरण संवाददाता, बस्ती : आपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से परिक्षेत्र के जनपदों के भीड़भाड़ वाले बाजारों व सड़कों की निगरानी अब आइजी बस्ती के परिक्षेत्रीय कार्यालय से होने लगी है। आइजी बस्ती का परिक्षेत्रीय कार्यालय सीसीटीवी से निगरानी वाला प्रदेश का पहला परिक्षेत्रीय कार्यालय बना है।

आइजी आरके भारद्वाज ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत के तहत परिक्षेत्र के तीनों जनपदों बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर में लगभग 10 हजार सीसी कैमरे लगवाए गए है।

परिक्षेत्र के सभी जनपदों के महत्वपूर्ण चौराहों की मानिटरिंग थाना [illegible] अलावा परिक्षेत्रीय कार्यालय [illegible] से की जा रही है। थानो पर इसे लाइव देखा जा रहा है। परिक्षेत्र के जनपदों में प्रमुख चौराहा, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित सीसी कैमरों की कनेक्टिविटी थानों एवं परिक्षेत्रीय कार्यालय से की गई है। इससे सुगम यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण पर प्रभावी कार्यवाही करने में आसानी होगी।

आइजी ने अपने कार्यालय के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को एक बड़े एलईडी मानीटर पर परिक्षेत्र में लगे सीसीटीवी की कनेक्टिविटी को दिखाया।

# शटर तोड़कर चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार




हरैया थाने में पकड़े गए चोर, बरामद डीसीएम ट्रक व अन्य सामान तथा पुलिस टीम ● जागरण

**जासं, हरैया, बस्ती**: हरैया कस्बे में शटर तोड़कर चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्हें शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के खम्हरिया गंगाराम गांव के मोड़ से पकड़ा गया। उनके पास से चोरी की दो बैटरी, एक लोहे का राड तथा घटना के दौरान प्रयुक्त डीसीएम गाड़ी बरामद किया गया है।

यह जानकारी हरैया थाने पर क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय ने दी। बताया कि गुरुवार की देररात चोरों ने हरैया में हाईवे पर सिंह बैटरी सर्विस नामक दुकान का शटर लोहे के राड से तोड़कर बैटरी चुरा ले गए। चोर बैटरी को डीसीएम पर लाद कर ले गए थे। पुलिस पीड़ित की सूचना पर चोरों की तलाश शुरू की। घटना की छानबीन में जुटी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मैनपुरी जिले के घिरोर थाना क्षेत्र के शैलेश तथा नंगला दरगाई थाना क्षेत्र के निवासी पवन को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह डीसीएम पर माल लादकर कुशीनगर, गोरखपुर व बिहार ले जाते थे। माल खाली कर वापस आते समय नेशनल हाईवे के किनारे सुनसान स्थान की दुकानों के शटर को तोड़कर सामान भी चोरी कर लेते थे। चोरी के माल को डीसीएम पर रखकर आगे ले जाकर बेच कर देते थे। पुलिस ने दोनों आरोपित पर मुकदमा पंजीकृत किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरैया थाने के प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक मनोज दुबे, संतोष कुमार यादव, प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# बुजुर्ग के पोस्टमार्टम से स्पष्ट हो जाती जानवर की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बभनान (बस्ती)।** गौर क्षेत्र के मेहदिया रामदत्त गांव में वृद्ध पर जंगली जानवर के हमले के बाद शव का पोस्टमार्टम परिवार के लोगों ने नहीं होने दिया, जबकि पोस्टमार्टम होता तो पंजों के निशान किस जानवर के हैं, की पहचान हो जाती। मगर ऐसा हो न सका। इसके चलते वन विभाग की टीम को पंजों के निशान के आधार पर जानवर की पहचान करने में पसीना छूट रहा है।

घटना के बाद सबसे पहले पहुंचे प्रभारी निरीक्षक गौर ने परिवार के लोगों से पोस्टमार्टम की बात कही, मगर परिवार के लोग साफ इन्कार कर दिया। वन विभाग की टीम भी पोस्टमार्टम होने से जानवर की पहचान स्पष्ट होने की पूरी उम्मीद लगाए बैठी थी, मगर जब परिवार

## अब वन विभाग पंजों के निशान में ढूंढ रहा जानवर की पहचान

के लोग उनकी बात नहीं मानी, तो डीएफओ नवीन कुमार शाक्य भी देर शाम वहां पहुंचे। मृतक के बेटों से बातचीत कर लोगों के सुरक्षा का हवाला भी दिया, मगर बात नहीं बनी।

रेंजर रामनगर सोनल वर्मा ने कहा कि मृतक के पोस्टमार्टम से जानवर की पहचान हो जाती, मगर अब तो पग चिह्न ही एकमात्र जानवर की पहचान का सहारा है। परिजनों से पोस्टमार्टम कराने के लिए बार-बार कहा गया, लेकिन वह तैयार नहीं हुए और शुक्रवार की देर शाम ही शव का अंतिम संस्कार कर दिए। अब विशेषज्ञों के पास निशान भेज गया है। वही जानवर की पहचान स्पष्ट कर सकेंगे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी धराया

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म की घटना में पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर दबोच लिया है। आरोपी सचिन (26) निवासी देवरिया रामपुर को पुलिस ने कोर्ट में भेजा गया। जहां फिर उसे न्यायालय के आदेश पर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसएचओ रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि नाबालिग बालिका घर के बरामदे में सोई हुई थी। आरोपी ने उसका मुंह बांध कर बगल के खाली पड़े मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया था। घटना संज्ञान में आते ही पुलिस टीम के साथ संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# तीस हजार रुपये हड़पने में एक पर धोखाधड़ी का केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने सेमरा मुस्तहकम निवासी ताहिरा खातून पत्नी अख्तर अली की तहरीर पर लमती गांव निवासी सूरज के खिलाफ अमानत में ख्यानत व धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में ताहिरा खातून ने बताया कि सूरज ने उसके खाते से धोखाधड़ी से 30 हजार के बजाय 60 हजार रुपये निकाल लिए। शेष रुपये मांगने पर सूरज ने आनाकानी करते हुए रुपये हड़प लिए। संवाद

# ढाई किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के रमवापुर मोड से दो अलग-अलग लोगों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने करीब ढाई किलो गांजा बरामद किया है। उपनिरीक्षक जावेद खान रमवापुर मोड पर जांच-पड़ताल कर रहे थे। इसी बीच हर्रैया थाना क्षेत्र के खटकहिया निवासी सनी सोनकर वहां पहुंचा, जिसे देख पुलिस ने रोका और तलाशी ली। उसके पास से पुलिस ने 1.210 किलो गांजा बरामद किया। इसी कड़ी में पुलिस ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के नरहरिया निवासी राजकुमार चौधरी को भी 1. 260 किलोग्राम गांजा के साथ रमवापुर मोड़ से दबोचा है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में सात पर केस दर्ज

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने कस्बा निवासी दामिनी की तहरीर पर ससुराल के सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दामिनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी नई दिल्ली के हरिकिशन नगर पश्चिम बिहार में हुई है। शादी के बाद ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे ताना मारते थे। उसे मारते पीटते भी थे। दहेज में गाड़ी व धन न मिलने पर जान से मारने की धमकी देते थे। संवाद

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

बस्ती। एसपी के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए गए। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने इनर व्हील क्लब की ओर से उपस्थित सभी छात्राओं को भारतीय दण्ड विधान में महिला संबंधी कानून की जानकारी, पॉक्सो एक्ट, दहेज अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वीमेन पावर लाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन से जागरूक किया। संवाद

# साइबर ठगों का नया फंडा, टेलीग्राम एप से कर रहे ठगी

## सोशल मीडिया में लोकप्रिय हो चुका है मैसेजिंग का टेलीग्राम ऐप, डिजिटल मार्केटिंग के बहाने लोगों को झांसे में लेते हैं साइबर ठग

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। साइबर ठगों ने इन दिनों टेलीग्राम ऐप को ठगी का नया फंडा बना लिया है। यह ठग डिजिटल मार्केटिंग करने वालों को ही ज्यादातर निशाना बनाते हैं। ऐसे मामले लगातार साइबर सेल के पास पहुंच रहे हैं।

जांच में यह मिला है कि डिजिटल मार्केटिंग में रुचि रखने वालों को टेलीग्राम ऐप के जरिये पहले लाभ दिखाकर झांसे में लिया जाता है, और फिर ठग इन्हें अपना शिकार बना लेते हैं। मार्केटिंग के इस बड़े हब में चैनल बनाने की सुविधा को ठग इस्तेमाल करते हैं। फिल्म प्रमोशन, स्टडी प्वाइंट से लेकर यहां तमाम विकल्प हैं।

साइबर ठग लोगों को नई व पोर्न फिल्मों के लिंक, लुभावने ऑफर के लिंक भेजकर लालच देते हैं। पहले लोगों को कमीशन या मेहनताने के रूप में रुपये भेजते हैं। भरोसा बढ़ने पर उनकी रकम हड़पकर संपर्क बंद कर देते हैं।

**मोबाइल पर लड़की से दोस्ती, टेलीग्राम से लुटवाया :** बस्ती शहर का एक युवक पढ़ाई के बाद डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ गया था। उसके पास एक बार नए नंबर से कॉल आई और खुद को मुंबई से बताकर एक युवती ने बात की। मोबाइल पर ही दोस्ती हो गई। उसी युवती ने टेलीग्राम का लिंक दिया और वहां चेन सिस्टम से मेंबर बनाने के नाम पर कमीशन की पेशकश की।

युवक को अपने नीचे सदस्य बनाने में शुरू में कुछ रिटर्न भी मिला। बाद में करीब पांच लाख की रकम फंस गई। मामला अब साइबर थाने में है।

**यहां से जानकारी निकलवाना ज्यादा मुश्किल :** साइबर विशेषज्ञ संजय बताते हैं कि टेलीग्राम में व्हाट्सएप की तरह इनक्रिप्टेड मैसेज (सूचना-सामग्री का विशिष्ट कोड में रूपांतरण) का सिस्टम नहीं है। यहां बड़ा ग्रुप बनाकर ज्यादा हैवी फाइलें भेजी जा सकती हैं। साइबर ठग इन्हीं फाइलों में वायरस भेज देते हैं, जिससे ठगी की राह आसान हो जाती है। फेसबुक व व्हाट्सएप को लेकर साइबर पुलिस को आसानी से सूचनाएं मिल जाती हैं। इस ऐप से सूचनाएं निकलवाना मुश्किल है।

**केस 1** गांधीनगर थाना क्षेत्र की महिला लंबे समय से डिजिटल मार्केटिंग के काम में लगी है। उन्हें कॉल की गई कि मूवी को रेटिंग देनी है। इसके लिए फीस दी जाएगी। टेलीग्राम से लिंक कर काम शुरू किया गया। शुरू में खाते में रकम भी बतौर कमीशन भेजी गई। फिर उनका ई वॉलेट बना दिया गया। इसमें लाखों रुपये उन्हें कमीशन के तौर पर मिला दिखाया गया। इसे अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बहाने थोड़ा-थोड़ा करके डेढ़ लाख रुपये ठग लिए गए।

**केस 1** मंगल बाजार के दंपती को व्हाट्सएप पर लिंक भेजा गया कि इंस्टाग्राम व फेसबुक पर पेज लाइक करना है। इसके लिए अच्छी फीस मिलेगी। दोनों ने घर पर लैपटॉप से काम शुरू किया। इसमें व्हाट्सएप पर ही टेलीग्राम का लिंक मिला। इस पर काम करते हुए दोनों को दिखाया गया कि उनके वॉलेट में एक लाख रुपये आ गए हैं। इसे लेने के लिए कई तरह के बहानों से 90 हजार रुपये की रकम ठग ली गई।

### ऐसे करें बचाव

- सिक्योर वेबसाइट से ही डिजिटल मार्केटिंग करें, जिसमें एचटीटीपी के साथ एस भी लगा हो।
- किसी वेबसाइट पर यूआरएल से पहले लॉक का सिंबल देख लें, लॉक खुला दिखे तो समझ लें कि वह सुरक्षित नहीं है।
- इंसेंटिव देने के लिए साइबर ठग आपका वॉलेट बनाते हैं। कई बार इसमें आपको लाखों और करोड़ रुपये तक आपके खाते में दिखते हैं। अधिकतर मामलों में यह छलावा साबित हुआ है।
- आपका वॉलेट या खाता खोलने के नाम पर आधार, मेल आईडी, मोबाइल नंबर जैसी सूचनाएं ली जाती हैं।
- कई बार साइबर ठग इनसे बैंकों में सांठगांठ कर आपके नाम से ही अलग खाता खोलकर ठगी कर लेते हैं।

साइबर ठग कई तरीकों से ठगी कर रहे हैं। टेलीग्राम से ठगी के मामले भी इनमें शामिल हैं। साइबर थाना पुलिस को और अधिक सक्रियता बरतने का निर्देश दिया गया है। लोगों को भी जागरूक रहकर काम करना चाहिए।

**- आरके भारद्वाज,** आईजी रेंज बरेली

# पद चिह्नों के सहारे जंगली जानवर को खोज रहा वन विभाग

## कई स्थानों पर छोटे पंजों के निशान को फिसिंग कैट का बताया, चौकन्नी हुई टीम, लिया नमूना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गौर क्षेत्र के मेंहदिया रामदत्त गांव में जंगली जानवर के हमले के बाद हुई मौत के बाद जंगली जानवर का पता लगाने के लिए वन विभाग की चार टीमों ने घटना स्थल के चारों दिशाओं में दो-दो किलोमीटर तक काबिंग शुरू किया है।

इन क्षेत्रों के खेत में मिले चौड़े पंजों के निशान तो इस ओर इशारा कर रहे हैं कि जंगली जानवर संभव है कि तेंदुआ हो, मगर वन विभाग के अधिकारी चिह्नों को विशेषज्ञ की ओर से बताने की बात कह रहे हैं।

रेंजर का कहना है कि खेत में मिले पग चिह्नों का नमूनों को जांच के लिए एक्सपर्ट के पास भेजा है। दूसरी ओर ग्रामीणों में घटना के बाद से ही दहशत है। ग्रामीण तेंदुआ का हमला मान ड्रोन कैमरा से निगरानी करने व पिंजरा लगाकर पकड़ने की बात कर रहे हैं।

बुजुर्ग की मौत के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने स्थिति का जायजा लिया। जिस खेत के निकट घटना हुई है, उसके करीब दो सौ मीटर परिधि में चौड़े पंजों के निशान मिले हैं। क्षेत्र में रामनगर की रेंजर सोनल वर्मा की टीम पूरी रात यहां कांबिंग करती रही है। हालांकि अभी वन विभाग की टीम के हाथ केवल पंजों का निशान ही लगा है।

रेंजर वर्मा ने बताया कि जंगली जानवर को पकड़ने के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। जो लगातार मेंहदिया राम दत्त गांव सहित आसपास के गांव में कांबिंग कर रही है। कई जगह जंगली जानवर के पग चिह्न पाए गए हैं।

यह पग चिह्न किसके हैं, इसे विशेषज्ञों के पास भेजा जा रहा है। वही बताएंगे कि यह किस जानवर के पग चिह्न हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात भर कांबिंग चलती रही। अभी तक टीम व ग्रामीणों को न तो किसी जंगली जानवर की आवाज सुनाई दी और न ही किसी ने उसे देखा है। ग्रामीणों का कहना है कि जो पग चिह्न जगह-जगह पाए गए हैं, वह तेंदुए के पग चिह्न की तरह हैं।



जंगली जानवर का पंजे का निशान।

### प्रधान ने की ड्रोन कैमरा लगाने की मांग

जंगली जानवर के हमले से हुई मौत के बाद दूसरे दिन भी दिन वन विभाग किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाया है। ग्राम प्रधान एजाज अहमद सहित कई लोगों ने ड्रोन कैमरा लगाकर निगरानी करने की मांग की। लोगों को कहना है कि अगर समय रहते इसका पता नहीं लगा लिया गया, तो यह और अधिक घातक साबित हो सकता है।



जंगली जानवर की खोज करतीं रेंजर सोनल वर्मा और वन विभाग की टीम। संवाद

### यह था मामला

गौर थाना क्षेत्र के मेहदिया राम दत्त गांव निवासी 60 वर्षीय मुनव्वर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन 25 अगस्त की दोपहर करीब 12:30 बजे पैदल ही मेहंदिया खड्ढ बहादुर शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे। घर से लगभग पांच सौ मीटर आगे खड़ंजे के किनारे खून से सना उनका शव मिला था। उनके चेहरे व गर्दन पर जंगली जानवर के चोट पहुंचाने के निशान पाए गए थे। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पहले टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास तेंदुआ दिखाई पड़ा था।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र बाजारों/सड़कों रखेगा नजर

बस्ती। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में लगभग 10 हजार सीसीटीवी लगवाए गए हैं। परिक्षेत्र के जनपदों के महत्वपूर्ण चौराहों की मॉनीटरिंग थाना/ परिक्षेत्रीय कार्यालय स्तर से की जा रही है। थानों पर लाइव देखा जा रहा है। परिक्षेत्र के जनपदों में प्रमुख चौराहों/भीड-भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी की कनेक्टिविटी थानों एवं रेंज कार्यालय से की गई है, जिससे सुगम यातायात प्रबंधन/अपराध नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। सीसीटीवी से निगरानी की जाने वाली प्रदेश का यह पहला परिक्षेत्रीय कार्यालय बना है। यह जानकारी आईजी आरके भारद्वाज ने दी है। संवाद

# शांतिभंग में 7 का चालान

**बनकटी,बस्ती।** लालगंज पुलिस ने क्षेत्र के भकुरहा, हरखौलिया, नेवारी, थाल्हापार आदि गांवों से 7 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने भकुरहा निवासी. जितानू, हरखौलिया उर्फ मरवटिया निवासी चंदन व नेवारी गांव निवासी अनिरूद्ध प्रसाद मिश्र .मूरज शुक्ला, तथा थाल्हापार निवासी ठाकुर प्रसाद.राकेश, प्रमिला के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। संवाद

# नाबालिग को भगाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बस्ती।** शहर के एक मोहल्ले से 16 वर्ष की किशोरी को बहला फुसला कर भगाने के आरोपी को पुरानी बस्ती पुलिस ने देर शाम धर दबोचा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वंछित छोटू चौधरी निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# जमीन के विवाद में दो पर मारपीट का केस दर्ज

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने करमिया शुक्ल गांव में जमीन के विवाद में हुए मारपीट की घटना में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। करमिया शुक्ल गांव निवासी अतुल कुमार प्रजापति पुत्र छवि लाल ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि गांव के हनुमान प्रजापति व देवी प्रसाद ने जमीन के विवाद में उसे व परिवार को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# हरैंया पुलिस के हत्थे चढ़े अंतर जनपदीय चोर

## मैनपुरी के हैं दोनों आरोपी, हाईवे पर सुनसान स्थल की दुकान को बनाते थे निशाना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** हरैंया पुलिस ने बस्ती अयोध्या नेशनल हाईवे के किनारे शटर तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने दो अंतर जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी की दो बैटरी, आला नकब लोहे की एक रॉड के अलावा चोरी में प्रयुक्त होने वाली डीसीएम बरामद की है।

हरैंया पुलिस प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ गश्त कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि खम्हरिया गंगाराम मोड़ पर एक दुकान का शटर तोड़ा गया है। सूचना के बाद सक्रिय पुलिस वहां पहुंची तो दो लोग हाईवे किनारे स्थित सिंह बैटरी की दुकान में माल ले जाते नजर आए। पुलिस ने शटर पर नजर दौड़ाई तो वह टूटा हुआ दिखाई दिया। दोनों दुकान की बैटरी चुराकर ले जाने के लिए डीसीएम पर रख रहे थे। पुलिस ने इन दोनों को दबोच लिया। इनके पास से दो बैटरी, एक लोहे की रॉड बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शिलेष व पवन निवासी नगला दरगाई थाना घिरोर जनपद मैनपुरी बताया है। आरोपियों ने बताया कि वह डीसीएम पर माल लोड कर कुशीनगर, गोरखपुर व बिहार ले जाते हैं। माल खाली कर वापस आते समय नेशनल हाईवे के किनारे सुनसान स्थानों की दुकानों के शटर को तोड़कर सामान चोरी कर लेते हैं। वह इस चोरी के माल को डीसीएम पर रखकर आगे ले जाकर बेचकर रुपये अपने पास रख लेते हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेजा है।

सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह अपने जिले से सामान चुराकर बाहर के जिलों में बेचते थे। इनकी कारगुजारियों का अभी और पता लगवाया जा रहा है।



पुलिस ने गिरफ्तार किए चोर। संवाद

## चोरी करते दो को ग्रामीणों ने पकड़ा पुलिस को किया सुपुर्द

**विक्रमजोत (बस्ती)।** सिरके की दुकान में ताला तोड़कर चोरी की नीयत से घुसे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार की भोर में चंद्रपाल फेरी वाले के किराए के मकान से नमकीन सहित समान चुराकर दो चोर खतमसराय निवासी देवनरायन तिवारी के सिरके की दुकान का ताला तोड़कर कर घुस गए। खटपट की आवाज सुन जागे आसपास के लोगों ने दोनों को दुकान में बाहर से ताला बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मयफोर्स पहुंचे चौकी प्रभारी विक्रमजोत चंद्रकांत पांडेय ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों की पहचान हरैंया थाना क्षेत्र के मुरादीपुर निवासी रवी व हरीलाल उर्फ हरी के रूप में हुई। संवाद

# ट्रक में मृत मिला खलासी शव पुलिस के कब्जे में

परशुरामपुर (बस्ती)। थाना क्षेत्र के बनगवा स्थित गीता फ्यूल जंक्शन (पेट्रोल पंप) पर खड़ी ट्रक में शनिवार की सुबह ट्रक का खलासी मृत पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी महेंद्र सिंह की ट्रक पर मनकापुर, गोंडा निवासी राहुल पुत्र राघवराम चालक तथा सुनील कुमार पुत्र रामभूल कनौजिया खलासी का काम कर रहे थे। शुक्रवार को चालक व खलासी कानपुर से पशु आहार लेकर रूधौली आए थे।

उसके बाद दोनों क्षेत्र के बनगवा स्थित पेट्रोल पंप पर गए। वहां खाना खाकर रात करीब 10 बजे सो गए। सुबह जब गाड़ी मालिक दोनों को जगाने लगा, तो काफी देर बाद ड्राइवर राहुल तो जगा, लेकिन खलासी की मौत हो चुकी थी।

एसएचओ परशुरामपुर रामेश्वर यादव ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट का निशान नहीं है। संवाद

# कॉलेज में चस्पा किया प्राचार्य की गुमशुदगी का पोस्टर

## दो दिनों से अवकाश पर चल रही हैं प्राचार्य, छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर 23 से शुरू किया धरना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के गेट पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर धरना दे रहे छात्रों ने शनिवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। छात्रों ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य की तलाश/गुमशुदी का पोस्टर चस्पा कर दिया, जिससे महाविद्यालय में खलबली मच गई।

उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त बुधवार से महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। छात्रों के धरने पर 23 अगस्त को महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय उन्हें मनाने पहुंचे।

उन्होंने छात्रों से धरना स्थगित करने और मांगें लिखकर अवगत कराने को कहा। इस पर छात्रों ने चुनाव की तिथि लिखित में देने पर ही धरना स्थगित करने की बात कही।

24 अगस्त की शाम को धरनारत छात्रों से मिलने प्राचार्य प्रो. रीना पाठक पहुंचीं। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों को आश्वासन दिया गया है कि उनके द्वारा की जा रही चुनाव की मांग के बारे में डीएम को अवगत कराया जाएगा। प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद चुनाव की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी, लेकिन धरनारत छात्र लिखित में चुनाव की तिथि देने की मांग पर अड़े रहे।

प्राचार्य ने बताया कि 25 व 26 अगस्त को आवश्यक कार्य से अवकाश पर जाना पड़ा। 26 को महाविद्यालय से सूचना मिली कि छात्रों ने उनके गुमशुदा होने का पोस्टर महाविद्यालय के गेट पर चस्पा कर दिया है। छात्रों का यह कृत्य किसी भी दृष्टि से ग्रहण करने योग्य नहीं है। धरनारत छात्रों के कारण यदि महाविद्यालय का शैक्षिक माहौल खराब हुआ तो सभी पर कार्रवाई की जाएगी।




शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में चस्पा किया गया पोस्टर। संवाद

### 23 अगस्त को महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय मनाने पहुंचे




शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के गेट पर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे छात्र। संवाद

### छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर शुरू हुआ आमरण अनशन

बस्ती। 23 अगस्त से छात्रसंघ चुनाव को लेकर धरना दे रहे छात्रों ने शनिवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। आमरण अनशन का नेतृत्व कर रहे छात्र आयुष कुमार पांडेय ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव के लिए जब तक महाविद्यालय लिखित में नहीं देगा तब तक अनशन चलता रहेगा। मौके पर आनंद दुबे, सचिन दुबे, अनुराग तिवारी, आनंद त्रिपाठी, विशाल पाठक, आदर्श पांडेय, सचिन पांडेय, अनीश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# दो माह में सभी पुलिसलाइन में साइबर थाने

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों की पुलिसलाइन में साइबर क्राइम थानों की स्थापना के निर्देश दिए है। कहा कि इस कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाए। साथ ही प्रत्येक थाने में साइबर सेल की स्थापना के लिए संसाधन मुहैया कराए जाएं।

सीएम के निर्देश पर वर्तमान में परिक्षेत्रीय स्तर पर संचालित साइबर क्राइम थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाएगा। साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान शनिवार को सीएम ने कहा कि तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। कस्टमर केयर, पेंशन, बिजली बिल, वर्क फ्रॉम होम, सेक्स्टॉर्सन, लोन एप, पार्सल, फ्रेंचाइजी, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट और पॉन्जी स्कीम में हो रहे फ्रॉड का आम आदमी शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी।



## मुख्यमंत्री का निर्देश- सभी थानों में गठित होगी साइबर सेल

## स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल हो साइबर अपराध

सीएम ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। बीएसए, डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, फिर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियांवित करने के निर्देश दिए।

## हर जिले के पांच अफसरों की ट्रेनिंग

साइबर अपराधों की जांच व विवेचना के लिए पुलिस बल के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अपने जिले के प्रत्येक थाने से पांच निरीक्षक, उपनिरीक्षक को साइट्रेन पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।



वाल्टरगंज थाने में समस्या सुनते एसडीएम जीके झा, सीओ आलोक प्रसाद। संवाद



छावनी थाने में थानाध्यक्ष ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संवाद



सोनहा थाने में समस्या सुनते एसपी कृष्ण गोपाल चौधरी। संवाद

# साहब ! पांच सालों से कर रहा हूं शिकायत, कोई नहीं सुन रहा

### बुजुर्ग विश्राम की समस्या सुनकर मंडलायुक्त ने दिया कार्रवाई निर्देश, बोले-मंडलायुक्त, न मानें विपक्षी तो रिपोर्ट दर्ज कर करें कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। थाना समाधान दिवस पर शनिवार को सुबह करीब 11 बजे पहुंचे मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने करीब दो घंटे तक फरियादियों को सुना।

फरियादी विश्राम ने उन्हें बताया कि साहब! पांच सालों से थाना व तहसील समाधान दिवस में चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोई सुन नहीं रहा है। मंडलायुक्त ने राजस्व कर्मियों व थानाध्यक्ष को तुरंत मौके जाने का निर्देश दिया और कहा यदि विपक्षी मानता है तो ठीक वरना उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू करें।

उल्लेखनीय है कि विश्राम का गांव के ही देवी प्रसाद के साथ 2018 से जमीनी विवाद चल रहा है, जिसको लेकर वह कई सालों से अफसरों के चक्कर लगा रहे हैं। 12 अगस्त को समाधान दिवस पर भी उन्होंने शिकायत किया था। दूसरी ओर सोनहा थाना पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पांच मामलों का निस्तारण किया। जमीनी विवाद के मामलों में थानाध्यक्ष शैलेश सिंह को निर्देश दिया कि राजस्व कर्मियों की मदद से ऐसे मामले सुलझाए जाएं।



लालगंज थाने में एसडीएम विनोद पांडेय समस्याएं सुनते हुए। संवाद



कलवारी थाने में आयुक्त अखिलेश सिंह ने किया निरीक्षण। संवाद



रुधौली में नायब तहसीलदार नीरज सिंह के साथ प्रभारी निरीक्षक। संवाद

### दो बार की शिकायत फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

बनकटी। लालगंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंची महसों की रानी सिंह ने बताया कि मेरी जमीन जेठ व देवर ने हड़प ली है। दो बार से समाधान दिवस पर शिकायत कर रही हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मौके पर एसडीएम विनोद कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

उन्होंने अपराध रजिस्टर, गुंडा गैंगस्टर एक्ट आदि के संबंधित एक्ट की फाइल, लंबित विवेचना, रजिस्टर का जायजा लिया। कहा कि इन दिनों चोरियां हो रही हैं ऐसे में रात्रि गश्त पर अधिक ध्यान दिया जाए।

मौके पर एसडीएम आशुतोष तिवारी, दयानंद यादव, हीरालाल यादव, सुभाष चौबे आदि मौजूद रहे।

**अफसरों का आश्वासन लेकर जा रहा हूं : दुखीलिया।** समाधान दिवस पर थाने पर पहुंचे बरदिया लोहार निवासी ननकऊ ने बताया कि गांव में मेरे घर जाने के लिए मात्र एक रास्ता है और इस पर भी एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। चार बार तहसील व थाना समाधान दिवस में शिकायत कर चुका हूं। आज भी अफसरों का आश्वासन लेकर जा रहा हूं।

## जमीन के विवाद में दो पर मारपीट का केस दर्ज

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने करमिया शुक्ल गांव में जमीन के विवाद में हुए मारपीट की घटना में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। करमिया शुक्ल गांव निवासी अतुल कुमार प्रजापति पुत्र छवि लाल ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि गांव के हनुमान प्रजापति व देवी प्रसाद ने जमीन के विवाद में उसे व परिवार को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## लापरवाही से बाइक चला मारी टक्कर, केस दर्ज

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने शिवचौराहा(कुसौरा बाजार ) में बाइक चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वादी बहादुरपुर निवासी जावेद के पिता मोहम्मद हसन को टक्कर मार दिय। इस दुर्घटना में मो. हसन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## किशोरी को भगाने में चार के खिलाफ केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने शहर के एक मुहल्ले से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में गांव के ही छोटू चौधरी, उसकी मां, भाई जितेंद्र व मिथुन के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद



गौर थाने पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते प्रधान गण संवाद

# सोशल मीडिया की पोस्ट के खिलाफ ग्राम प्रधानों का प्रदर्शन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गौर।** सोशल मीडिया पर खबर चलाए जाने को लेकर ग्राम प्रधानों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रधानों ने थाने पर प्रदर्शन किया।

प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्र के नेतृत्व में प्रधानों ने कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़री प्रधान पति राजू ने सोशल मीडिया पर गलत तथ्यों के आधार पर पोस्ट वायरल की गई है। उन्होंने एक व्यक्ति पर रुपये मांगने का अरोप भी लगाया है।

प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच सीओ हर्रैया द्वारा की जा रही है।

इस मौके पर बिंदु यादव, रामप्रताप यादव, जिलाजीत सिंह, राजू, अजीत शुक्ल आदि मौजूद रहे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# भाई व पिता के बाद अब बेटी ने भी तोड़ा दम

## बाबा राघवदास मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा था उपचार

**जहरीला पदार्थ खाने का मामला**

**जासं, सिद्धार्थनगर** : 12 घंटे से जीवन मौत से जूझ रही आठ वर्षीया बालिका ने भी गोरखपुर-मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। उसके पिता व मासूम भाई की शुक्रवार रात को मृत्यु हो गई थी। बालिका का नाम सपना है। वह जोगिया कोतवाली के कटया गांव निवासी ध्रुव की पुत्री थी। ध्रुव ने शुक्रवार को अपने दोनों बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाकर खुद भी खा लिया था। इससे उसके तीन वर्षीय मासूम बेटे फूलमूर्ति की मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर में मृत्यु हो गई, जबकि ध्रुव की बाबा राघव दास मेडिकल कालेज गोरखपुर में मृत्यु हो गई थी। दूसरे दिन शनिवार सुबह पांच बजे सपना की भी गोरखपुर मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

शुक्रवार को जोगिया में ई-रिक्शा चालक ध्रुव बच्चों को लेकर पहुंचा इसी दौरान वह बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था।

ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने ध्रुव व उसकी बेटी सपना को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर किया था। मेडिकल कालेज पहुंचकर ध्रुव ने देर रात ही दम तोड़ दिया। बेटी सपना का इलाज चल रहा था।

स्वजन के अनुसार चिकित्सकों ने उपचार के दौरान बताया कि उसके पूरे शरीर में जहर फैल चुका है। चिकित्सकों ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश की, पर सफलता नहीं मिली। अतः सपना ने भी सुबह दम तोड़ दिया।



जोगिया के कटया गांव स्थित मृतक के घर मातम में डूबे स्वजन • जागरण

### एक साथ परिवार के तीन सदस्यों की मौत पर रोया पूरा गांव

**जासं, सिद्धार्थनगर** : जोगिया थाना क्षेत्र के कटया गांव में एक साथ हुई तीन मौतों से पूरा गांव रोया। सभी का अंतिम संस्कार शनिवार को ककरही घाट किया गया। इसके पूर्व गोरखपुर मेडिकल कालेज से एक साथ बाप-बेटी का शव गांव पहुंचा तो लोगों के आंखों से बरबस आंसू निकल पड़े। हालांकि इतनी बड़ी घटना के बावजूद प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया। शुक्रवार को थाना प्रभारी घटना की जानकारी होने पर मृतक के घर पहुंचे थे।

जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया निवासी 30 वर्षीय ध्रुव पुत्र पूर्णवासी ने कर्ज से परेशान होकर शुक्रवार की शाम को अपने दो बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। वह बच्चों को घर से लेकर सनई गया। वहां उन्हें चाउमिन खिलाया और थोड़ी देर बाद तीनों सनई नहर के पास बेहोशी की हालत में मिले। वहां बच्चे उल्टी दस्त भी कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने तीनों को माधव प्रसाद मेडिकल कालेज में भिजवाया। उपचार के दौरान ध्रुव के तीन वर्षीय पुत्र फूलमूर्ति की मेडिकल कालेज में शाम को मृत्यु हो गई थी। जबकि पिता और पुत्री की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। ध्रुव की मृत्यु गोरखपुर मेडिकल कालेज में पहुंचते ही हो गई, जबकि आठ वर्षीय बेटी सपना ने उपचार के दौरान शनिवार की सुबह दम तोड़ दिया। गोरखपुर से पिता और बेटी का शव शाम को उसके घर पहुंचा। सभी का अंतिम संस्कार ककरही घाट पर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी की पिटाई

**जासं, बिजौरा, सिद्धार्थनगर:** त्रिलोकपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पीटे गए युवक त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के इजरहवा गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर घर में घुसकर मारपीट करने समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया।

# सीओ ने गांव पहुंचकर जाना हाल

घटना की जानकारी मिलने के बाद सीओ बांसी देवी गुलाम भी कटया दुबे गांव में पहुंचे। यहां वह ध्रुव के पिता से मिले और घटना के बारे में जानकारी ली। अन्य लोगों से भी घटना के पीछे वजह जानने की कोशिश किया। वहीं एसओ ओगिया यशवंत सिंह घटना होने के बाद शुक्रवार रात में भी गांव में पहुंचे थे और सुबह फिर वह पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचे और घटना के बारे में लोगों से जानकारी ली। संवाद

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले को ग्रामीणों ने पकड़ा

## त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गांव का बताया जा रहा है मामला

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी कर रहे युवक को लोगों ने शनिवार को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

त्रिलोकपुर पुलिस ने आरोपी अहमद रजा के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहित महिला से इजरहवा निवासी अहमद रजा जबरदस्ती उसके घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर पहुंचे गांव वालों ने युवक को पकड़कर लिया और उसकी धुनाई करके पुलिस के हवाले कर दिया।

इस संबंध में एसओ त्रिलोकपुर सूर्य प्रकाश सिंह का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया। संवाद

# शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना परिसर में शनिवार को आने वाले त्योहार को लेकर रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मामले की अपील की गई गई। थानाध्यक्ष बलजीत राव ने शासन उच्चाधिकारियों की ओर से मिले दिशा-निर्देशों में सभी लोगों को अवगत कराया। मौजूद लोगों से त्योहार को लेकर किसी प्रकार की समस्या के संबंध में पूछा गया तो किसी के भी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। इस अवसर पर हफीर्जुरहमान, हरिशंकर सिंह, लोकपति ओझा, अंगद शुक्ल, अजय कुमार सिंह, रामनरेश, संजय इबारत अली, रिंकू आदि मौजूद रहे। संवाद

# प्रेमिका से मिलने गये युवक की धुनाई

इटवा(एसएनबी) ।त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को पकड़कर गांव के लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। उक्त युवक के विरुद्ध केस दर्ज करके पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक दूसरे गांव में अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। कुछ लोग इस युवक की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। जैसे ही उक्त युवकअपनी प्रेमिका से मिलकर उसके घर से बाहर जाने लगा इसी बीच उक्त युवक को गांव के लोगों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दिया।इसकी त्रिलोकपुर पुलिस को इसकी लिखित सूचना दी गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार आरोपी के विरुद्ध धारा 354,452 आईपीसी के तहत प्राथमिक दर्ज की जा चुकी है। कार्यवाही की जा रही है।

# एसएसबी ने रोका खड़ंजा निर्माण, एसडीएम ने की जांच

**संवाद न्यूज एजेंसी**



नेपाल सीमा के नजदीक पक्की सड़क के निर्माण की जांच करते एसडीएम ललित कुमार मिश्र, एसएसबी और पुलिस की टीम। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** लोटन ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत ठोठरी में इंडो नेपाल सीमा सड़क से नोमेंस लैंड तक खड़ंजा निर्माण को एसएसबी ने रोक दिया गया। ग्राम पंचायत की तरफ से कराए जा रहे कार्य को रोकने पर ग्राम प्रधान निजामुद्दीन ने एसडीएम नौगढ ललित कुमार मिश्र को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य कराने की मांग की थी।

इस पर एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र ने शनिवार को एसओ लोटन चंदन कुमार के साथ ठोठरी पहुंच मौके की जांच की। सूचना पर एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट कीर्ति भी पहुंच गए। नेपाल सीमा के नोमेंस लैंड तक निरीक्षण किया गया।

ग्राम प्रधान व एसएसबी अधिकारी ने अपना पक्ष रखा, जिस पर एसडीएम ने गंभीरता से विचार करते हुए कहा कि मामला आंतरिक सुरक्षा का है, इसलिए खड़ंजा मार्ग देश की सुरक्षा को देखते हुए निर्माण करना ठीक नहीं हैं।

# ढाई माह पुराना है युवक को जंजीर से बांधने का वायरल वीडियो

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव के लगभग बीस वर्षीय युवक को जंजीर व ताले से बांधकर घर के कमरे में परिवार की ओर से रखने का वीडियो वायरल होने पर गांव व क्षेत्र में कई तरह की चर्चा है। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि वीडियो ढाई माह पुराना है और परिवार के लोग कार्रवाई के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।

थाना क्षेत्र के दुधवनिया बुजुर्ग निवासी फौजान (20) पुत्र अजीजुल कद्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायल हो रहा है। वीडियो युवक जंजीर व ताले से बंधा दिखाई दे रहा है। किसी ने इस

## ढेबरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का वीडियो हुआ था वायरल

घटना का वीडियो वायरल कर दिया। बंधे हुए युवक के शरीर पर कई जगह चोट का निशान दिख रहा है। लोग चर्चा कर रहे थे कि कुछ दिन पहले युवक किसी तरह मां बाप के जुल्म से भाग निकला।

इस समय वह ललितपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान आपबीती कहानी किसी को बताया। एसओ ढेबरुआ छत्रपाल सिंह ने कहा कि वीडियो ढाई माह पुराना है। अगर तहरीर देते हैं तो केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# दो परिवारों को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थाने पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। चार पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। परामर्श के बाद दो पत्रावली का निस्तारण कर दो परिवार को बिखरने से बचाया गया। शेष दो पत्रावली को अगली बार निपटारा के लिए शामिल कर लिया गया। थानाध्यक्ष मीरा चौहान ने बताया कि सोनिया पत्नी लाल बहादुर निवासी भुजराई थाना जोगिया व रीना पत्नी रामजीत निवासी सेहुड़ी, थाना शोहरतगढ़ के बीच आपसी सुलह करा कर एक साथ रहने को राजी कर लिया गया।

# युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक की पिटाई, मुकदमा

**इटवा।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से घर में घुस कर छेड़खानी करना एक युवक पर भारी पड़ गया। ग्रामीणों ने पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा की 25 अगस्त को वह घर पर अकेली थी तभी इजरहवा गांव का अहमद रजा पुत्र लाला उर्फ़ इसरार घर में घुस कर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाया तो गांव के लोग पहुंच गए और युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सूर्या प्रकाश सिंह ने बताया केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# साइबर सेल ने फ्रॉड किए गए 18 हजार वापस कराए

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षिका के खाते से 18 हजार रुपया साइबर अपराधियों की ओर से निकाल लिया गया था। जानकारी होने पर शिक्षिका ने साइबर सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साइबर सेल ने पीड़िता के पैसे उसके बैंक अकाउंट में शनिवार को वापस करा दिया।

साइबर सेल के एसआई हरिओम कुशवाहा ने बताया कि बुलंदशहर की रहने वाला शिक्षिका सबा मलिक जिसकी तैनाती जनपद के नौगढ़ में है। उन्होंने तहरीर देकर कहा था कि उसके खाता से फ्राड कर 18 हजार रुपये निकाल लिए गए है। एस आई ने बताया कि तहरीर मिलने के तुरन्त बाद हीसर्विलांस टीम ने ट्रेस करनिकाली गई पूरी रकम पीड़िता के खाता में वापस करा दी है।

# जंजीर से बधे युवक का वीडियो प्रसारित होते ही फरार हुआ पिता

जागरण संवाददाता, तुलसियापुर, शोहतगढ़ : ढेबरुआ थाने के एक युवक की जंजीर में बंधी वीडियो प्रसारित हुई है। प्रसारित वीडियो में युवक की पीठ पर कुछ चोट के निशान भी दिख रहे हैं। वीडियो प्रसारित होते ही युवक का पिता अपने घर से फरार हो गया है। वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने अपने स्तर से मामले की जांच की है। पुलिस के मुताबिक वीडियो दो माह पुराना है। वीडियो में दिख रहा युवक अर्धविक्षिप्त है। वह दो माह पहले ही घर छोड़कर भाग गया है। इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर वह वीडियो के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर सकती है। दूसरी तरफ युवक का पिता कार्रवाई के डर से घर से भाग गया है। वीडियो प्रसारित होने के बाद कुछ लोगों ने बताया था कि युवक के पिता की दो शादियां हुई हैं। वह पहली पत्नी की संतान है। उसका पिता व दूसरी मां उसे बचपन से ही सताते थे। हालांकि ढेबरुआ थाना पुलिस ने बताया कि जांच में युवक के पिता द्वारा उसके उत्पीड़न की पुष्टि

**दो माह पुराना बताया जा रहा है वीडियो, अर्ध विक्षिप्त है युवक तहरीर मिलने पर पिता के विरुद्ध पुलिस कर सकती है कार्रवाई**

नहीं हुई है। जांच में सिर्फ इतनी बात सामने आई है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ढेबरुआ थानाध्यक्ष छत्रपाल सिंह का कहना है कि युवक के पिता ने दो शादी की है। पहली पत्नी से तीन संताने व दूसरी पत्नी से आठ संताने हैं। वीडियो में दिख रहा युवक पहली पत्नी का पुत्र है। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह उत्पात न मचाए इसलिए उसका पिता उसे जंजीर में बांधकर रखता था। ग्राम प्रधान ने भी पुलिस की पूछताछ में इसका जिक्र किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीडियो के आधार पर यदि किसी ने तहरीर दिया तो पुलिस मुकदमा भी दर्ज कर सकती है। युवक का पिता कार्रवाई के डर से घर छोड़कर भाग गया है। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि युवक ललितपुर जिले में है। वहां किसी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# पहले पिता और पुत्र, अब बेटी ने भी तोड़ दिया दम

## कटया दुबे गांव का मामला, जहरीला पदार्थ खाने से गई जान

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे गांव में एक साथ तीन मौत से शनिवार सुबह हाहाकार मचा हुआ था।

शुक्रवार शाम को पिता और पुत्र की मौत हो गई थी। जबकि सुबह गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बेटी ने भी दम तोड़ दिया। बच्चों ने दादा ने तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के कटया दुबे गांव निवासी ध्रुव (30) पुत्र पूर्णमासी आठ वर्षीय पुत्री सपना और तीन वर्षीय पुत्र फूलमर्ति के साथ घर से निकले थे। और सनई कि पास सड़क के किनारे तीनों को तड़पता होने की सूचना मिली थी। दोनों बच्चों और ध्रुव के मुंह से झाग निकल रहा था। एंबुलेंस की मदद से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान तीन वर्षीय पुत्र फूलमूर्ति की मौत हो गई थी। जबकि पिता और पुत्री की हालत गंभीर देखकर उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय ध्रुव की भी मौत हो गई। सुबह बेटी सपना की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक साथ तीन मौत से गांव में मातम छाया हुआ है।

इस संबंध में एसओ जोगिया यशवंत सिंह ने बताया कि पिता पूर्णमासी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि जहरीला पदार्थ बच्चों के साथ खा लिया और मौत हो गई है। मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सनई चौराहे के पास सड़क के किनारे तड़पते मिले थे दोनों बच्चे और पिता मुंह से निकल रहा था झाग

### बच्चों को स्कूली बैग दिलाने की बात कहकर ले गया था सनई

लोगों के मुताबिक ध्रुव जब घर से निकलने लगा तो किसी के पूछने पर बताया कि बच्चों को शौच कराने के लिए ले जा रहे हैं तो किसी को बताया कि बच्चों को स्कूली बैग खरीदने के लिए लेकर जा रहे हैं। अब बच्चों को क्या बताकर ले गया था, इन सवालों का जवाब किसी के पास नहीं है। लोग बता रहे हैं कि किसी दुकान पर बच्चों के लिए चाऊमीन खरीदा था। हो सकता है कि पहले जहरीला पदार्थ लिया और खाते समय मिला दिया हो, जिसके खाने से तीनों की मौत हो गई।

### क्यों उठाया ऐसा कदम, हैरत में हैं लोग

ध्रुव ने ऐसा कदम क्यों उठाया। इस बात को लेकर लोग हैरान हैं। वहीं गांव में कुछ लोग दबी जुबान से यह कह रहे थे कि मुंबई छोड़ने के बाद से जब वह गांव में रहने लगा तो पिता ने उसके कहने पर एक टैंपो खरीद दिया था। टैंपो कुछ दिन चलाने के बाद बेच दिया था। इसके बाद फिर पिता ने किस्त पर ई-रिक्शा खरीद दिया था। जो समय-समय पर पिता स्वयं जमा करता था। लोग यह भी चर्चा करते दिखे कि ई-रिक्शा की बैटरी खराब हो गई थी। जिसके बदलवाने की बात लगातार कर रहा था। जबकि पिता कह रहा था कि समय से किस्त का भुगतान करना चाहिए। हो सकता है कि दो बच्चों को पालन पोषण और अन्य समस्याओं से आजिज आकर यह कदम उठा लिया हो। लेकिन पिता इस मामले पर कुछ नहीं बोल रहे थे।

# बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे को कराया ठीक

**(खबर का हुआ असर)**

शाहपुर (एसएनबी)। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित खीरा मंडी में अपराधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया था जो महीनों से खराब पड़ा हुआ था। जिसकी खबर राष्ट्रीय सहारा ने प्रमुखता से छापा। खबर निकलने के बाद डुमरियागंज पुलिस द्वारा शुक्रवार देर शाम को इंजिनियर की मदद से चारों कैमरों को सही कराया गया।

## महीनों से खराब तीसरी आंख जिम्मेदार मौन



# पीस कमेटी की बैठक

**भनवापुर (एसएनबी)।** बिस्कोहार नगर पंचायत स्थित पुलिस चौकी के परिसर में आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश पूजा व चेहल्लुम को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सुजीत कुमार राय के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीओ सुजीत कुमार राय ने कहा कि किसी को भी नई परंपरा शुरू करने की इजाजत नहीं है, किसी भी प्रकार के खुराफात बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी ने भी शांति भंग करने की या किसी भी प्रकार के असामाजिक कार्य करने की कोशिश की तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# समाधान दिवस पर 7 समस्याओं का ही निपटारा

- डीएम व एसपी ने थाना दुधारा पर पहुंचकर की जनसुनवाई
- पीड़ितों के शिकायत का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित का निर्देश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में शनिवार थाना समाधान दिवस पर पहुंची 57 शिकायतों में सात प्रकरण का तत्काल अधिकारियों के देखरेख में निस्तारण हुआ। शेष 50 मामलों को तय समय सीमा के अंदर मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए सौंप दिया गया। डीएम संदीप कुमार एवं एसपी सत्यजीत गुप्ता ने थाना दुधारा पर पहुंचकर जनसुनवाई की। अधिकारियों को पीड़ितों के शिकायत को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया। कहा लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए। स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसपी ने पुलिस कर्मियों से कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को तत्काल भेजें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। अधिकारियों ने शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर पूर्व की शिकायतों के निस्तारण का भी हाल जाना।



दुधारा थाने पर शिकायतों की सुनवाई करते डीएम और एसपी। • हिन्दुस्तान

## निस्तारण में फिसड्डी साबित हुए तीन थाने

संतकबीरनगर। जिले का कोतवाली खलीलाबाद, महुली एवं थाना मेंहदावल शिकायतों के निस्तारण में फिसड्डी साबित हुआ। कोतवाली खलीलाबाद थाना पर प्रस्तुत हुए तीन, महुली थाना पर प्रस्तुत हुए नौ एवं थाना मेंहदावल पर आए चार प्रकरण में एक भी निस्तारित नहीं हो सका।

इसके अलावा बेलहरकला थाना पर प्रस्तुत हुए आठ व थाना दुधारा पर पहुंचे छह मामले में दो-दो शिकायतों को तत्काल निस्तारित कर दिया गया। थाना धनघटा पर आए नौ, बखिरा थाना पर आए 15 एवं धर्मसिंहवा थाना पर प्रस्तुत हुए तीन शिकायतों में एक-एक शिकायत का निस्तारण किया गया।

# महिला सुरक्षा के लिए चलाया अभियान

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया।

# दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। डीपी एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त बाल किशुन पुत्र सुन्नर निवासी बिसौवा को गिरफ्तार किया।

22 अगस्त को वादी ने थाना स्थानीय पर तहरीर दिया कि उसकी पुत्री का विवाह तीन वर्ष पूर्व आरोपित अभियुक्त उपरोक्त के साथ हुआ था। वह एवं उसके परिजनों द्वारा दहेज के लिए उसकी पुत्री के साथ मारपीट की घटना की जाती थी। 16 को दहेज के लिए उसकी पुत्री की हत्या कर दिया। इस संबंध में थाना मेंहादवल पर पीड़ित के तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना मेंहदावल पुलिस ने उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# स्थानीय लोगों के सहयोग से लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर सात सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर सात सीसीटीवी कैमरा, बखिरा पुलिस ने दो स्थान पर आठ सीसीसीटी कैमरा, थाना बेलहरकला पुलिस ने दो स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरा और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने भी दो स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया। पुलिस टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। जो कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में बहुत कारगर होगा।

# नियमों से रूबरू हुए स्कूल के छात्र

मगहर। यातायात सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के क्रम में संत कबीर रामविलास आचार्य इण्टर कालेज मगहर में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया गया।

इस दौरान जागरुक व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में यातायात प्रभारी परमहंस की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के संबंध में छात्रों को नियमों की जानकारी दी गई।

# कम्युनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण का चलाया जा रहा अभियान

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से प्रत्येक माह 21-30 तक 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं-बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु - शक्ति दीदी- नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं-बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। आज जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं-बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजित ग्राम चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओं-बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियाद

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से थाना दुधारा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस में शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी संदीप कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त थानों में कुल 57 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 07 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 50 प्रकरण सम्बंधित अधिकारियों निस्तारण हेतु अग्रसारित किया गया। इस अवसर पर पुलिस व राजस्व के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर दीपांशी राठौर, नायब तहसीलदार सदर विजय गुप्ता सहित राजस्व-पुलिस अधिकारी एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।



थाना दुधारा पर समाधान दिवस पर फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

# आपरेशन त्रिनेत्र

# आठ स्थानों पर लगाये गये कैमरे

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 08 स्थानों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर' द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान' के तहत पुलिस उनके निर्देशन में आज संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 08 स्थानों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। जिसमें थाना दुधारा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 07 सीसीटीवी कैमरे, थाना मेहदावल पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 07 सीसीटीवी कैमरे सीसीटीवी कैमरे, थाना बखिरा पुलिस द्वारा 02 स्थान पर 08 सीसीटीवी कैमरे, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 02 स्थानों पर 02 सीसीटीवी कैमरे, थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा 02 स्थानों पर 02 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।

# छेड़खानी : पीड़िता के परिजनों ने थानेदार पर लगाए गंभीर आरोप

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी की पीड़िता के परिजनों ने पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायतीपत्र भेजकर महुली के थानेदार के उपर तरह-तरह के गंभीर आरोप लगाए है। बताया जाता है कि आरोपों से खुन्दक खाए थानेदार ने पीड़िता के परिजनों के खिलाफ ही उल्टे चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इतना ही नहीं आरोप है कि छेड़खानी की घटना में पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय थानेदार पीड़िता के परिजनों के उपर तहरीर बदलने के लिए दबाव बना रहे है।

पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे गए शिकायतीपत्र में पीड़िता के परिजनों ने बताया कि बीते 25 जुलाई की रात करीब 11 बजे अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े कुछ युवक उसके घ्रर में घुस गए तो उसी बीच उसकी बहन नींद से जाग गयी। बहन कुछ बोल पाती उससे पूर्व ही उक्त युवक बहन का मुंह कसकर दबा दिए और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। इस बीच परिवार के सभी लोग जाग गए और शोर मचाने लगे इस बीच तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए और दो युवकों को उनकी बाइक और मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया और 112 नम्बर पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना पाकर 112 नम्बर पुलिस टीम मौके पर भी पहुंची। शिकायतीपत्र में बताया कि उसके द्वारा तत्काल प्रभारी निरीक्षक महुली को भी फोन कर घटना की जानकारी दी गई तो उन्होंने थाने बुलाया जिसका उसके पास काल रिकार्ड भी है। थाने पर पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को छोड़ दिया और उसकी बहन के

**पीड़िता के परिजनों द्वारा लिखित तहरीर देने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बजाय परिजनों पर तहरीर बदलने के लिए पुलिस बना रही दबाव**

साथ हुई घटना को थानेदार फर्जी बताने लगे। कुछ दिन बाद थानेदार महुली भगवान सिंह उसके घर पहुंचे और घटना को फर्जी करार देते हुए पकड़े गए युवकों की मोबाइल और बाइक वापस करने को कहा।

शिकायतीपत्र में आरोप है कि थानेदार द्वारा इस दौरान परिवार के साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक गाली और तरह-तरह की धमकी दी साथ ही चोरी और लूट जैसे गंभीर आरोप के मुकदमें में भी फंसाने की धमकी थानेदार ने परिवार के लोगों को दी। शिकायतीपत्र में थानेदार पर भ्रष्टाचार समेत अन्य तरह-तरह के गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़िता के परिजनों ने बताया कि थानेदार छेड़खानी के आरोपियों से अनैतिक लाभ लेकर उसकी बहन के साथ हुई घटना को फर्जी करार दे रहे है और बार-बार उसके घर पहुंचकर परिवार को तरह-तरह की धमकी देकर डरा-धमका रहे है। बीते 23 अगस्त को घर पहुंचकर पुलिस पकड़े गए युवकों की बरामद मोबाइल और बाइक को थाने लेकर चली गई और आरोपी युवकों से तहरीर लेकर पुलिस ने उल्टे उसके और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

शिकायतीपत्र में पीड़िता के परिजनों ने बताया कि बहन के साथ युवकों द्वारा किए गए कृत्य के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस तहरीर बदलने के लिए उसके उपर दबाव बना रही हैं और उल्टे उसके खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसके परिवार को अकारण परेशान करने पर तुली हुई है। पीड़िता के परिजनों ने घटना की जांच कराकर उसकी तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग शिकायतीपत्र में उच्चाधिकारियों से की है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह का कहना है कि बार-बार समझाने के बाद भी मोबाइल और बाइक को शिकायतकर्ता वापस नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि पूरा मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। उच्चाधिकारियों का जैसा निर्देश मिलेगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक




मगहर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश यातायात पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को संत कबीर राम विलास आचार्य इण्टर कालेज मगहर में छात्रों को यातायात प्रभारी ने सड़क सुरक्षा के नियमों को बता कर जागरूक किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों में जागरुकता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्त कर सम्मानित किया गया । यातायात प्रभारी परमहंस ने विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के बारे में नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया।

उन्होंने सड़क पर वाहन को सीमित गति से चलाने,बाइक पर हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाने की बात बताई है। वाहन चलाते समय सिगल,जेब्रा क्रासिंग का ध्यान रखना चाहिए।इसके अलावा वाहन के साथ वैध कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य रखें। सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्त किया गया। जिन्होंने स्कूली छात्रों को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं की रोक थाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने की अपील की। साथ ही छात्रों को अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु जागरुक करने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. राकेश सिंह, अर्जुन सिंह, हे.कां. आनंद मोहन व सुरेन्द्र आदि उपस्थित रहे ।

# दहेज हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मेंहदावल पुलिस द्वारा दहेज मृत्यु कारित करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया। जनपद में 'मिशन शक्ति अभियान' के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता' द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया' के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेहदावल पुलिस' द्वारा मुअसं 355/2023 धारा 498(।)/304(ठं) भादवि व 3 /4 डीपी एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त नाम पता बाल किशुन पुत्र सुन्नर निवासी विसौवा थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बाल किशुन पुत्र सुन्नर निवासी विसौवा थाना मेंहदावल के विरुद्ध 22 अगस्त 2023 को वादी द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई कि उसकी पुत्री का विवाह तीन वर्ष पूर्व अभियुक्त उपरोक्त के साथ हुआ था। उक्त अभियुक्त व उसके परिजनों द्वारा दहेज के कारण उसके पुत्री के साथ मारपीट की घटना की जाती थी व दिनांक 16 अगस्त 2023 को दहेज के कारण वादी की पुत्री की हत्या कर दिया। इस संबंध में थाना मेंहादवल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। महिला संबंधी अपराध के दृष्टिगत थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगायी गयी थीं। आज थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में अधिकारियों के साथ विधायक ने सुनी फरियाद

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंचे स्थानीय विधायक गणेश चन्द चौहान ने अधिकारियों के साथ बैठ कर पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। उन्होंने जनता की समस्याओं को पुलिस व राजस्व के संयुक्त प्रयास से निस्तारण करने पर जोर दिया। इतना ही नहीं विधायक ने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी क्षम्य नहीं होगी।

विदित हो कि महुली थाना परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ धनघटा बृजेश सिंह संयुक्त रूप से प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह के साथ बैठ कर पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई कर रहे थे। उसी दौरान स्थानीय विधायक भी थाने पर पहुंच गए और अधिकारियों के साथ बैठकर फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करना शुरू कर दिया। इस दौरान विधायक प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर प्रार्थनापत्रों का निस्तारण करने का सख्त निर्देश जारी किया।

**जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं : विधायक**

इस दौरान थाना दिवस में कुल 9 मामले पेश हुए जिसमें से 7 मामले राजस्व विभाग से संबंधित तथा दो मामला पुलिस विभाग से संबंधित पेश हुआ। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश कुमार मिश्र, राजस्व निरीक्षक हरिशचन्द्र पाठक, उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव, अरूण कुमार पांडेय,रामबशिष्ठ, बृजमोहन सिंह व सोमनाथ मिश्र के अलावा थाने के सभी पुलिसकर्मी एवं थाना अन्तर्गत तैनात सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में घनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में तहसीलदार के साथ प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान कुल 9 मामले पेश हुए जिसमें 8 मामले राजस्व विभाग तथा एक मामला पुलिस विभाग से संबंधित पेश हुआ।

मौके पर एक भी मामले का निस्नातरण नहीं हो सका। इस दौरान थाने के एसएसआई एचएन दीक्षित, इंसपेक्टर जुबेर अली, राजेश दूबे, अनुज यादव, धर्मेन्द्र यादव, विरेन्द्र मिश्र, मनोज पटेल सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी और थाना अन्तर्गत कार्यरत सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

जागरण टीम, संतकबीर नगर : जनपद के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। दुधारा में डीएम व एसपी ने फरियाद सुनी। लंबित मामलों की समीक्षा करके निस्तारण करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता सुबह दुधारा थाना पहुंचे। फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए। स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही अक्षम्य होगी। एसपी ने पुलिस कर्मियों को त्वरित गति से कार्य करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित को प्रेषित किया जाए। इसी क्रम में अन्य थानों में अधिकारियों ने फरियाद सुनी। जनपद के सभी आठ थानों में कुल 57 मामले प्राप्त हुए। इसमें महज सात का निस्तारण होने से अधिकांश को मायूस लौटना पड़ा। महुली थाने में धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान अधिकारियों के साथ समस्याएं सुनी।

# भूमि विवाद का निपटारा कराने थाने पहुंचे प्रधान को पुलिस ने लाकप में किया बन्द

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर ग्राम पंचायत से संबंधित एक जमीनी विवाद का सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में निपटारा कराने महुली थाने पहुंचे ग्राम प्रधान को काफी मंहगा साबित हो गया।

थाना परिसर में पुलिस उच्चाधिकारियों के समक्ष ही जमीनी विवाद के एक पक्षकार और ग्राम प्रधान के बीच तीखी तकरार शुरू हो गई जिसे देख सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में उपस्थित सीओ धनघटा बृजेश सिंह ने प्रधान सहित एक पक्षकार को तत्काल लाकप में डालने का फरमान मातहत पुलिसकर्मियों को सुना दिया जिसका नतीजा रहा कि देखते ही देखते ग्राम प्रधान थाने के लाकप में पहुंच गए। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव निवासी धनीराम और राकेश के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। विवाद को सुलझाने के लिए पहले गांव में ही ग्राम प्रधान की उपस्थिति में पंचायत हुई लेकिन विवाद के एक पक्षकार रामधनी द्वारा पंचायत के निर्णय से असंतुष्ट होने के चलते गांव पर विवाद का निपटारा नहीं हो सका अन्त में ग्राम प्रधान संतराम यादव के साथ दोनों पक्ष विवाद को लेकर महुली थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंच गए। दोनों पक्षकारों ने अपने-अपने पक्ष को थाने पर एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ धनघटा बृजेश सिंह के समक्ष पेश किए। दोनों अधिकारी सुनवाई के बाद विवाद का समाधान निकालते कि उससे पूर्व ही प्रधान सन्तराम यादव और विवाद के एक पक्षकार रामधनी के बीच तीखी तकरार शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद बढने लगा जिसे गंभीरता से लेते हुए सीओ धनघटा ने प्रधान समेत दोनों पक्षकारों रामधनी और राकेश को हिरासत में लेने का फरमान प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह को सुना दिया जिसका नतीजा रहा कि दोनों पक्षकारों के साथ ग्राम प्रधान भी थाने के लाकप में पहुंच गए।

पुलिस ने देर शाम प्रधान समेत दोनों पक्षकारों का शान्तिभंग की आशंका के मद्देनजर सीआरपीसी की धारा 151 के तहत एसडीएम कोर्ट के समक्ष चालान भेज दिया।

# मनमाना किराया वसूल रहे टैक्सी चालक

**जासं, संतकबीर नगर** : शाम होते ही गोरखपुर जाने वाली बसे बाईपास से गुजर जाती हैं। शहर में परिवहन निगम की बस न आने से लोगों को टैक्सी और डग्गामार वाहनों के भरोसे यात्रा पूरी करनी पड़ती है। यही कारण है कि टैक्सी चालक लोगों से मनमाना किराया वसूलते हैं। खलीलाबाद बाईपास पर यात्री गोरखपुर जाने के लिए वाहनों की प्रतीक्षा करते हैं। 35 किमी दूरी का टैक्सी चालक 100 रुपये तक किराया वसूल रहे हैं। आटो चालक गोरखपुर का 60 से 70 व सहजनवां का 40 रुपया किराया लेते हैं। खलीलाबाद में दुकान चलाने वाले अमित गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की रात में बहुत देर तक जब बस नहीं आई तो कार वाले 120 व टैक्सी चालक सौ रुपया मांगते रहे। बाद में लोगों को इन्हीं वाहनों से यात्रा पूरी करनी पड़ी।

# तीन सगे भाइयों समेत पांच पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सीजेएम श्वेता श्रीवास्तव ने घर में घुसकर प्राण घातक हमला करने के आरोप में एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से आंख्या भी मांगा है।

अधिवक्ता दुर्गेश नारायण मिश्र ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के टेमा रहमत के पीड़ित रिजवान हुसैन ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें कहा कि 18 जून 2023 को अपने घर के सामने खड़े थे, तभी देखा कि वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उसके दरवाजे के बरसात का पानी खड़ंजा के बगल से होकर गुजरता था। इसके बारे में वहां कामकर रहे मजदूर से पूछा गया तो जानकारी हुई कि सजाउद्दीन ,नसरुद्दीन, सफीउद्दीन ,सलाहुद्दीन, बाबुद्दीन, उपरोक्त लोगों के जरिये वहां काम कर रहे मजदूरों पर अनाधिकृत रुप से दबाव बनाकर उसके दरवाजे के बरसात का पानी निकासी को रुकवाया जा रहा था। इसके बाबत उसके मना करने पर उपरोक्त सभी लोग जो पूर्व से विवाद की मंशा से लाठी-डंडे से लैस होकर आ गए। बिना रुके उसके ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया।

आरोप है कि पीड़ित ने अपनी जान बचाने के लिए अपने घर के अंदर घुसा तो सभी लोग घर के अंदर घुसकर उसको व वहां मौजूद उसके भाई फैजान को लाठी डंडे से बुरी तरह से मारपीट की। जिससे उसे व उसके भाई को काफी गंभीर चोटें आईं और घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।

# जमीन देने के नाम पर पांच लाख की ठगी का आरोप, केस

संतकबीरनगर। जमीन बैनामा करने के नाम पर पीड़ित से पांच लाख रुपये हड़प लेने के मामले में प्रापर्टी डीलर के खिलाफ शनिवार को कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया।

बखिरा क्षेत्र के खजुरी निवासी पीड़ित रामकिशुन पुत्र अगदी प्रसाद का आरोप है कि वर्ष 2014 में सुबाष कन्नोजिया निवासी शिवापार थाना बखिरा जो प्रापटी डीलर है, वे अपनी खलीलाबाद के पश्चिमी बंजरिया में स्थित जमीन उसे बेच रहा था।

**बखिरा क्षेत्र के खजुरी निवासी के साथ हुई जालसाजी**

सुबाष कन्नौजिया बयाना के रूप में उससे नौ नवंबर 2014 को 20,000 रुपये नकदी लिए थे। जबकि 13 नवंबर 2014 को 4,80,000 रुपये अपने खाते में लिए। इस प्रकार सुभाष कन्नौजिया उससे कुल 5,00,000 रुपये जमीन बेचने के एवज में लिए थे। इसके बावजूद भी उस जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को उसी समय बैनामा कर दिया था। संवाद

# नाली से कब्जा हटवाने के लिए डीएम ने लेखपाल को दिया निर्देश

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने दुधारा थाने में फरियाद सुनी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्त ने दुधारा थाने में फरियाद सुनी। जिले के समस्त थानों पर 57 मामलों में केवल सात मामले का निस्तारण कराया गया। बाकि फरियादी निराश लौट गए।

दुधारा थाने पर फरियाद सुनते हुए डीएम संदीप कुमार ने कहा कि जो भी शिकायतें आ रही हैं उस पर राजस्व व पुलिस के कर्मी निस्तारण पर जोर दें। नाली के कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे बुढ़ी बेलहर के रामसुमेर ने बताया कि उनके घर का पानी नाली के रास्ते जाता है, लेकिन नाली पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया गया है। जिससे पानी नहीं वह पा रहा है।

इस पर डीएम ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण का निर्देश दिया। इसी तरह से जमीन से संबंधित दो मामले आए। जिसका निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। दुधारा थाने में कुल छह मामले आए और दो का निस्तारण हुआ।



समाधान दिवस के अवसर पर दुधारा थाने पर फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम और एसपी। संवाद

### जिले में आए 57 मामलों में केवल सात का निस्तारण कराया गया

इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्त, सीओ दीपांशी राठौर, नायब तहसीलदार विजय गुप्त समेत अन्य मौजूद रहे।

इसी तरह से कोतवाली, बेलहर, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बखिरा, धनघटा, महुली थाने पर जन समस्याओं को सुना गया।

# थाने पहुंचा चौकीदार बोला साहब मैं जिंदा हूं

**धनघटा।** शनिवार की सुबह धनघटा थाने में पहुंचकर जब एक चौकीदार जोर-जोर से चिल्लाने लगा कि साहब मैं जिंदा हूं, तो सबकी निगाहें उसी पर टिक गई। आरोप मढ़ा कि उसके मरने की गलत सूचना एक समाचार पत्र में प्रकाशित कर दिए जाने से परेशानी बढ़ गई।

शुक्रवार की सुबह हैंसर बाजार में स्थित एक पोखरे में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसका पहचान कराने की कोशिश पुलिस ने की, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



अर्जुन यादव।

बेलौरी गांव निवासी चौकीदार अर्जुन का कहना है कि तालाब में मिला शव उसी का बता कर एक समाचार पत्र ने खबर प्रकाशित कर दिया। जिससे उसके घर तमाम रिश्तेदारों का आना-जाना शुरू हो गया और फोन की घंटी बजने लगी। लोगों को अपने को जिंदा रहने की बात बताते-बताते वह थक-हार गया। संवाद

# जमीन दिलाने के नाम पर 13 लाख की ठगी, केस

**बखिरा।** खलीलाबाद में जमीन दिलाने के नाम पर क्षेत्र के हटवा निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी से 13 लाख रुपये हड़प लेने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेवानिवृत्त कर्मी राजेश्वर सिंह का आरोप है कि वह खलीलाबाद में जमीन खरीदने के लेने के लिए कुछ रकम रखे थे। इसी दौरान क्षेत्र के ही शिवबखबरी निवासी नीरज गुप्ता से उनकी मुलाकात हुई। नीरज गुप्ता ने खलीलाबाद में उसे जमीन दिलाने का झांसा देकर उसे अपने भरोसे में ले लिया। उसने नीरज गुप्ता को आठ अक्तूबर 2021 को छह लाख रुपये व 25 अक्तूबर 2021 को सात लाख रुपये दे दिया। बदले में आरोपी ने उन्हें अपना हस्ताक्षर किए हुए नौ चेक दिए।

नीरज गुप्ता के जरिये दिए गए पांच लाख रुपये के चेक को 25 फरवरी 2023 को बैंक में भुगतान के लिए जमा किया, लेकिन आरोपी के खाते में रकम शून्य होने से जमा हुआ चेक बाउंस हो गया। आरोप है कि 22 महीने बीत जाने के बाद भी उसे तेरह लाख की रकम अभी तक वापस नही मिल सकी। मजबूरन उन्होंने पूरे प्रकरण से बखिरा पुलिस को अवगत कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। संवाद

# एसपी ने कोर्ट में पूर्ण विवेचना की पत्रावलियां भेजवाने की पहल की

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पूर्ण हो चुकी विवेचनाओ को तेजी से कोर्ट भेजवाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया है। एसपी ने इसके लिए न्यायालय से पत्राचार किया है। इसके साथ ही एसपी मॉनीटरिंग सेल की होने वाली बैठक में इस मुद्दे को उठाएंगे। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि वह अभियान चला कर लंबित 1506 विवेचनाओं को शीघ्रता से पूरा कराए है,लेकिन जिनती गति से विवेचनाएं पूर्ण हुई है,उनकी गति से कोर्ट नहीं जा पाई। संवाद

## चर्चा: महिला सहकर्मी से करता था एक तरफा प्यार

आरोपी सिपाही और महिला सिपाही दोनों एक ही बैच के हैं। पुलिस विभाग में चर्चा है कि महिला सिपाही आरोपी सिपाही दीपक वर्मा से सहज ढंग से बातचीत करती थी। उसके बातचीत के तरीके के चलते आरोपी सिपाही उससे प्यार कर बैठा था। जब उसने प्यार का इजहार किया तो महिला सिपाही ने इन्कार कर दिया। उसी से खार खाए सिपाही ने महिला सिपाही के पिता का अपहरण कर फिरौती मांगी। जिसमें आरोपी बना ,जेल गया व नौकरी भी चली गई।

# महिला होमगार्ड से दुष्कर्म मामले में सिपाही पर लटक रही बर्खास्तगी की तलवार

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइंस में तैनात सिपाही पर एक महिला होमगार्ड ने वर्ष 2022 में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सिपाही पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर उसे जेल भेजवा दिया था। तत्कालीन एसपी ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया था। सिपाही जमानत पर जेल से रिहा हुआ। इधर, एसपी सत्यजीत गुप्ता ने आरोपी सिपाही के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करा दी है। मामले की जांच सीओ अंबरीश भदौरिया कर रहे हैं। आरोपी सिपाही पर भी बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है। संवाद

# बिक रहा फुटपाथ, हो रही करीब तीन लाख की वसूली

**बरदहिया बाजार में फुटपाथ पर लगती हैं करीब 600 दुकानें, घर के सामने दुकान लगाने पर गृहस्वामी को देनी पड़ती है बैठकी**

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** शहर के बरदहिया में सप्ताह में दो दिन कपड़े का बाजार सजता है। भेली मंडी से कबीर की प्रतिमा तक सड़क की दोनों पटरियों पर 600 से अधिक छोटे दुकानदार अपनी दुकानें सजाते हैं। जिन लोगों के घरों के सामने दुकानें लगती हैं, वे इन दुकानदारों से बैठकी (किराया) वसूलते हैं।

तख्त रखने की जमीन के लिए एक सप्ताह में 500 रुपये वसूले जाते हैं। अनुमान के मुताबिक यह रकम सप्ताह में करीब तीन लाख हो रही है। इसको लेकर न तो नगर पालिका ध्यान दे रही है और न प्रशासन।

शहर के बरदहिया बाजार में शनिवार से ही बाजार सजने लगती है। रविवार को दिन और रात तथा सोमवार को दोपहर तक कारोबार होता है। यहां पर अधिकतर बाहर के व्यापारी आते हैं।



शहर के बरदहिया बाजार में लोगों के फुटपाथ पर दुकान लगाए दुकानदार। संवाद

इसमें आंबेडकर नगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, गोरखपुर, कानपुर, बिहार, मध्य प्रदेश आदि शामिल हैं।

दुकान लगाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने कोई व्यवस्था नहीं की है, जबकि अंदर निजी जमीन पर कारोबार होता है। जो दुकानदार फुटपाथ पर दुकान लगाते हैं।

जिन घरों के सामने दुकान लगानी होती है, दुकानदार को गृहस्वामी से अनुमति तो लेनी ही पड़ती है, ऊपर से बैठकी भी देनी पड़ रही है।

नाम न छापने की शर्त पर दुकानदारों ने बताया कि एक तख्त लगाने की जमीन के लिए सप्ताह में पांच सौ रुपये देना मजबूरी है। ऐसा न करने से दुकान लगाने से मना कर दिया जाता है। यदि नगर पालिका प्रशासन दुकानें लगाने के लिए कोई व्यवस्था कर दे तो काफी राहत मिलेगी।



घर के सामने लगी दुकान। संवाद

**नगर पालिका परिषद सुविधाओं पर नहीं दे रही ध्यान, ठगे जा रहे हैं दुकानदार**

*नगर पालिका के फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों से अवैध वसूली की शिकायत मिलेगी तो संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। वैसे प्रशासन के स्तर से इसमें पुलिस का सहयोग मांगा गया तो निश्चित तौर पर भरपूर सहयोग दिया जाएगा। -सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

*बरदहिया बाजार के फुटपाथ पर जो दुकानें लग रही हैं, वह नगर पालिका की जमीन है। पालिका प्रशासन किसी प्रकार का टैक्स दुकानदारों से नहीं वसूलता है। यदि कोई दुकानदारों से अवैध रूप से वसूली कर रहा है और इसकी शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी। -विनय कुमार मिश्र, ईओ खलीलाबाद*

# विवाहिता की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने दहेज हत्या मामले के आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया।

एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि बिसौवा में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर बाल किशुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# महिला सहकर्मी के पिता के अपहरण का आरोपी सिपाही बर्खास्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** गाजीपुर की रहने वाली जिले में तैनात एक महिला सिपाही के पिता का अपहरण करके 25 लाख की फिरौती मांगने के मामले में आरोपी सिपाही विभागीय जांच में दोषी पाया गया है। सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने आरोपी सिपाही दीपक वर्मा को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

वाराणसी जिले के जनसा क्षेत्र के सबुहनचक गांव का रहने वाला 2019 बैच का सिपाही दीपक वर्मा पुत्र मुखराम वर्मा की तैनाती संतकबीरनगर जिले में पुलिस कार्यालय में सीसीटीएनएस में थी। जबकि 2019 बैच की गाजीपुर की रहने वाली महिला सिपाही भी संतकबीरनगर में तैनात है। 16 अप्रैल 2022 को महिला सिपाही अपने घर गाजीपुर से संतकबीरनगर ड्यूटी पर आने के लिए अपने पिता के साथ औड़िहार स्टेशन आई थी। महिला सिपाही को ट्रेन में बैठा कर उसके पिता घर वापस जा रहे थे। उसी बीच पिता का मोबाइल फोन बंद हो गया। बाद में महिला सिपाही के भाई, जो मध्य प्रदेश में सिपाही हैं, उसके फोन पर पिता के मोबाइल नंबर से फोन गया। फोन करने वाले ने 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।

इस मामले में महिला सिपाही के परिजनों ने गाजीपुर के सैदपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण कर फिरौती मांगने का केस दर्ज कराया था। इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपी सिपाही दीपक वर्मा और एक अन्य युवक का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। पुलिस की जांच में इस घटना में मुख्य भूमिका सिपाही दीपक वर्मा की पाई गई।

### औड़िहार स्टेशन पर महिला सिपाही को ट्रेन में बैठा कर लौट रहे थे पिता

महिला सिपाही के पिता के अपहरण और फिरौती के मामले में आरोपी सिपाही दीपक वर्मा के खिलाफ गाजीपुर में कार्रवाई हुई थी। गाजीपुर एसपी की रिपोर्ट पर तत्कालीन एसपी ने आरोपी सिपाही को निलंबित किया था। आरोपी सिपाही के खिलाफ सीओ अंबरीश भदौरिया से विभागीय जांच कराई गई। जांच में दोषी पाए जाने पर सिपाही दीपक वर्मा को 17 अगस्त को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। **-सत्यजीत गुप्ता**, एसपी

कोर्ट से आरोपी को जमानत मिली। गाजीपुर के एसपी ने इसकी रिपोर्ट संतकबीरनगर एसपी को भेजी। तत्कालीन एसपी संतकबीरनगर ने 22 अप्रैल 2022 को आरोपी सिपाही दीपक वर्मा को निलंबित करते हुए प्रारंभिक जांच सीओ लाइंस को सौंप दी। जांचकर्ता अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट 14 सितंबर 2022 को एसपी को सौंपी। रिपोर्ट में सिपाही को अपहरण के मामले में दोषी पाया। उसके बाद वर्तमान एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सीओ मेंहदावल अंबरीश भदौरिया से विभागीय जांच कराई। सीओ ने जांच में सिपाही दीपक वर्मा को पूर्णतया दोषी पाया।

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# एसपी के आदेश से साइबर अपराध के आरोपी पर केस

तरबगंज संवाददाता। तरबगंज थाना क्षेत्र के एक निजी इंटर कॉलेज संचालक के साथ साइबर फ्रॉड करते हुए लाखों रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। लाखों रुपए एठने के बाद भी जब आरोपियों की मांग बढ़ती रही तो पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर प्रकरण को गंभीरता के लेते हुए एसपी ने साइबर अपराध समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है।

पीड़ित विद्यालय संचालक ने एसपी को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 अगस्त को पीड़ित के फोन पर वीडियो कॉल आया, कॉल रिसीव किया तो उधर से धमकी देते हुए कहा कि अपने एक महिला के साथ अश्लील हरकत करके बलात्कार किया है। दिल्ली से सीबीआई क्राइम ब्रांच कॉमश्नर बोल रहा हूँ, इतना सुनकर पीड़ित डर गया और फोन काट दिया। आरोपियों ने पीड़ित की अश्लील फोटो तैयार कर भेजी, एवं दोबारा फोन करके पीड़ित से दूसरे नंबर पर संजय सिंह से बात करने के लिए कहा गया। साथ ही धमकी दी गई कि बात करो नहीं तो जेल चले जाओगे। पीड़ित ने डर के मारे फोन किया, तो डेढ़ लाख रुपया गूगल पे से मांग की गई, पीड़ित ने पाँच बार में एक लाख छबीस हजार तीन सौ रुपये गूगल पे किया। इसके बाद भी रुपयों की मांग की जाती रही।

इसके बाद पीड़ित ने परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है।

## जालसाजी के मामले में आधा दर्जन पर मुकदमा

तरबगंज। जालसाजी के मामले में पीड़िता की तहरीर पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता कुसुमा पत्नी रंजीत सिंह निवासी ग्राम नरायनपुर घीसापुर टेपरा ने पुलिस उप महानिरीक्षक को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पीड़िता के पिता स्व० सम्मयराज तथा माता की मृत्यु हो चुकी है, अपने पिता, माता से दो बहनें हैं, चाचा धोख राज ने पीड़िता के पिता का फर्जी वसीयत नामा तैयार करवाया, जिसपर पीड़िता के पिता का अंगूठा हस्ताक्षर नहीं है। वसीयतनामे पर अयोध्या प्रसाद का बतौर गवाह हस्ताक्षर है।

19 कर्मचारी नामजद व 35 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट, रोडवेज चौकी इंचार्ज की तहरीर पर केस दर्ज

# 54 रोडवेज कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा

**फालोअप**

**गोण्डा, संवाददाता।** कोतवाली नगर पुलिस ने चक्का जाम करने वाले 54 रोडवेज कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें 19 कर्मचारी नामजद किए गए हैं और 35 अज्ञात कर्मचारी शामिल हैं। चौकी इंचार्ज राजेंद्र कनौजिया की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश देखा जा रहा है।

शुक्रवार को जाम हटवाने को लेकर पुलिस और रोडवेज कर्मियों के बीच उपजे विवाद के बाद रोडवेज कर्मियो द्वारा चक्का जाम कर सड़क पर घंटों हंगामा करना महंगा पड़ गया। हंगामा कर रहे कर्मचारियों के प्रति पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कर्मचारियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि शुक्रवार को रोडवेज चौराहे पर जाम हटवाने पहुंचे पुलिस कर्मियों व रोडवेज कर्मी के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद दोपहर में रोडवेज बस स्टेशन चौराहे के पास चालकों ने चक्का जाम कर दिया था। करीब घंटों तक गोंडा-बहराइच सहित अन्य मार्ग पर आवागमन ठप रहा। पुलिस पर अभद्रता और प्राइवेट बस चालक को संरक्षण देने का आरोप रोजवेज कर्मियों ने लगाया था। आरोप था कि उतरौला से गोंडा डिपो की बस रोडवेज चैराहे पर पहुंची और बस अड्डे के अंदर बने वर्कशाप जाने लगी, इतने में सड़क पर भीषण जाम लग गया। इस दौरान जाम में जिले के एक आला अधिकारी की भी गाड़ी फंस गई। सूचना पर नगर कोतवाल पहुंचे और कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए एक रोडवेज बस और एक निजी बस नगर कोतवाली पकड़ लाए। इसके बाद रोडवेज के चालक और कर्मचारी आक्रोशित हो गए थे। मामले को तूल पकड़ता देख नगर मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। कर्मचारियों ने हंगामा करते हुए सड़क पर आड़ी तिरछी बस खड़ी कर दी थी। इस दौरान बहराइच रोड सहित अन्य रूटो पर यातायात घंटो बाधित हुआ था।

### यह है पुलिस का तर्क

रोडवेज बस चालक द्वारा एलबीएस रोडवेज सडक मार्ग पर नो पार्किंग जोन में बस खड़ी कर देने से जाम लग गया। पुलिस द्वारा बस का चालान नो पार्किंग जोन में करते हुए मार्ग अवरुद्ध होने पर सुरक्षा की दृष्टि से थाने पर लाकर खड़ा कर दिया। इसके बाद पुलिस एवं प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए रोडवेज बस स्टैंड तिराहा पर रोडवेज के चालक एवम परिचालक और वर्क शॉप कर्मियों द्वारा तिराहे पर जाम लगा दिया गया, मौके पर पहुंचकर चौकी इंचार्ज इनकैन द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से समझा बुझाकर जाम को खुलवाने का प्रयास किया गया लेकिन रोडवेज के चालक, परिचालक तथा वर्क शॉप कर्मचारी और अधिक आक्रोशित हो गए एवं पुलिस तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे।

"शुक्रवार को चक्काजाम कर हंगामा करने वाले 54 रोडवेज कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें 19 नामजद व 35 अज्ञात कर्मचारी शामिल हैं। रोडवेज चौकी इंचार्ज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

संजय कुमार गुप्ता, नगर कोतवाल

# अवैध कब्जेदारों पर मुकदमा दर्ज किया जाए

**थाना दिवस**

**गोण्डा, संवाददाता।** मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने वजीरगंज थाना दिवस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आए लोगों की समस्याओं को एक-एक करके सुना। थाना दिवस पर आई शिकायतों में अवैध कब्जों के मामले में मण्डलायुक्त ने गंभरता से लेते हुए पुलिस को ऐसे मामलों के मुकदमों को दर्ज करने का निर्देश दिया। लोगों से अपील करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि लोग थाना दिवस में बिना भयभीत हुए आएं।



वजीरगंज में लोगों की समस्याएं सुनते आयुक्त।

इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, अवैध कब्जा, सार्वजनिक भूमि, तालाब, चकमार्ग, रास्ता सम्बन्धी आदि विवादों से सम्बन्धित समस्याओं को मण्डलायुक्त के सामने रखा। मण्डलायुक्त ने सभी समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने एसडीएम, थाना प्रभारी को राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की टीम भेज कर प्रभावी ढंग से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य छोटे मामलों को भी समय से निपटाया जाए।

थानाध्यक्ष को मंडलायुक्त ने थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना दिवस में इस प्रकार का वातावरण बनाया जाए कि सभी लोग बिना किसी भय के थाना दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करा सके। सभी अधिकारी समस्या के निराकरण के लिए हर समय मौजूद है। इसके अलावा उन्होंने पुलिस को क्षेत्र में नियमित निगरानी कर अपराधों पर रोक लगाने के निर्देश दिये।

**धानेपुर संवाद के अनुसार** धानेपुर थाने में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जहां पर कुल 16 शिकायतें आई जिसमें से एक निस्तारण हुआ है अन्य के लिए टीमों का गठन किया गया है। समाधान दिवस में एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह व सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने पहुंचकर फरियादियों की फरियाद सुनी और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें आई थी जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण कराया गया है।

# भूमि विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, मुकदमा

वजीरगंज। भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने शनिवार को एक परिवार को घर में घुसकर लाठी-डंडो से जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र की फूलमती पत्नी दीनानाथ, पार्वती व दीनानाथ निवासी ग्राम पंचायत चडौवा मजरा खैरहनी का आरोप है कि सूरज पुत्र राम मनोरथ, मीरा पत्नी सूरज व राम मनोरथ ने लाठी-डंडो से लैस होकर पीड़िता के घर में घुस आए और उसके सास व पति को दबंगों ने बेरहमी से पीटा, जिससे पीड़िता व पति दीनानाथ व सास पार्वती को काफी चोटें आई हैं।

वहीं दसरे पक्ष ने शिकायती पत्र में कहा कि दीनानाथ, फूलमती पत्नी दीनानाथ व पार्वती पत्नी माता बदल ने रास्ते के विवाद को लेकर मारापीटा है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पति ने दर्ज कराई पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट

कटरा बाजार। थाना क्षेत्र के पूरे बहोरी निवासी रामजी ने थाने में तहरीर देकर पत्नी के अचानक गायब हो जाने की बात बताई है। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी गत छह अगस्त को अचानक किसी को बिना बताए घर से कहीं गायब हो गई है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि मामले की जानकारी हैं मामले में रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

# घरेलू विवाद में किशोर को पीटा

खरगूपुर। भगवान दीन पुरवा निवासी पूनम देवी पत्नी सोमनाथ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था कि उनके और जेठानी में विवाद हो गया था।उसी को लेकर पीड़िता के लड़के सुमित को जेठानी ने लाठी डंडे से मारा पीटा।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घायल को सीएचसी भेज दिया गया है।

# नाबालिग को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड्की को तरबगंज थानाक्षेत्र के सरावां गांव के रहने वाले अंकित पाण्डेय द्वारा भगा ले जाने का मुकदमा लड़की के पिता द्वारा दर्ज कराया गया है। परिजनो के अनुसार लड़की कक्षा 9 में पढती थी। स्कूल आने जाने के दौरान वह अंकित के सम्पर्क मे आई थी।गुरूवार को वह लड़की को लेकर फरार हो गया।

# बारिश का पानी निकालने पर मारपीट, आठ पर केस

रुपईडीह, संवाददाता। बिरवा गांव में बरसात का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरवा मे बरसात का पानी निकालने को लेकर संचित यादव व राकेश यादव के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोगों को गंभीर चोटें आई। जिसकी सूचना दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को दी । पुलिस ने प्रथम पक्ष संचित यादव के पत्नी गुड़िया के शिकायती पत्र पर गुल्लीदीन, राकेश कुमार, राम शोहरत, राम अक्षैबर तथा द्वितीय पक्ष राकेश यादव के शिकायती पत्र पर संचित यादव की पत्नी, प्रभादेवी, कोयला यादव व लवकुश के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पक्षों के घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। थानाध्यक्ष कौडिया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि बिरवा में हुई मारपीट में दोनों पक्षों के आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बाल संरक्षण सभी अफसरों की जिम्मेदारी: डॉ. देवेन्द्र

- बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने निरीक्षण किया
- अफसरों संग समीक्षा बैठक कर निर्देश दिये

गोण्डा। शनिवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा राज्यमंत्री स्तर ने जनपद में निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डा. शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण किसी एक विभाग या अधिकारी का दायित्व नहीं है, यह सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह भी बाल संरक्षण को लेकर सजग रहें। अध्यक्ष डा. शर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। कारागार में महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षिकों को निर्देश दिये कि बच्चों की खान पान व स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति कोई लापरवाही न बरती जाए। आयोग के अध्यक्ष डा. शर्मा ने फोरविसगंज स्थित बालगृह बालिका व बालगृह बालक का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय की स्थिति का जायजा लिया। यहां पर उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले समस्त मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। साथ ही बच्चों के मामलों में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी पूरे मनोयोग से उनकी समस्याओं को जाने, उसके बाद आवश्यक उपचार व दवाएं दी जायं। इसके बाद यहीं जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित वन स्टाप सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया।

# दो महिलाओं समेत आधा दर्जन पर केस

खरगूपुर। दो महीने पूर्व हुई मारपीट के मामले में खरगूपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो महिला सहित आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया है।

मामला ग्राम पंचायत भुलईडीह का है। यहां के निवासी विजय कुमार पुत्र राम बहादुर ने न्यायालय में दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्रामवासी इन्द्रसेन, मायाराम, अमिरका पुत्रगण रामगोपाल, निर्मला पत्नी राम प्यारे, किरन पत्नी धनीराम तथा भग्गन ने रास्ते के विवाद के चलते पांच जून को उस पर हमला कर दिया और लाठी डंडे, लात, मुके से मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब वह घर के अन्दर भाग गया तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारना शुरू कर दिया।

# 20 बकरा–बकरी चोरी

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : डेहरास गांव के रहने वाले मेराज के दो लाख रुपये के 20 बकरा व बकरा चोरी हो गए। चोर चारपहिया पर बकरा-बकरी लाद रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने इसकी सूचना मालिक को कर दी। नूर आलम वहां पहुंचा तो चोर ने जान से मारने की धमकी देते हुए बकरा व बकरी लादकर भाग निकले। मेराज ने बताया कि उसने बहन की शादी करने के लिए बकरियों को पाल रखा था, इसकी चोरी होने से उसके अरमान पर पानी फिर गया। उसने कोतवाली देहात के एक गांव के रहने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध चोरी की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि तहरीर मिली है।

# राजस्व टीम के साथ जाकर भूमि विवाद का कराया जाए निस्तारण



वजीरगंज थाना में जनसुनवाई करते मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र • जागरण

जागरण टीम, गोंडा : पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद संबंधी समस्याओं का निस्तारण राजस्व टीम के साथ जाकर पुलिस निस्तारण कराए। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को अलग रजिस्टर में अंकित कर उसके निस्तारण का ब्योरा दर्ज किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले व झूठी रिपोर्ट लगाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले के थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 215 शिकायतें आईं। इनमें से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया।

**वजीरगंज :** मंडलायुक्त ने योगेश्वर राम मिश्र ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। तीन समस्याओं का निस्तारण कराया। मंडलायुक्त ने सड़क, बिजली, सार्वजनिक भूमि, तालाब, चकमार्ग पर अवैध कब्जा सहित भूमि विवाद संबंधी निस्तारण कराने के निर्देश दिए। निर्देश दिया कि अवैध कब्जेदार स्वयं कब्जा नहीं हटते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा किया जाए।

# ठगी का मुकदमा

बभनजोत: गौरा बुजुर्ग के अमित गुप्ता ने खोड़ारे थाने में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रेंडवलिया के काजी मसूद ने जीएसटी जमा करने के नाम पर गूगल पे के जरिए 56000 हजार ले लिया, लेकिन उनका बकाया नहीं जमा किया।

# सीएचसी के सामने चल रहा मेडिकल स्टोर,सील

संसू, नवाबगंज (गोंडा) : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने लोहे की गुमटी में चल रहे मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। बलरामपुर के औषधि निरीक्षक आलोक त्रिवेदी व गोंडा की औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने छापा मारकर प्रांजल मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर रजिया बानो ने बताया कि मेडिकल स्टोर का संचालक लाइसेंस नहीं दिखा सका। यहां छापा एक लाख रुपये की दवाएं बरामद की गईं जिनमें कुछ नशीली भी थीं।

इन दवाओं के नमूने लिए हैं जिन्हें राजकीय विश्लेषण प्रयोगशाला वाराणसी भेजा जाएगा। उपनिरीक्षक सुनील सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। चार घंटे की छापेमारी से दुकानदारों में खलबली मची रही। कुछ मेडिकल स्टोर संचालक दुकान बंद कर भाग गए।

# 215 मामलों में सिर्फ 19 निपटे

## वजीरगंज में मंडलायुक्त ने परखी थाना समाधान दिवस की हकीकत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले के 17 थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर नाथ मिश्र ने थाना वजीरगंज पहुंचकर थाना दिवस की हकीकत परखी। उन्होंने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण व समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 215 शिकायतें आईं। इनमें से 19 का निस्तारण कर दिया गया।

आयुक्त ने कहा कि समाधान दिवस में अवैध कस्बे की शिकायतें सबसे ज्यादा आ रही हैं। अवैध कब्जेदारों से भूमि खाली कराकर उनके खिलाफ केस दर्ज कराएं।वजीरगंज में राजस्व विभाग से संबंधित कुल 16 शिकायतें आईं। जिनमें तीन शिकायतें मौके पर निस्तारित की गईं।

एक शिकायत के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। नवाबगंज में एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव और सीओ तरबगंज संजय तलवार ने समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि समाधान दिवस में नई 18 शिकायतें आईं। पुराने 19 मामलों का निस्तारण कर दिया गया, जबकि 18 शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है। इटियाथोक में एसडीएम सदर वीके सिंह व सीओ शिल्पा वर्मा ने समस्याएं सुनीं। अधिकांश प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित रहे।

धानेपुर में नायब तहसीलदार नेहा राजवंशी व थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने शिकायतें सुनीं। कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि समस्त थानों में कुल 215 शिकायतें आईं। जिनमें से 19 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### डीएम से शिकायत पर शुरू हुआ काम

मनकापुर (गोंडा)। डीएम से शिकायत के बाद ग्राम प्रधान ने इंटरलॉकिंग का काम शुरू कराया है। मछलीगांव नानकार निवासी सुनील शुक्ल ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया था कि उनके गांव में बिना इंटरलॉकिंग कार्य कराए ही दो लाख 12 हजार रुपये का भुगतान करा लिया गया। शिकायत की भनक लगते ही धन निकासी के 20 माह बाद प्रधान ने शनिवार को विद्यालय में कार्य शुरू करा दिया। प्रभारी बीडीओ विष्णु कुमार प्रजापति ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ग्राम प्रधान व सचिव को कार्य कराने के लिए तीन दिवस का मौका दिया गया है। वहीं, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सोनी ने कहा- आरोप निराधार है। (संवाद)

# पेड़ के नीचे दबकर युवक की मौत

मनकापुर (गोंडा)। गोहन्ना निवासी शकील (35) शनिवार को ग्राम अमवा माफी के पुजारी पुरवा में यूकेलिप्टस का पेड़ काट रहा था। तभी पेड़ उसी के ऊपर गिर गया। इससे शकील की मौके पर ही मौत हो गई। मछलीबाजार चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। (संवाद)

# सड़क हादसे में मौत के मामले में केस

वजीरगंज (गोंडा)। तरबगंज के गौहानी पूरेशिवनंदन मिश्र निवासी नरेंद्र नाथ मिश्र ने वजीरगंज थाने पर तहरीर दी है। इसमें कहा कि उसका पुत्र रविनंदन मिश्र (29) 17 अगस्त को बाइक से घर लौट रहा था। रात 10 बजे दुर्जनपुर बाजार के समीप एक बाइक सवार ने रविनंदन की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे रविनंदन की मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# स्कूल गई छात्रा का अपहरण

गोंडा। नवाबगंज के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा गुरुवार सुबह स्कूल जा रही थी। तभी एक युवक उसे अगवा कर ले गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी अंकित पांडेय निवासी सरावां, थाना तरबगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

करनैलगंज (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भौरीगंज निवासी रिजवान ने कोतवाली करनैलगंज में तहरीर दी है। इसमें कहा कि उन्होंने मोहम्मद इश्तियाक से एक प्लॉट का बैनामा लिया था। जिसमें दो कमरे और बरामदा बना हुआ है और कुछ जमीन खाली पड़ी है। इस भूमि को अगस्त 2017 में इश्तियाक ने भौरीगंज निवासी हाजरा खातून के पक्ष में दोबारा बैनामा कर दिया। इसकी जानकारी होने पर जब उन्होंने शिकायत की तो दोनों ने मिलकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिजवान की तहरीर पर मोहम्मद इश्तियाक व हाजरा खातून के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# स्कूल प्रबंधक को ब्लैकमेल कर 1.26 ऐंठे, दो पर केस

तरबगंज (गोंडा)। प्रतिष्ठित स्कूल के प्रबंधक को वीडियो कॉल कर जालसाजों ने अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। फिर क्राइम ब्रांच दिल्ली का कमिश्नर बनकर कॉल करके धमकाकर गूगल-पे के जरिए 1,26,300 रुपये ऐंठ लिए। जालसाजों ने स्कूल प्रबंधक से एक लाख रुपये और मांगे तो उन्होंने एसपी से मिलकर गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर स्कूल प्रबंधक की तरफ से संजय सिंह समेत दो लोगों के खिलाफ जालसाजी व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

**न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

खरगूपुर (गोंडा)। दो महीने पहले हुई मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो महिला सहित आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भुलईडीह का है। यहां के निवासी विजय कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इंद्रसेन, मायाराम, अमिरका, निर्मला, किरन व भग्गन के खिलाफ केस दर्ज किया है। (संवाद)

**ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को धमकी**

खोड़ारे (गोंडा)। गाजीपुर गांव के रहने वाले व एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक श्याम सुंदर ने एसपी के आदेश पर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा लगाया कि छपिया के मधईपुर हथियागढ़ निवासी रवि प्रताप त्रिपाठी अभद्रता करते व धमकाते हैं। इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि एसपी के आदेश पर रवि के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# दो राजस्व निरीक्षकों व एक लेखपाल पर होगी विभागीय कार्रवाई

**जागरण टीम, बलरामपुर** : जमीन विवाद से जुड़े विवादों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले दो राजस्व निरीक्षकों व एक लेखपाल की गर्दन फंस गई है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने राजस्व निरीक्षक नईम अहमद व कृष्ण कुमार मिश्र और लेखपाल बेचन राम शास्त्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया है। राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को जमीन विवाद के मामलों की जानकारी रखने की कड़ी चेतावनी दी है।

थाना रेहरा बाजार व सादुल्लाहनगर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। गांवों में चकरोड व जमीन से जुड़े छोटे-छोटे विवादों को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। दोनों थानों में जिलाधिकारी ने कई मामलों के वादी व प्रतिवादी के बीच समझौता कराया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अविनाश त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने थाना गौरा चौराहा में फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण कराया। कोतवाली नगर, देहात, उतरौला, गैंसड़ी व जरवा, थाना ललिया, हरैया, महराजगंज तराई, तुलसीपुर, गौरा चौराहा, पचपेड़वा, श्रीदत्तगंज व गैंड़ास बुजुर्ग में भी शिकायतों का समाधान किया गया।



समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी अरविंद सिंह व एसपी केशव कुमार • सौ. सूचना विभाग

# जालसाजों की न हुई गिरफ्तारी, अब रिकवरी की हो रही तैयारी

**जासं, बलरामपुर** : बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अंक पत्रों के सहारे नौकरी हथियाने वालों तक पुलिस के हाथ अभी नहीं पहुंच सके हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने 120 जालसाजों पर मुकदमा तो दर्ज करा दिया, लेकिन इनकी तलाश में पुलिस को पसीने छूट रहे हैं। विभाग ने सभी 120 सालों से किए गए वेतन भुगतान की रिकवरी की तैयारी शुरू कर दी है। अहम पहलू यह है कि भले ही अंक पत्र फर्जी रहे हों, लेकिन जिन बैंक खातों में वेतन का भुगतान किया गया है, उन में लिंक आधार के जरिए सही पता मालूम किया जा सकता है। बावजूद इसके शिक्षा व पुलिस विभाग खाली हाथ हैं। अपेक्षित सहयोग न मिलने पर एसटीएफ की शिकायत पर प्रदेश के 28 बीएसए को नोटिस जारी की जा चुकी है। ऐसे में इनकी गिरफ्तारी और भी चुनौतीपूर्ण हो गई है। विभिन्न वर्षों में किए गए वेतन व अन्य भत्तों के भुगतान का आगणन तैयार किया जा रहा है। वहीं जालसाजों की गिरफ्तारी न होने फर्जी शिक्षकों के रैकेट का राजफाश नहीं हो पा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बलरामपुर नीति आयोग के आकांक्षात्मक जनपदों में शुमार है। विभिन्न शिक्षक भर्ती के दौरान यहां अध्यापकों की नियुक्ति कर पिछड़ेपन के कलंक को धुलने का प्रयास भी हुआ। गुरुजन की कमी तो दूर हुई, लेकिन इसकी आड़ में जालसाजों ने भी अपना कारनामा कर दिखाया।

**दो साल पहले हुआ था मुकदमा**

अप्रैल 2021 में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जब फर्जी शिक्षकों पर मुकदमा लिखाने के लिए अफसरों के पेंच कसे, तो जिले के आला अधिकारी हरकत में आ गए। आनन-फानन में विभिन्न शिक्षक भर्ती के दौरान कूटरचित अभिलेख के सहारे नौकरी पाने वाले 92 शिक्षकों के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी गई। इसके बाद 28 अन्य शिक्षकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई थी।

> 120 फर्जी अध्यापकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर सेवा समाप्त की जा चुकी है। बर्खास्त शिक्षकों से अब रिकवरी कराई जाएगी।
>
> – कल्पना देवी, बीएसए

**चल रही है विवेचना** : प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह का कहना है कि विवेचना चल रही है। फर्जी शिक्षकों की तलाश जारी है। विवेचना अधिकारी से प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी।

# सीसी कैमरा लगवाने का चलाएं अभियान

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसी कैमरे लगवाने का अभियान चलाने की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने अधीनस्थों को सौंपी है। गैंसड़ी कोतवाली की गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों को सुझाव दिया है कि सीसी कैमरे लगने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। थाना श्रीदत्तगंज में सहदेइया निवासी राजेश कुमार को छह व थाना पचपेड़वा में कुशमहर सिद्धापुर निवासी पंचम प्रसाद यादव को चार सीसी कैमरे लगवाने पर सम्मानित किया गया है।

# बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर को कोतवाली व थानों में एंटी रोमियो, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने एक साथ चौराहों, गांवों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी के साथ बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में भी बताया। (संसू)

# मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को दिलाएं सजा

संसू, बलरामपुर : न्यायालयों में लंबित मुकदमों की पैरवी करके अभियुक्तों को सजा दिलाने का सुझाव अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने अभियोजन पक्ष को दिया है। एसपी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में लंबित मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा की गई। गोष्ठी में अभियोजन कर्मचारियों, कोतवाली व थानों के पैरोकार, कोर्ट मुहर्रिर व मानीटरिंग सेल के प्रभारी मौजूद रहे।

# 29 को रोजगार मेला में मिलेगी नौकरी

संवादसूत्र, बलरामपुर : निजी कंपनियों में बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए उतरौला रोड स्थित भगवती आदर्श इंटर कालेज धर्मपुर भगवतीगंज में 29 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन होगा। जिला सेवा योजन कार्यालय के साथ रोजगार मेला के आयोजन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिशुनपुर विश्राम के प्रधानाचार्य गोविंद कुमार व उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक राजेश कुमार पांडेय को सहयोग करने का पत्र भेजा गया है।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी आशा वर्मा ने बताया कि 29 अगस्त को उतरौला रोड स्थित भगवती आदर्श इंटर कालेज धर्मपुर भगवतीगंज में सुबह 11 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया जाएगा। हाईस्कूल, इंटर, स्नातक एवं आइटीआइ उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य है, प्रतिभाग कर सकते हैं। बेरोजगार अभ्यर्थी sewayojan.up.nic.in पर पंजीयन कराकर कंपनियों में आवेदन करें, जो अभ्यर्थी पंजीयन नहीं करा सके हैं, वह अंकपत्र, प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति एवं एक फोटो सहित मेले में शामिल हो सकते हैं।

### डीएम ने किसी भी मामले को लंबित न रखने का संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश, शिकायत पर तत्काल हो कार्रवाई

# विधवा महिला की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

**समाधान दिवस**

बलरामपुर, संवाददाता। बुजुर्ग महिला ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई तो डीएम व एसपी भड़क गए। महिला ने कहा कि उसकी जमीन पर पिछले चार महीनों से मनबढ़ों ने कब्जा कर लिया है। पति नहीं हैं इसलिए लोग उसे दबा रहे हैं। जिलाधिकारी अरविंद सिंह व एसपी केशव कुमार ने आनन-फानन में पुलिस बल व राजस्व कर्मियों की टीम भेजकर बुजुर्ग महिला की जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया। सादुल्लाहनगर में छात्रा ने डीएम व एसपी से शिकायत दर्ज कराई कि कॉलेज जाते समय रास्ते में कुछ मनचले उसे परेशान करते हैं। पुलिस टीम भेजकर किशोर को पकड़वाया गया। कड़ी चेतावनी के बाद उसे घर जाने की अनुमति दी।



थाना सादुल्लाह नगर में फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण कराते डीएम व एसपी

जिले के सभी थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर समस्याओं का निस्तारण कराया गया। डीएम व एसपी का निर्देश है कि किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। फरियादियों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई हो। थाना देहात में महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पुत्र उसे मारता पीटता है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे ने पुत्र को बुलवाकर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि जो व्यक्ति अपनी मां के साथ दुर्व्यहार करता हो उसे जेल में रहना चाहिए। थाना देहात में 15 मामले आए जिसमें पांच का त्वरित निस्तारण किया गया। कोतवाली नगर में विधवा महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ कुछ लोग परेशान कर रहे हैं। कोतवाल विमलेश कुमार सिंह ने आरोपितों को पकड़वाकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। कहा कि भविष्य में दोबारा गलती करने पर जेल जाना पड़ेगा। थाना महराजगंज तराई में संतराम ने प्रभारी निरीक्षक से कहा कि उन्हें पड़ोसी बे-वजह परेशान कर रहे हैं। कोतवाल ने विपक्षियों को बुलवाकर डांट-फटकार लगाते हुए भविष्य में दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी देकर मामले का निस्तारण कराया।

**रेहरा में 12 में दस शिकायतों का हुआ निस्तारण :** हर्रैया सतघरवा में 17 मामले आए जिसमें पांच का त्वरित निस्तारण करा दिया गया। गौरा चौराहा में 15 में से आठ मामलों का त्वरित निस्तारण कराया गया। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र में 12 में दस शिकायतों का निस्तारण कराने में पुलिस व राजस्व टीम कामयाब रही। कोतवाली उतरौला में प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने प्राप्त दस प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करा दिया। नेपाल सीमावर्ती स्थित कोतवाली जरवा में 15 मामले आए जिसमें पुलिस ने दस मामले का निस्तारण त्वरित रूप से करा दिया। थाना श्रीदत्तगंज में प्रभारी निरीक्षक विपुल पाण्डेय ने आठ मामलों का सफल निस्तारण कराया।

## मामलों के निस्तारण में पुलिस दिखा रही तेजी

थाना कोतवाली गैसड़ी में कुल 12 मामले आए जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। राम लाल ने प्रार्थना-पत्र दिया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों खूंटा गाड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर राजस्व कर्मी व पुलिस बल भेजकर मामले का निस्तारण करवा दिया। थाना पचपेड़वा में महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी जमीन पर लोग घूर लगाकर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल व राजस्व कर्मियों को भेजकर मामाले का निस्तारण करवा दिया। थाना ललिया में किशोरी ने शिकायत दर्ज कराया कि कुछ छात्र उसपर गलत कमेंट करते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने छात्रों को बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए मामले का निस्तारण करा दिया।

# गांवों में सीसीटीवी लगाने पर दिया जोर

गैसड़ी (बलरामपुर)। कोतवाली में ग्राम प्रधानों व संभ्रांतजनों की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने सुरक्षा के बारे विस्तार से चर्चा की। ग्राम प्रधानों से गांव व चौराहों सहित सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए कहा। बताया कि सीसीटीवी कैमरा लगवाना अनिवार्य है, जिससे आप सुरक्षित आपके गांव के अंदर रहने वाले सुरक्षित रहेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान सीके राना,खलील अहमद, बाबूजान, रकीब, शकील अहमद,अजीत यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

बलरामपुर, संवाददाता। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक समस्याओं को लगातार नजरंदाज किया जा रहा है, जिसको लेकर शिक्षक आहत हैं। कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है जिसे वे लेकर रहेंगे। सरकार को पुरानी पेंशन हर हाल में बहाल करना होगा। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री संबोधित 10 सूत्री ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य प्रमुख समस्याएं का समाधान करने के मांग शामिल हैं। इस दौरान मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, रविंद्र चौधरी, नौशाद खान, विष्णु प्रताप, राजेश दुबे, गया प्रसाद, सीताराम द्विवेदी, शैलेश पांडेय, मदनलाल, प्रिया रानी श्रीवास्तव, नीलम गौतम, श्वेता सिंह, सुमन यादव व अंकुर चौधरी मौजूद रहे।

# लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी लगवाने की अपील

**जागरूकता**

**बलरामपुर संवाददाता।** ग्राम प्रहरी व चौकीदार पुलिस के अभिन्न अंग हैं। गांव में इनका जुड़ाव सीधे जनता से होता है। ग्राम प्रहरी व चौकीदार हर छोटी एवं बड़ी घटनाओं पर बराबर नजर बनाए रखे। घटना की जानकारी तत्काल उच्च अधिकारियों को दें।

यह बातें पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शनिवार को कही। एसपी थाना कोतवाली गैसड़ी में आपरेशन त्रिनेत्र अभियान में लोगों को जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में बराबर चेकिंग अभियान चलाए। लोगों को एहसास दिलाया जाए कि पुलिस उनकी मदद के लिए तत्पर है। क्षेत्र के संभ्रांत व्यकितयों, जनप्रतिनिधियों को पुलिस टीम सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए जागरूक करें।

अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने कहा कि थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाए तथा लोगों को अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर, थाना प्रभारी गैसड़ी, ग्राम प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

हिन्दुस्तान

# पीएचसी अधीक्षक ने मरीजों के सामने चिकित्सक पर जड़ा थप्पड़

## गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट करने का आरोप, अधीक्षक पर मुकदमा

बहराइच, संवाददाता । जरवलरोड थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पर अधीनस्थ चिकित्सक ने मुकदमा दर्ज कराया है। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मरीजों के सामने अधीक्षक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। हालाकि मामले को शांत करने के लिए सीएमओ ने पीड़ित चिकित्सक को दूसरे केंद्र पर तैनात कर दिया है। जांच की बात भी कही जा रही है।

थाना क्षेत्र के पांडेयपुरवा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉ अनुराग अवस्थी की तैनाती है। आरोप है कि केंद्र पर तैनाती अधीनस्थ चिकित्सक डॉ अब्दुल बारी निर्धारित समय के बाद रोज आ रहे थे। इसी बात को लेकर अधीक्षक से कहासुनी हो गई। पीड़ित का कहना है कि मरीजों के सामने उससे अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर अधीक्षक ने सरेआम थप्पड़ जड़ दिया। आरोप है कि इसके बाद शिकायत करने पर उन्हें जानमाल की धमकी भी दी गई।

- मामले को शांत करने के लिए सीएचसी पर संबंद्ध किए गए डॉ अब्दुल
- शिकायत करने पर उन्हें जानमाल की धमकी भी दी गई

हालाकि घटना की सूचना उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूप को दिया। इसके बाद सीएमओ व सीएचसी अधीक्षक को लिखित रूप से दिया थ। मामले में कोई ठोस कदम न उठाने पर शुक्रवार को जरवल रोड थाने में पीड़ित चिकित्सक ने तहरीर दिया। इस पर पुलिस ने मारपीट समेत कई धाराओं में अधीक्षक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसएचओ ददन सिंह ने बताया कि डॉ अब्दुल बारी की तहरीर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पाण्डेय पुरवा जरवलरोड डॉ अनुराग अवस्थी के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच हो रही है।

### मारपीट का आरोप गलत, समय से नहीं आ रहे थे केंद्र

**बहराइच।** पीएचसी अधीक्षक डॉ अनुराग अवस्थी ने बताया कि समय से वह केंद्र नहीं आ रहे थे। केंद्र पर समय से आने की बात कहने पर वह आक्रोशित हो गए। थप्पड़ मारने का आरोप गलत है। फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### सीएचसी पर किया गया संबद्ध

**बहराइच।** सीएसची अधीक्षक डॉ कुंवर रीतेश सिंह ने बताया कि मामले को देखते हुए डॉ अब्दुल बारी को पीएचसी से हटाकर सीएचसी पर अटैच किया गया है। दोनों चिकित्सकों के बीच मामला शांत हो गया है।

"अधीक्षक व चिकित्सक के बीच विवाद की जानकारी होने पर सीएचसी अधीक्षक को भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। –**डॉ एसके सिंह**, सीएमओ, बहराइच

हिन्दुस्त

# कोटे के चयन में गड़बड़ी पर भड़के ग्रामीण, प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आदिल गांव के लोग।

**बहराइच, संवाददाता।** कोटे के चयन में अनियमितता से नाराज आदिलपुर गांव के दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए गए। आधे घंटे तक ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों के मुताबिक कोटेदार चयन की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि चयन के लिए ग्रामीण मौजूद रहे, लेकिन अधिकारी अपने तरीके से कोटे का चयन करा दिए।

चित्तौरा ब्लॉक के ग्राम आदिलपुर में कोटे चयन को लेकर शनिवार को खुली बैठक होनी थी। आरोप है कि खुली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हुए। कोटे चयन कराने के लिए पहुंचे अधिकारियों ने बिना ग्रामीणों की सहमति के ही कोटा चयन कर लिया। विरोध करने पर भी अधिकारी अपने पर अड़े रहे।

इससे नाराज गांव के लोग सीधे कलेक्ट्रेट कूच कर आए। ग्रामीणों ने कोटा चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि खुली बैठक करकर आम सहमति से कोटे का चयन कराया जाना चाहिए।

हिन्दुस्तान

# शिकंजा: दुकानों से भरे खाद्य पदार्थों के 11 नमूने

बहराइच,संवाददाता। खाद्य विभाग ने शनिवार को मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया। मिठाई व दूध की दुकानों पर छापेमारी कर संदिग्ध मिठाइयों व खाद्य पदाथों के नमूने भरे। प्रयोगशाला जांच के लिए नमूनों को भेजा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित पर कार्रवाई होगी। दुकानदारों को शुद्ध खाद्य पदार्थ बिक्री की चेतावनी भी दी गई।

- प्रयोगशाला भेजा गया नमूना, जांच रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई
- मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए विभाग हुआ सक्रिय

जिला अभिहीत अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए विभागीय टीम लगातार निगरानी कर रही है। इसी क्रम में टीम ने हुजूरपुर व भिनगा रोड पर अलग-अलग छापेमारी की है। उन्होंने बताया कि दूधियों व दुकानों पर बिक्री के लिए डंप किए गए दूध के आठ नूमने, दूध बफी, सोनपपड़ी व दही समेत कुल 11 खाद्य पदार्थो के नमूने भरे गए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी तहसीलों में विभागीय टीम लगातार नजरें रख रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ रामतेज, अजय कुमार, कमला रावत, डॉ विवेक कुमार, मुकेश कुमार, अभिषेक कुमार की टीम ने छापेमारी की है।

हिन्दुस्त

# 72 शहीदों की याद में निकलेगा जुलूस

बहराइच। हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत के एक महीने पूरे होने पर 28 अगस्त को जुलूस नाजिरपुरा से अली हैदर के घर से निकलकर दुलदुल हाउस, चौक बाजार, काजीपुरा, बशीरगंज होता हुआ कर्बला जाएगा। इस ताजिया के जुलूस में नगर की अंजुमनें शामिल होंगी, जो ताजिये के साथ मातम करते हुए कर्बला तक जायेंगे।

# मारपीट मामले में तीन पर मुकदमा

बलहा। नानपारा कोतवाली के गुलाल पुरवा गांव में बुधवार को हमलावरों ने आफताब पुत्र मेराज पर हमला कर मारपीट की थी। मामले मे मोनू सहित तीन को नामजद कर मारपीट व धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

# समाधन दिवस में सिर्फ मामले निस्तारित

रुपईडीहा। शनिवार को आदर्श थाना रुपईडीहा में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता तहसीलदार नानपारा प्रद्युम्न पटेल ने की। सोरहिया, प्रेम नगर व गुलरिया गांव के भूमि संबंधी विवाद पटल पर रखा गया। इनमें गुलरिया का विवाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया गया।

# दो माह में सभी पुलिसलाइन में साइबर थाने

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों की पुलिसलाइन में साइबर क्राइम थानों की स्थापना के निर्देश दिए हैं। कहा कि इस कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाए। साथ ही प्रत्येक थाने में साइबर सेल की स्थापना के लिए संसाधन मुहैया कराए जाएं।

सीएम के निर्देश पर वर्तमान में परिक्षेत्रीय स्तर पर संचालित साइबर क्राइम थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाएगा। साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के दौरान शनिवार को सीएम ने कहा कि तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। कस्टमर केयर, पेंशन, बिजली बिल, वर्क फ्रॉम होम, सेक्स्टॉर्सन, लोन एप, पार्सल, फ्रेंचाइजी, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट और पॉन्जी स्कीम में हो रहे फ्रॉड का आम आदमी शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी।

सीएम ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। बीएसए, डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करते हुए चरणबद्ध रूप से प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, फिर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियांवित करने के निर्देश दिए।



## मुख्यमंत्री का निर्देश- सभी थानों में गठित होगी साइबर सेल

## स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल हो साइबर अपराध

## हर जिले के पांच अफसरों की ट्रेनिंग

साइबर अपराधों की जांच व विवेचना के लिए पुलिस बल के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अपने जिले के प्रत्येक थाने से पांच निरीक्षक, उपनिरीक्षक को साइट्रेन पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

# पीएम आवास नहीं बनने दे रहे पड़ोसी

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच/पयागपुर/महसी/रिसिया/। मटेरा/रुपईडीहा/बौंडी/मोतीपुर। साहब प्रधानमंत्री आवास मिला था। पैसा आने के बाद निर्माण शुरू करवाया था। पक्के घर में रहने की उम्मीद जगी थी लेकिन पड़ोसी निर्माण में व्यवधान डाल रहे हैं। काम रुकवा रहे हैं। यह शिकायत पयागपुर थाने में आयोजित समाधान दिवस में भूपगंज बाजार से आए फरियादी माता प्रसाद ने की। एसडीएम दिनेश कुमार ने तत्काल सिपाहियों को मौके पर जाकर जांच करने को निर्देशित किया।

पयागपुर थाने में एसडीएम दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में दो राजस्व व तीन पुलिस से संबंधित शिकायती पत्र आए। हंसुआपारा निवासी रेनू ने जल निकासी रोकने और जेठ पर मारपीट का आरोप लगाया। जिस पर टीम भेजी गई। कोतवाली नगर में कोतवाल ब्रह्मा गौड़ की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कोई भी फरियादी नहीं पहुंचा।

दरगाह थाने में तहसीलदार अभयराज पांडेय की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें पांच शिकायती पत्र आए, जिसमें थानाध्यक्ष हरेन्द्र मिश्रा ने एक का निस्तारण मौके पर ही किया। हरदी थाने में एएसपी पवित्र मोहन त्रिपाठी व नायब तहसीलदार संग्राम सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें सरयुपुरवा निवासी मोहम्मद सिद्दीकी ने जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया। मोतीपुर थाने में तहसीलदार अम्बिका चौधरी, मुर्तिहा में नायब तहसीलदार महबूब अंसारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ।

रिसिया में थानाध्यक्ष शैलेश सिंह की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में आठ शिकायती पत्र आए, जिसमें एक का निस्तारण मौके पर किया गया। मटेरा में नायब तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा व थाना प्रभारी परमानंद तिवारी शिकायतें सुनी। बौंडी में थाना प्रभारी अंजनि कुमार राय ने शिकायतें सुनीं। रुपईडीहा में तहसीलदार प्रदुम्न पटेल व थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने शिकायतें सुनीं।



रानीपुर थाने में समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम सदर व एएसपी नगर। -संवाद

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों ने सुनीं समस्याएं

# प्रभारी चिकित्साधिकारी पर चिकित्सक को पीटने का केस

जरवलरोड (बहराइच)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडेय पुरवा में एक चिकित्सक ने प्रभारी चिकित्सक पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने गाली-गलौज व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभद्र व्यवहार व थप्पड़ जड़ने का लगाया आरोप

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडेयपुरवा पर तैनात चिकित्सक डॉ. अब्दुल बारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग अवस्थी पर उनके साथ अभद्र व्यवहार व थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। डॉ. बारी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए तहरीर दी है। डॉ. बारी का आरोप है कि उन्हें मुस्लिम होने के नाते प्रताड़ित किया जा रहा है। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि डॉ. अब्दुल बारी की तहरीर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग अवस्थी के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

हिन्दुस्तान

## साइबर अपराधों से बचाव स्कूली पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनेगा

# यूपी में दो माह के भीतर 57 साइबर थाने खुलेंगे: योगी

**योजना**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइबर अपराधों पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए पुलिस को हर स्तर पर साधन मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हर जिले में साइबर क्राइम थाने की स्थापना की जाए और हर थाने में साइबर सेल बनाई जाए।

**पुलिस लाइंस में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने:** वह शनिवार को साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 18 रेंज मुख्यालयों पर संचालित साइबर क्राइम पुलिस थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाए और वर्तमान में जिला स्तर पर संचालित साइबर सेल को आगे बढ़ाते हुए हर थाने में साइबर सेल गठित किया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के बाद अगले दो महीने के भीतर प्रदेश में 57 नए साइबर क्राइम थानों की स्थापना होगी, जबकि हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क के अलावा अब साइबर सेल भी क्रियाशील होगा। सभी साइबर क्राइम थाने स्थानीय पुलिस लाइंस में स्थापित किए जाएंगे।



**18** रेंज मुख्यालय पर अभी साइबर क्राइम थाने संचालित हो रहे हैं

**75** जिलों तक इन साइबर क्राइम थानों का विस्तार करने की तैयारी

**जागरूकता सबसे जरूरी** साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता सबसे अहम माध्यम है। हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में इसे शामिल करना चाहिए। इसके अलावा बीएसए व डीआईओएस को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाए।

**हर जिले से पांच पुलिस अफसरों की होगी ट्रेनिंग:** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। आज कस्टमर केयर फ्रॉड, पेंशन फ्रॉड, बिजली बिल फ्रॉड, वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड, सेक्स्टॉर्सन फ्रॉड, लोन एप फ्रॉड, पार्सल फ्रॉड, फ्रेंचाइजी फ्रॉड, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट फ्रॉड व पॉन्जी स्कीम फ्रॉड के मामले देखने को मिल रहे हैं। आम आदमी इसका सीधा शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए हमें हर स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी। मुख्यमंत्री ने जागरूकता सामग्री तत्काल तैयार कर इसे क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं, साइबर अपराधों के अन्वेषण व विवेचना के लिये पुलिस बल के विधिवत प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले से पांच पुलिस अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए।

# प्रभारी चिकित्साधिकारी पर मारपीट करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

जासं, बहराइच : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडेयपुरवा में तैनात चिकित्सक ने प्रभारी चिकित्साधिकारी पर गाली देने व मरीजों के सामने पिटाई कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित चिकित्सक की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

पांडेयपुरवा पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अनुराग अवस्थी पर अस्पताल में तैनात चिकित्सा अधिकारी डा. अब्दुल बारी ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा है। आरोप है कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी किसी न किसी बहाने से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। कई बार अनदेखा किया, लेकिन 19 जुलाई को डा. अनुराग ने अस्पताल के सभी कर्मचारियों एवं मरीजों के सामने गालियां दीं। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड ददन सिंह ने बताया कि डा.अब्दुल बारी की तहरीर और अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.अनुराग अवस्थी के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# बाइक के साथ दबोचा

बहराइच : रामगांव पुलिस ने अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया। एसओ अमितेन्द्र कुमार ने बताया कि इस दौरान हमीरपुर खैरटिया गांव निवासी सल्लू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार जेल भेज दिया। (संसू)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-27-08-2023

# 48 में से मौके पर निपटे सिर्फ सात मामले



सोनवा थाने में समाधान दिवस पर समस्याएं सुनतीं एसपी। -संवाद

**श्रावस्ती।** समाधान दिवस में शनिवार को दर्ज हुए 48 मामलों में से सिर्फ सात मामले ही मौके पर पक्षकारों की सहमति के आधार पर निपटाए जा सके। बाकी मामले संबंधित विभागों को तय समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराने को कहा गया। सोनवा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। यहां दर्ज हुए तीन मामलों में से दो राजस्व से संबंधित रहे। गिलौला में एएसपी प्रवीण कुमार यादव की मौजूदगी में हुई सुनवाई में पांच, सिरसिया थाने में पांच, इकौना में नौ व नवीन माडर्न थाना में पांच शिकायतें निस्तारण को आईं। इसी तरह हरदत्त नगर गिरंट में छह, मल्हीपुर में पांच व भिनगा कोतवाली में दस मामले दर्ज हुए। -संवाद

# महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति व ऑपरेशन डिकॉय अभियान के तहत पुलिस ने किशोरियों व महिलाओं को महिला अपराध से बचने के लिए जागरूक किया। शनिवार को शक्ति मोबाइल टीम ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के नरैनापुर, वीरगंज बाजार, ऐंठा व नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के सीआरबी इंटर कॉलेज में छात्राओं व युवतियों को वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला अधिकार के लिए बने कानून व नियमों सहित साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर पंपलेट बांटा। (संवाद)

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** नवीन मार्डन थाना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मरवतिया पुल के पास से एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कल्याणपुर के मजरा पटना कोठार निवासी रवींद्र पांडे पुत्र ठाकुर प्रसाद पांडे के रूप में हुई। संवाद

# चरस के साथ एक गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस कटरा के थानाध्यक्ष रामसजीवन निषाद ने शनिवार को कटरा बाईपास चौराहे से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान इकौना थाना क्षेत्र के रमवापुर डकाही निवासी ज्ञानेंद्र पांडे उर्फ रामफूल के तौर पर हुई। (संवाद)

# जीतेंद्र रहे अव्वल, रामसजीवन निषाद को मिला दूसरा स्थान


जीतेंद्र कुमार सिंह


रामसजीवन निषाद

संसू, श्रावस्ती : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का आकलन करने के लिए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम से जनता से आनलाइन पोल कराया। आइजीआरएस, एफआइआर फीडबैक, एक्स पर डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामलों में सोनवा प्रभारी निरीक्षक को तीसरी बार पहला स्थान मिला।

आइजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने जुलाई में पांच स्तंभों पर आनलाइन पोल कराया। इसमें 80.54 फीसद अंक प्राप्त कर प्रभारी निरीक्षक सोनवा जीतेंद्र कुमार सिंह ने तीसरी बार जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रभारी निरीक्षक नवीन मार्डन श्रावस्ती रामसजीवन निषाद 79.98 फीसद अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। प्रभारी निरीक्षक गिलौला उमेश सिंह 78.10 फीसद अंक के साथ तीसरे, प्रभारी निरीक्षक भिनगा निर्भय नारायण सिंह 76.20 फीसद अंक प्राप्त कर चौथे, प्रभारी निरीक्षक हरदत्तनगर इंद्रसेन सिंह 75.41 फीसद अंक प्राप्त कर पांचवे, प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर 74.92 फीसद अंक हासिल कर छठवें, प्रभारी निरीक्षक विशुनदेव पांडेय 74.32 फीसद अंक हासिल कर सातवें, प्रभारी निरीक्षक इकौना महिमानाथ उपाध्याय 69.04 फीसद अंक पाकर आठवें व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सुरेंद्र कुमार शर्मा 67.93 फीसद अंक प्राप्त कर नौंवे स्थान पर रहे। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि सभी प्रभारियों की निष्पक्ष व पारदर्शी कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लापरवाही करने वालों की मानीटरिंग की जा रही है।

उप्र
Advertis
Ut
on Dep
Sr. No. | Desi
01 | As
*Interes
attested
mention

# चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट

**संसू, भिनगा(श्रावस्ती) :** भंगहा बाजार में शुक्रवार की देर शाम चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जमकर लात-घूंसे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे भंगहा के ग्राम प्रधान संजय कुमार पांडेय अपने घर से काली मंदिर रहे थे। इसी दौरान पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर भंगहा बाजार निवासी सजन सोनी व उनके पुत्र उन्हें गालियां देने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो पिता-पुत्र ने उन पर हमला कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर भिनगा कोतवाली चली आई। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन-तीन लोगों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की है।

# चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शनिवार को नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती के थानाध्यक्ष राम सजीवन निषाद पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मरवटिया पुल से एक आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया। चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान रविंद्र पांडेय पुत्र ठाकुर प्रसाद पांडेय निवासी पटना कोठार के रूप में हुई।

# 48 शिकायतों में मात्र सात का निस्तारण

## थाना दिवस



सोनवा थाने में शिकायत सुनतीं एसपी प्राची सिंह।

**श्रावस्ती।** शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनीं। इस दौरान कुल 48 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से सात का मौके पर निस्तारण किया गया।

सोनवा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान यहां कुल तीन प्रार्थना पत्र मिले। एसपी ने कहा कि थाना दिवस में जो भी शिकायत मिले उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर बिना किसी भेदभाव के शिकायतों का निस्तारण किया जाय। गिलौला थाने में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने लोगों की शिकायत सुनी। यहां पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से एक का निस्तारण किया गया। सिरसिया में क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे की ओर से जनसुनवाई की गई। प्राप्त पांच शिकायतों में से एक का, इकौना व श्रावस्ती थाने में क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार ने लोगों की शिकायत सुनी। हरदत्त नगर गिरंट में जमुनहा सीओ सतीश कुमार शर्मा ने लोगों की शिकायत सुनी। सभी थानों में कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से कोतवाली भिनगा में दो तथा सिरसिया, सोनवा, इकौना, गिलौला, नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती में एक-एक शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# 48 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण

## शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के दिए गए निर्देश



नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादी की शिकायत सुनते सीओ संतोष कुमार ( दाएं से दूसरे ) • जागरण

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 48 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से सात का निस्तारण किया गया। एसपी प्राची सिंह ने नवीन मार्डन श्रावस्ती व सोनवा थाने में शिकायतें सुनीं। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें और उन्हें समय सीमा के अंदर निस्तारित कराएं।

एसपी ने कहा कि भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध करें। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करे। छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें। भिनगा कोतवाली में 10 शिकायतें आईं। इनमें से दो का निस्तारण हो सका। सिरसिया में पांच में एक, इकौना में नौ में से एक, नवीन मार्डन श्रावस्ती में पांच में से एक, सोनवा में तीन में एक, गिलौला में पांच में से एक शिकायत निस्तारित की गई। मल्हीपुर में पांच व हरदत्तनगर गिरंट थाने में छह शिकायत आई। यहां एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

### सात दिन में निस्तारित करें शिकायतें : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने भिनगा कोतवाली में भिनगा, सिरसिया, महिला थाना व अपराध शाखा की अपराध समीक्षा की। इस दौरान भिनगा कोतवाली की 73, सिरसिया की 31, महिला थाने की 21 व अपराध शाखा की एक विवेचना लंबित मिली। उन्होंने साक्ष्य संकलन कर सात दिन में शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक व विवेचकों को निर्देश दिए।